


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- 31 मार्च से पहले नक्सल का सफाया तय - 12



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- नीतिगत स्थिरता का सिद्धांत बजट का आधार - 12



अमेरिकी सांसद बोले- ऐसा लगता है जैसे डलास में नहीं आप पाकिस्तान में - 13



उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड नेपाल को चार रन से हराया - 14

आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.49
सूर्यास्त 05.57


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 9 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 176, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## सड़कों पर उतरा इतिहास



नई दिल्ली में रविवार को 59वीं स्टेट्समैन विंटेज और क्लासिक कार रैली आयोजित की गई। रैली में 1906 की शानदार रेनो से लेकर 1938 की मर्सिडीज और एडलर तक की दुर्लभ मशीनों का जमघट लगा। शहर के बीचों-बीच से जब ये विंटेज गाड़ियां गुजरीं, तो इंजनों की विशिष्ट गूंज और सड़कों पर उनकी शानदार चाल किसी लयबद्ध संगीत की छटा बिखेर रही थी। ● एजेंसी

## अगर संघ कहेगा तो पद छोड़ने के लिए तैयार हूं : भागवत

मुंबई, एजेंसी

- आरएसएस के शताब्दी समारोह में संघ प्रमुख ने किया संवाद
- कहा- संगठन ने उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अगर संघ उन्हें पद से हटने के लिए कहेगा तो वह इस्तीफा दे देंगे और इस संगठन ने ही उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने के लिए कहा है। भागवत ने यह भी कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति हमेशा एक हिंदू ही होगा, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो और शीर्ष पद सबसे योग्य उम्मीदवार को ही दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख ही संघ प्रमुख की नियुक्ति करते हैं। वह आरएसएस शताब्दी समारोह में उपस्थित लोगों के साथ एक संवादात्मक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने 75 वर्ष पूरे कर लिए और मैंने आरएसएस को इसकी सूचना भी दे दी थी, लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा। जब भी आरएसएस मुझसे पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से सेवानिवृत्ति कभी नहीं होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस प्रमुख को हिंदू होना चाहिए चाहे उसकी जाति कोई भी हो।




### जाति का अस्तित्व अब राजनीतिक उद्देश्यों, स्वार्थी हितों के लिए

मुंबई। भागवत ने कहा कि जाति का अस्तित्व अब काफी हद तक स्वार्थी हितों और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए है, क्योंकि इसका पारंपरिक व्यवसाय आधारित आधार लुप्त हो गया है। भागवत ने जाति आधारित संघर्षों से निपटने के लिए संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कहा कि नेता जाति के नाम पर वोट मांगते हैं, क्योंकि जातिगत पहचान समाज में गहराई से समाई हुई है। उन्होंने कहा, नेता विचारधारा से नहीं, बल्कि चुनावी हितों से प्रेरित होते हैं। जाति का अस्तित्व अब काफी हद तक स्वार्थी हितों और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए है, क्योंकि जाति का पारंपरिक व्यवसाय आधारित आधार बहुत पहले ही लुप्त हो चुका है।

### यूसीसी का निर्माण आम सहमति से हो इससे मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए

मुंबई। भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का निर्माण सभी को विश्वास में लेकर किया जाना चाहिए और इससे मतभेद नहीं पैदा होने चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या आरएसएस के लिए अच्छे दिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद आए, भागवत ने कहा कि मामला इसके विपरीत था। कहा कि संघ अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध रहा और उसका समर्थन करने वालों को इसका फायदा मिला। हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर को 'भारत रत्न' से अलंकृत किए जाने की लंबे समय से जारी मांग पर भागवत ने कहा कि अगर उन्हें (सावरकर को) यह सम्मान प्रदान किया जाता है, तो इसकी प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### मैनपुरी में 13 वर्षीय क्रिकेट खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मौत

मैनपुरी। मैनपुरी जिले के बिछ्वां थाना क्षेत्र में रविवार को क्रिकेट खेलते समय 13 वर्षीय छात्र विराट सिंह की अचानक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सहारा गांव निवासी सोमेंद्र सिंह का पुत्र विराट मैच खेल रहा था। गेंदबाजी के दौरान उसके हाथ में अचानक तेज दर्द उठा और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। कुछ ही देर में वह बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक तौर पर हृदयाघात की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विराट अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।

### एपस्टीन मामला: ब्रिटेन के पीएम के चीफ ऑफ स्टाफ ने इस्तीफा दिया

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के चीफ ऑफ स्टाफ ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों के बावजूद अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर विवाद के बीच रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने कहा कि 2024 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त करने का निर्णय गलत था और वह स्टॉर्मर को ऐसा करने की सलाह देने के लिए पूरी जिम्मेदारी लेते हैं।

## मलेशिया में मोदी बोले- आतंकवाद पर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड और न कोई समझौता

### प्रधानमंत्री ने कहा-दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध

- कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत-मलेशिया ने 11 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने रविवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद मोदी ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए एक रूपरेखा समझौते सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कुल 11 समझौतों और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे। मोदी और इब्राहिम दोनों ने व्यापार निस्तारण के लिए स्थानीय मुद्राओं - भारतीय रुपया और मलेशियाई रिंगिट के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने भारत-मलेशिया संबंधों को विशेष बताते हुए कहा, हम रणनीतिक विश्वास के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा, हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं। मोदी ने मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के भारत के निर्णय की भी घोषणा की। अपने संबोधन में इब्राहिम ने भारत की आर्थिक वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि अगर उनका देश भारत के साथ सहयोग के और अधिक तरीके एवं अवसर तलाश सके तो उसे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा, यह (भारत की आर्थिक वृद्धि) अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और व्यापार के क्षेत्र में एक शानदार उन्नति है। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करने के निर्णय को उल्लेखनीय बताया। वार्ता के दौरान मलेशिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत किया जाएगा, साथ ही दोनों पक्ष रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीईओ फोरम में हुई चर्चाओं ने व्यापार और निवेश के नए अवसर खोले हैं। मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत के रुख और इस क्षेत्र में 10 देशों के समूह वाले आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) की केंद्रीय भूमिका पर भारत के दृढ़ विचारों का उल्लेख किया। (संबंधित देश-विदेश पर)



समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान के दौरान मोदी और उनके समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### विकास के इंजन के रूप में उभर रहा हिंद-प्रशांत

उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है। भारत आसियान के साथ मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। मलेशिया जैसे मित्र देशों के सहयोग से भारत आसियान के साथ अपने संबंधों को और अधिक विस्तारित करेगा। हम इस बात से सहमत हैं कि आसियान-भारत व्यापार समझौते (आईटीआईजीए) की समीक्षा शीघ्रता से पूरी की जानी चाहिए। मोदी ने कहा कि उन्होंने और इब्राहिम ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा, वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया के बीच बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम इस बात से सहमत हैं कि आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेंगे और आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।



जिला अस्पताल में घटना की जानकारी लेती डीएम हर्षिता माथुर।

## कार ने नौ युवतियों को रौंदा, चार की मौत

रायबरेली (जगतपुर),

- पांच गंभीर रूप से घायल, भंडारे से घर लौट रही थीं युवतियां
- रायबरेली की चूली गांव के पास गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के चूली गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर भंडारे से वापस जा रही युवतियों को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने रौंद दिया, जिसमें चार की मौत हो गई। पांच गंभीर रूप से घायल हो गईं।

रविवार को चूली गांव में हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना थी। जिसमें भंडारा का आयोजन किया गया था। कोडर गांव के रहने वाली हिमांशी(22) व शालिनी (20) व साधना (12) पुत्री जंग बहादुर, रश्मि (15) पुत्री राम रतन (15) भंडारा खाकर वापस पैदल लौट रही थी। उनके साथ छह और युवतियां गंगा एक्सप्रेस-वे के रास्ते अपने घर को लौट रही थीं। इसी दौरान लालगंज की तरफ जा रही एक कार युवतियों को रौंदते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल युवतियों को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही हिमांशी व शालिनी की मौत हो चुकी थी।

साधना व रश्मि की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। घायल आसमा पत्नी विदेश को सीधे जिला अस्पताल लाया गया, जहां रश्मि और आसमा की मौत हो गई। सीओ अरुण कुमार नौहवार का कहना है कि अभी तक सड़क हादसे में चार की मौत हो चुकी है। गंभीर रूप से घायल पांच युवतियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## बजट सत्र आज से, राज्यपाल के अभिभाषण पर हंगामे के आसार



बजट सत्र शुरू होने के पूर्व सर्वदलीय बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी।

- सत्र के पहले दिन राज्यपाल संयुक्त सदन में रखेंगी सरकार की उपलब्धियां
- एसआईआर के साथ एनकाउंटर व महंगाई बेरोजगारी पर विपक्ष का आक्रामक रुख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ होगी, लेकिन पहले ही दिन सदन में हंगामे के आसार हैं। सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी दलों से शांतिपूर्ण और सार्थक कार्यवाही का आग्रह किया, वहीं विपक्षी दल सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने की तैयारी में हैं।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दोपहर 12:30 बजे अभिभाषण देंगी। अभिभाषण में बुनियादी ढांचा, निवेश, कानून-व्यवस्था, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किए जाने की संभावना है। हालांकि विपक्ष के तेवर तीखे नजर आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने एसआईआर, एनकाउंटर, महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, किसानों की समस्याएं, बिजली दरों में बढ़ोतरी की आशंकाओं और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने पार्टी विधायकों की बैठक में साफ संकेत दिए हैं कि सत्र में सरकार को इन मुद्दों पर कठघरे में खड़ा किया जाएगा। ऐसे में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान ही नारेबाजी व विरोध की स्थिति बन सकती है। उधर, सर्वदलीय बैठक में विस अध्यक्ष महाना और नेता सदन योगी ने सभी दलों से सदन संचालन में सहयोग की अपील की।

### मुद्दों पर गंभीर और स्वस्थ बहस होनी चाहिए : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में सभी दलों से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सदन लोकतांत्रिक चर्चा का सबसे महत्वपूर्ण मंच है, जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीर और स्वस्थ बहस होनी चाहिए। विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वे जनहित के सवाल सदन में रखें और सकारात्मक चर्चा के माध्यम से प्रदेश के विकास को गति देने में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही में अनावश्यक व्यवधान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित होती है, इसलिए सभी सदस्यों को संसदीय मर्यादा का पालन करना चाहिए।

## रूसी तेल की खरीद में कटौती करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- ट्रंप की ओर से 25% दंडात्मक शुल्क रद्द किए जाने के बाद नई दिल्ली दिखा रहा प्रतिबद्धता

अमेरिका के साथ व्यापार शुल्कों में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे। यह कदम नई दिल्ली की उस प्रतिबद्धता के बाद उठाया गया है, जिसमें रूस से तेल आयात रोकने की बात कही गई है। हालांकि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई निर्देश नहीं मिला है, लेकिन उन्हें अनौपचारिक रूप से मॉस्को से खरीद कम करने की सलाह दी गई है।

## पीएनबी के पांच अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

- नोएडा के एक होटल व्यापारी की 60 करोड़ की संपत्ति हड़पने की थी साजिश अदालत के आदेश के बाद हुआ मुकदमा

**नोएडा।** नोएडा-सेक्टर 49 में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पांच अधिकारियों के खिलाफ 60 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक होटल व्यापारी की याचिका पर अदालत के आदेश के बाद यह मुकदमा दर्ज किया गया।

थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि शनिवार रात को नोएडा सेक्टर-47 निवासी होटल कारोबारी अनिल बब्बर (66) की शिकायत पर बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रविंद्र कुमार पांडे, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिया रंजन, शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह बिष्ट, जोनल हेड एसएन दुबे और एमसीसी हेड मनीष कश्यप के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसने 2013 में हरिद्वार स्थित पीएनबी की एक शाखा से होटल खरीदने और संचालन के लिए 9.5 करोड़ रुपये का 'टर्म लोन' लिया था और उस समय नौ प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर तय हुई थी। उन्होंने 2016 तक 13 करोड़ बैंक को चुका दिया लेकिन हैरानी तब हुई, जब बैंक ने अचानक ब्याज दर नौ से बढ़ाकर 15% कर दी और उन पर पांच करोड़ का अतिरिक्त बकाया दिखा दिया। पीड़ित ने बताया कि उनके होटल की वर्तमान बाजार कीमत 60 करोड़ है लेकिन अधिकारियों ने संपत्ति का मूल्यांकन केवल 23 करोड़ रुपये दिखाया। सरफेसी एक्ट की आड़ में 60 करोड़ की संपत्ति को अपने किसी चहेते के नाम पर केवल 20 करोड़ रुपये में नीलाम करने की तैयारी कर रहे हैं।

साक्षात्कार | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा- समझौते में कृषि और घरेलू उद्योगों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल

## किसानों की मदद करेगा अमेरिका से व्यापार समझौता : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में किसानों और घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अंततः हमारे किसानों की मदद करेगा।

गोयल ने कहा कि भारतीय किसान पहले से ही 50-55 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि और मछली उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। भारतीय सामानों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा क्योंकि उन पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा, जबकि प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन पर 35 प्रतिशत तक शुल्क लगता है और अन्य देशों पर 19 प्रतिशत से अधिक शुल्क लागू है। उन्होंने एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत- यूरोपीय संघ व्यापार समझौते से संबंधित बड़ी संख्या में दस्तावेजों के साथ वह मंत्रिमंडल में गए थे। उन्होंने कहा, अभी कई मुद्दे हैं जिन्हें शामिल किया जाना बाकी है। यह दोनों पक्षों के लिए लागू होता है। मुझे यकीन है कि अगर हम उनके बाजार में बहुत अधिक उत्पाद भेजेंगे तो अमेरिका भी अपने हितों की रक्षा करना चाहेगा। यह किसी भी बातचीत का सामान्य परिणाम है। उन्होंने कहा, यह अभी प्रक्रिया में है। सुरक्षा उपाय हमेशा मौजूद रहते हैं। यदि कोई यह बताने की कोशिश कर रहा है कि यह दो-पृष्ठीय संयुक्त बयान में शामिल नहीं है, तो वह लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। अभी भी कई बातों में स्पष्टता की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका दोनों ही कुछ विशिष्ट उत्पादों को लेकर संवेदनशील हैं और उन उत्पादों के लिए दोनों पक्षों ने सुरक्षा उपाय रखे हैं। उन्होंने कहा, हमने इन सभी की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली है।



### गोयल बोले- सीमित कृषि आयात होगा अगर कुछ देंगे नहीं तो लेंगे कैसे

गोयल ने यह भी बताया कि भारत ने डेयरी उत्पादों, आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों, मांस, मुर्गी पालन, सोया मील और मक्का पर किसी भी प्रकार की शुल्क छूट नहीं दी है। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ दालें और फलियां हैं, जिन्हें भारत आयात करता है, और उनके लिए हमने सीमित रूप में बाजार पहुंच प्रदान की है। उन्होंने कहा, अंतत:, यह लेनदेन का मामला होना चाहिए। इसलिए, अगर मैं कुछ नहीं दूंगा तो मैं अमेरिका में अपने किसानों के लिए बाजार कैसे खोलूंगा।

### सभी हितधारकों में सबसे बड़ा ग्राहक उसे सस्ता मिले तो हर्ज क्या

मंत्री ने कहा कि भारत ने अपने क्षेत्रों को बहुत ही सुनियोजित तरीके से खोला है। सूखे मेवों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत लगभग साढ़े तीन अरब डॉलर के सूखे मेवे आयात कर रहा है और उसमें से एक अरब डॉलर पहले ही अमेरिका से आ रहा है। उन्होंने कहा, अगर यह अमेरिका से आता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। इससे उपभोक्ताओं को लाभ होता है। वैसे भी, सभी हितधारकों में सबसे बड़ा हितधारक ग्राहक है, यानी 1.4 अरब भारतीय। यदि उन्हें कुछ सस्ता मिलता है तो इसमें क्या हर्ज है।

## न्यूज ब्रीफ

### गोशालाएं बनेंगी कैटल फूड सिक्योरिटी हब

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की गोशालाओं को अब केवल गोवंश संरक्षण तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें कैटल फूड सिक्योरिटी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। योगी सरकार की इस पहल के तहत प्रदेश की करीब 7500 गोशालाओं और आसपास के क्षेत्रों को हरा चारा उत्पादन के मजबूत केंद्र में बदला जाएगा। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार "मिशन फॉडर" के तहत हर गोशाला को 50 से 100 किसानों के नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इससे चारा उत्पादन, आपूर्ति और विपणन की संगठित व्यवस्था बनेगी। किसान हरा चारा उगाकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकेंगे, वहीं गोशालाओं को नियमित और पौष्टिक चारा उपलब्ध होगा।

### कांग्रेस रैली में केंद्र पर साधा निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नमामी गंगा योजना के नाम पर हजारों करोड़ खर्च कर दिए, फिर भी मां गंगा को पहले से ज्यादा प्रदूषित है। इस दौरान युवा शक्ति को आह्वान किया गया कि वह बांटो और राज करो वाली भाजपा की सत्ता को हटाने के लिए एकजुट हों। कांग्रेस द्वारा रविवार को बनारस में संविधान संवाद रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश का विकास थम गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा की हार तय है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जब भाजपा घबराती है तो हिन्दू-मुसलमान का राग अलापने लगती है। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सांसद उज्जवल रमण ने कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्याय के खिलाफ बोलने नहीं दिया जा रहा है। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि कांग्रेस गांव और मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ रही है।

### अफीम तस्करी में पति पत्नी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्तों के पास से 63 लाख रुपए की अफीम और हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से नशीले पदार्थों की तस्करी होने की जानकारी मिल रही थी। इसके लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को लगाया तो पति-पत्नी द्वारा तस्करी करने की जानकारी मिली। पुलिस ने लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित गऊघाट दौलतगंज से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त श्रवण कुमार निषाद और उसकी पत्नी मीना देवी निवासी गऊघाट दौलतगंज हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों के पास से 310 ग्राम हेरोइन और 135 ग्राम अफीम बरामद हुई। दोनों अभी हाल में ही जेल से जमानत पर छूटे हैं।

### छोटे शहरों में भी राही टूरिस्ट लॉज का निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) विभिन्न जिलों में राही टूरिस्ट लॉजों का निर्माण और पुराने लॉजों का नवीनीकरण करा रहा है। पर्यटन विभाग प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 11 नए राही टूरिस्ट लॉज और बंगलों का निर्माण करा रहा है, जिन्हें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इनमें मथुरा के गोकुल, आगरा के बटेश्वर, कासगंज के सोरों और सीतापुर के साथ प्रतापगढ़, औरैया, बदायूं और शामली जैसे छोटे शहर शामिल हैं।

# कमजोर आय और धीमे खर्च से कई विभागों की योजनाएं अटकीं

## फिर बड़ा बजट पेश करने को लेकर सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी, आधा भी खर्च नहीं हुआ बजट, मात्र 50 दिन शेष

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य की कमजोर आय और बजट के धीमे खर्च से कई विभागों की योजनाएं अटक गई हैं। वित्तीय सत्र समाप्त होने में 50 दिन शेष हैं, जबकि बजट आधा भी खर्च नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों और मुख्य सचिव समेत शासन की पूरी टीम को अपने-अपने विभाग का केंद्र से बचे धनावंटन समेत उपलब्ध धन को शत-प्रतिशत खर्च करन के सख्त निर्देश दिए हैं। ऐसे में 11 फरवरी को सदन में फिर बड़ा बजट पेश करने पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की जबरदस्त तैयारी की है।



आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पिछले साल 20 फरवरी को 808736 करोड़ का करोड़ के आम बजट के बाद मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र में दो बार अनुपूरक बजट के जरिए कुल 8,65,079.46 करोड़ रुपये के बजट सदन से पास कराया। लेकिन इसमें से अबतक केवल 4,70,835.97 करोड़ रुपये (करीब 54.42 प्रतिशत) ही विभागों को जारी किए गए। जारी राशि में से भी लगभग 4,28,495.95 करोड़ रुपये यानी करीब 91 प्रतिशत ही खर्च हो पाए हैं। यानी सरकार का बड़ा हिस्सा अब भी खजाने में ही पड़ा है, जबकि कई विभागों में योजनाएं धन के अभाव में धीमी बताई जा रही हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब मौजूदा बजट ही पूरी तरह खर्च नहीं हो पा रहा, तो नए रिकॉर्ड आकार के बजट का क्या व्यावहारिक लाभ होगा।

सूत्रों के अनुसार, आगामी बजट का आकार पिछले साल से करीब पौने एक लाख करोड़ रुपये और बढ़ाने की तैयारी है। चुनावी साल के मद्देनजर इसमें कई लोकलुभावन घोषणाओं और नई योजनाओं की संभावना भी जताई जा रही है। इधर, बजट खर्च की धीमी गति को लेकर मुख्यमंत्री ने हाल में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सख्त रुख अपनाया था। विभागों के कम खर्च पर नाराजगी जताई, तो अफसरों ने कई योजनाओं में दिल्ली से केंद्रीय अंश का धनावंटन न होने की बात कही। मुख्यमंत्री ने संबंधित मंत्रियों, मुख्य सचिव और विभाग के प्रमुखों को निर्देश दिए कि खुद दिल्ली जाकर पैरवी करें और 31 मार्च तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा कराएं। अब 50 दिन शेष बचे हैं, ऐसे में स्वीकृत बजट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करके जवाबदेही से बचना आसान नहीं है।

**बजट का लेखा जोखा (2025-26)**
- कुल स्वीकृत बजट : 8,65,079.46 करोड़ रुपये
- विभागों को जारी : 4,70,835.97 करोड़ रुपये (54.42%)
- जारी राशि में से खर्च : 4,28,495.95 करोड़ रुपये (91%)

**कम आवंटन वाले प्रमुख विभाग**
- नमामि गंगे : 39.11%
- परिवहन : 42.60%
- सिंचाई : 45%
- नगर विकास : 47.22%
- आवास : 52.33%
- ग्रामीण विकास : 59.58%
- पंचायतीराज : 59.71%

**बेहतर खर्च करने वाले विभाग**
- भत्ते व पेंशन : 100%
- पुलिस व होमगार्ड : 80–95%
- शिक्षा विभाग : 85% से अधिक खर्च

**लक्ष्य से पीछे आय**
- जनवरी तक कुल आय : 1,78,556.43 करोड़ रुपये
- आय का लक्ष्य : 2,40,980.67 करोड़ रुपये
- लक्ष्य के मुकाबले प्राप्ति : 74.1%

**जीएसटी व वैट में खास बढ़ोत्तरी नहीं**
- जनवरी 2026 जीएसटी : 7,161.95 करोड़
- जनवरी 2025 जीएसटी : 7,167.29 करोड़
- जनवरी 2026 वैट : 2,816.47 करोड़
- जनवरी 2025 वैट : 2,797.32 करोड़

# युवाओं-महिलाओं के नाम जोड़ने को विशेष अभियान

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर सीईओ ने की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18–20 आयु वर्ग के युवाओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण पर जोर
- 15 दिन का अभियान चलाने के नवदीप रिणवा ने दिए निर्देश

**अमृत विचार:** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत पात्र युवाओं और महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि नवविवाहित महिलाओं व किशोरियों के नाम जोड़ने को चलेगा 15 दिन का अभियान चलाएं।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा

वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपजिला निर्वाचन अधिकारी समेत विकास, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, माध्यमिक व उच्च शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और नगर विकास विभाग के अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। सीईओ ने निर्देश दिया कि 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए, जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके लिए माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग को विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित सभी शिक्षण संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। वहीं जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष होने वाली है, उनके लिए फार्म-6 एडवांस के रूप में भरवाया जा सकता है। उन्होंने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को शिक्षण संस्थानों में विशेष अभियान चलाकर पात्र छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल ऐप तथा बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से फार्म-6 भरवाने के निर्देश दिए।

बैठक में महिलाओं की घटती भागीदारी पर भी चिंता जताई गई। सीईओ ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 तक मतदाता सूची में प्रति हजार पुरुषों पर 877 महिलाओं का अनुपात था, जो 6 जनवरी 2026 को घटकर 824 रह गया। इसका प्रमुख कारण गणना प्रपत्र न भरने से बड़ी संख्या में महिलाओं के नाम सूची से छूटना बताया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि नवविवाहित महिलाओं और किशोरियों के नाम जोड़ने के लिए राष्ट्रीय आजीविका मिशन की महिला समूहों, आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कर्मियों और सुपरवाइजरों की मदद ली जाए। इनकी सहायता से पात्र महिलाओं से फार्म-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। सीईओ ने सभी विभागों को अगले 15 दिनों तक व्यापक अभियान चलाने, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने तथा फार्म-6 भरवाने वाले कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

**अभियान की मुख्य बातें**
- 18–20 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का विशेष पंजीकरण अभियान
- शिक्षण संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के जरिए जागरूकता
- नवविवाहित महिलाओं और किशोरियों पर विशेष फोकस
- आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी व महिला समूहों की मदद से नाम जोड़ने की पहल
- फार्म-6 ऑनलाइन, मोबाइल ऐप या बीएलओ के माध्यम से भरवाया जाएगा
- अगले 15 दिनों तक प्रदेशभर में चलेगा विशेष अभियान



लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर भाजपा विधानमंडल के सचेतक दल के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# मंत्री-विधायक तथ्यात्मक जवाब दें : योगी

## बजट सत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने सचेतक मंडल और एनडीए की बैठक में बनाई रणनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का विपक्ष के आरोपों का प्रभावी जवाब व विकास कार्यों को प्रमुखता से रखने पर जोर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बजट सत्र को लेकर भाजपा सचेतक मंडल और एनडीए की बैठक में रणनीति बनाई। मंत्रियों और विधायकों को समन्वय और तथ्यात्मक जवाब देने के निर्देश दिए। योगी ने कहा कि विपक्ष के आरोपों का प्रभावी जवाब देना है। साथ ही, विकास कार्यों को प्रमुखता से रखने पर सभी लोगों का फोकस रहना चाहिए।

सरकारी आवास पर रविवार को भाजपा विधानमंडल दल के सचेतक मंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी विधानसभा सत्र की रणनीति, विपक्ष के रुख से निपटने की तैयारी और सरकार के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने सचेतकों, मंत्रियों और विधायकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विधानसभा सत्र के दौरान सरकार की ओर से दिए जाने वाले सभी जवाब तथ्यात्मक, संतुलित और प्रभावी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में उठने वाले हर प्रश्न का गंभीरता से अध्ययन किया जाए और पूरी तैयारी के साथ उत्तर प्रस्तुत किया जाए, ताकि सरकार की छवि मजबूत हो और विपक्ष के आरोपों का सटीक जवाब दिया जा सके।

इसके साथ ही लोकभवन में एनडीए विधायकों की अलग से आयोजित बैठक को भी मुख्यमंत्री ने संबोधित किया। इस बैठक में उन्होंने गठबंधन के सभी विधायकों से कहा कि वे सदन में एकजुटता के साथ सरकार की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता पक्ष के सभी सदस्य सदन में समन्वय के साथ अपनी बात रखें और विकास कार्यों की उपलब्धियों को प्रमुखता से सामने लाएं। उन्होंने सचेतकों से अपेक्षा की कि वे सदन की कार्यवाही के दौरान पार्टी अनुशासन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं और सदस्यों को समय पर दिशा-निर्देश देते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास, कानून व्यवस्था और जनकल्याण के मुद्दों पर पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और इन्हीं विषयों को सदन में प्रमुखता से रखा जाए। बैठक में आगामी सत्र को सुचारु, उत्पादक और सकारात्मक बनाने के लिए रणनीति पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने और सरकार की उपलब्धियों को मजबूती से सदन में रखने का आह्वान किया।

### मंहगाई समेत भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाएगी सपा

- सरकार को घेरने के लिए सपा प्रमुख ने विधायकों को दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक बढ़ती मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिलाओं की सुरक्षा और अन्य सवालों तथा मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे। इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विधायकों को निर्देश दिए हैं।

सपा प्रमुख ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में विधायकों के साथ बैठक में कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। कोडीन कफ सिरप के मामले में बड़े पैमाने पर इनके लोग निकल रहे है। अपराधी जेल से भाग रहे हैं। जो भागे हैं, उनका सहयोग करने वाले बड़े-बड़े अधिकारी हैं। अपराधी इसलिए भगाये जा रहे हैं, क्योंकि सरकार के दिन अब बहुत कम बचे हैं। सब अपने-अपने स्थान सेट कर रहे हैं।



दिव्यांग खिलाड़ी वासु तिवारी को सम्मानित करते मंत्री नरेंद्र कश्यप। अमृत विचार

### स्पेशल ओलंपिक विजेता वासु सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्पेशल ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी वासु तिवारी को रविवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अपने लखनऊ स्थित आवास पर मंत्री कश्यप ने अयोध्या निवासी वासु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वासु तिवारी ने मार्च 2025 में इटली के ट्यूरिन शहर में आयोजित स्पेशल ओलंपिक स्नोशूइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 25 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया।

# छह माह बाद भी नहीं मिला चयन वेतनमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राथमिक विद्यालयों में अधिकारियों की लापरवाही से समय सीमा के 6 माह बीत जाने के बाद भी शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नियमानुसार शिक्षकों की 10 वर्ष संतोषजनक सेवा पर चयन वेतनमान का लाभ दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन लखनऊ समेत कई जिलों में ऑनलाइन चयन वेतनमान मॉड्यूल पर शिक्षकों के वेतन निर्धारण की प्रक्रिया में हो रही देरी पर शिक्षक आक्रोशित हैं।

कुछ जिलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा चयन वेतनमान संबंधी आदेश होने के बाद भी वित्त व लेखा अधिकारी स्तर पर कार्य न होने से शिक्षक बेबस है और आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

राजधानी लखनऊ सहित झांसी, एटा, सहारनपुर, रामपुर जौनपुर, हरदोई, अमरोहा, इटावा सहित कई जिलों में अधिकारियों की लापरवाही के चलते चयन वेतनमान नहीं लगे हैं। लखनऊ में तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी होने पर भी शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया। शिक्षकों की चिंता है चयन का एरियर बढ़ने से आगामी वित्तीय वर्ष इनकम टैक्स की छूट लिमिट 12 लाख 75 हजार क्रॉस हो जाएगी, जिससे उन्हें पूरा टैक्स देना होगा।

# गो-तस्कर गैंग का सरगना गिरफ्तार

## एसटीएफ ने चंदौली से दबोचा, 50 हजार का था इनाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी गो-तस्कर गैंग के सरगना को चंदौली से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने गो-तस्करी का नेटवर्क पूरे देश में फैला रखा है। उस पर विभिन्न जिलों में 14 मुकदमे कायम हैं। वह गिरफ्तारी के भय से दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद जिलों में जाकर छिप कर रह रहा था।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, प्रदेश के रामपुर जिले के थाना अजीम नगर के गांव नगलिया आकिल निवासी खलील पुत्र रफीक उर्फ रतिक कुख्यात गो-तस्कर गैंग का सरगना हैं। वह एक एक गैंग बनाकर यूपी, हरियाणा, पंजाब, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में गोवंश की तस्करी करता है। अभियुक्त के खिलाफ चंदौली, गाजियाबाद, शामली, कुशीनगर, हरदोई, रामपुर और उन्नाव जिलों के थानों में गो-तस्करी समेत अन्य अपराधों के मुकदमे दर्ज हैं। वह पिछले कई सालों से फरार चल रहा था। अदालत ने अभियुक्त के मकान की कुर्की भी कर ली है। वह पुलिस से छिप कर बिहार, हरियाणा, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता में रह रहा था।



अभियुक्त खलील

- यूपी, हरियाणा पंजाब, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल तक फैला नेटवर्क

एसटीएफ के एडीशनल एसपी लाल प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने सुरागसी की तो पता चला कि अभियुक्त खलील चंदौली जिले में गैंग के सदस्यों से मिलने आया है। टीम ने रविवार को चंदौली स्थित दिल्ली-कोलकाता हाई-वे स्थित गांव दीग्घी के मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सरकारी विभाग के उत्पीड़न से एसएचआरसी दिलाएगा न्याय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पुलिस के अलावा राजस्व, बिजली, श्रम समेत सभी विभागों के पीड़ित कर सकते हैं शिकायत : ब्रजभूषण

**अमृत विचार:** राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक ब्रजभूषण ने कहा कि आयोग बगैर एक रुपये खर्च कराए पीड़ितों को न्याय देता है। जागरूकता के अभाव में अधिकांश लोगों का मानना है कि आयोग केवल पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ ही शिकायत सुनता है, जबकि आयोग पुलिस के साथ ही राजस्व, विद्युत, श्रम, स्वास्थ्य समेत सभी विभागों द्वारा परेशान किए जा रहे लोगों को राहत दिलाने के कार्य करता है।

उन्होंने अमृत विचार को बताया कि राज्य मानवाधिकार आयोग (एसएचआरसी) एक संवैधानिक संस्था है। अगर सरकार के किसी भी विभाग में लोगों का जायज काम नहीं हो रहा है, उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है तो वह आयोग में बिना किसी हिचक के अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए पीड़ित को कोई भी धन खर्च करने की जरूरत नहीं हैं। पीड़ित व्यक्ति मेल, डाक, सादा कागज पर या फिर खुद आयोग में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी भी पैरोकार की जरूरत नहीं हैं। आयोग किसी भी पीड़ित को मुख्यालय बिना बुलाए ही न्याय दिलाता है। जरूरत पड़ने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक टीम मौके पर भेजी जाती है और गुण-दोष और साक्ष्यों के आधार पर त्वरित न्याय प्रदान किया जाता है। एसएचआरसी के सदस्य ने बताया कि पीड़ितों उनके आवास के पास ही न्याय मिल सके, इसके लिए मंडल मुख्यालयों पर जाकर भी आयोग सुनवाई करता है।

### केंद्रीय सहायता के लिए शाही ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में दलहन उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को केंद्र सरकार का मजबूत सहयोग मिला है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दलहन उत्पादन को प्रोत्साहन के लिए 125 करोड़ रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए जाने के निर्णय का प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्वागत किया। उन्होंने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री के प्रति आभार जताया। प्रदेश के कृषि मंत्री ने रविवार को बताया कि उप्र. देश के शीर्ष दलहन उत्पादक राज्यों में शामिल है।



**मिशन 2027** | ब्राह्मण, क्षत्रिय, ओबीसी नेताओं के बाद बड़े मुस्लिम नेताओं को जोड़ने की रणनीति

# सर्वजन समीकरण साधने की कवायद में बसपा

पद्माकर पांडेय, लखनऊ

- 2007 की तरह सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के नारे पर बढ़ रही बसपा

**अमृत विचार:** वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा ने अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी प्रमुख मायावती एक बार फिर 2007 के चुनाव में कारगर रहे "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के नारे के साथ मैदान में उतरने की रणनीति पर काम कर रही हैं। इस क्रम में कोर वोट बैंक के साथ सवर्ण और अन्य वर्गों को जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गई है।

मायावती ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चुनाव में अधिक समय शेष नहीं है, ऐसे में सभी जिम्मेदार नेता अपने-अपने जाति संवर्ग के मतदाताओं के बीच पहुंचें, बैठकें करें और बड़े स्तर पर रैलियों के जरिए पार्टी की विचारधारा को मजबूती से रखें।

बसपा नेतृत्व का मानना है कि यदि दलित-पिछड़े वर्ग के साथ ब्राह्मण, क्षत्रिय और अन्य वर्गों को साथ लाने में सफलता मिलती है तो 2027 में सत्ता की चाबी फिर बसपा के हाथ में आ सकती है। उक्त क्रम में ही पार्टी के अंदर संगठनात्मक जिम्मेदारियों में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को एक बार फिर ब्राह्मण मतदाताओं को साधने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी का आकलन है कि मौजूदा सरकार की नीतियों से ब्राह्मण समाज में असंतोष है, जिसे बसपा अपने पक्ष में ला सकती है, इसकी कोशिश करनी चाहिए।



प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल को पिछड़ा वर्ग की सभी जातियों से संवाद स्थापित कर सपा के पीडीए फार्मूले को कमजोर करने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं, पार्टी के एकमात्र विधायक उमा शंकर सिंह को क्षत्रिय समाज को पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुस्लिम मतदाताओं को लेकर बसपा ने फिलहाल पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन सोशल इंजीनियरिंग के तहत कई जिलों में मुस्लिम नेताओं को पार्टी से जोड़े जाने का सिलसिला जारी है। माना जा रहा है जल्द ही मुस्लिम मतदाताओं के लिए कोई बड़ा चेहरा पार्टी में उतारा जाएगा। हालांकि कांग्रेस का दामन छोड़ चुके पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी के अलावा अन्य तमाम मुस्लिम नेताओं का स्पष्ट रूख बसपा की ओर फिलहाल नहीं है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर"
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायण प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555


# रामलला को ज्ञापन सौंपेंगे ई-रिक्शा चालक, लेंगे उच्च न्यायालय की शरण

**रामपथ पर ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाने का मामला**

अयोध्या कार्यालय।

## ई-रिक्शा यूनियन ने लिया निर्णय, प्रतिबंध के विरोध में चौथे दिन भी अनशन जारी

## सपा, कांग्रेस व भाकपा नेता उतरे समर्थन में लगाया आरोप प्रशासन अपना रहा दोहरा मापदंड

**अमृत विचार :** रामपथ पर ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में चल रहा अनशन चौथे दिन भी जारी रहा। प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर सुनवाई न किए जाने पर रविवार को यूनियन के नेताओं ने तय किया कि अब वह रामलला को ज्ञापन सौंपकर उनसे मदद की गोहार लगाएंगे व इसके बाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर करेंगे। वहीं, रविवार को सपा, कांग्रेस व भाकपा नेता भी ई-रिक्शा चालकों के समर्थन में उतरे पर प्रशासन पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

रविवार को अनशन पर बैठे कृष्णानंद फाउंडेशन ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने कहा कि चार दिन से अनशन चल रहा है। अभी तक किसी प्रशासनिक अधिकारी ने हमारी सुध नहीं ली है। कहा कि अब तो श्रीरामलला का ही सहारा है। बताया कि रविवार को यूनियन के नेताओं व सदस्यों के साथ बैठक में तय किया कि सोमवार को श्रीरामलला को ज्ञापन सौंपकर उनके दरबार में अर्जी लगाई जाएगी, जिसके बाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल की जाएगी। इसमें बिना रजिस्ट्रेशन व बीमा के सवारी ढो रही गोल्फकार्ट का संचालन बंद करने के साथ रामपथ पर पूर्व की तरह ई-रिक्शा संचालन की अनुमति मांगी जाएगी। प्रश्न खड़ा किया कि गोल्फकार्ट जैसे वाहन को परिवहन विभाग सार्वजनिक परिवहन का साधन ही नहीं मानता है, इसलिए उसका रजिस्ट्रेशन तक नहीं होता है। नियमानुसार यह वाहन किसी विशेष क्षेत्र जैसे एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थल या किसी परिसर के अंदर ही चल सकते हैं वह भी निशुल्क। इन वाहनों को रुपये लेकर सवारी ढोने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अयोध्या धाम में यह वाहन रामपथ पर लता चौक से निषाद राज चौराहे तक रुपये लेकर सवारी ढो रहे हैं। नियमों का उल्लंघन किसकी शहर पर हो रहा है। यह सब जानते हैं। अनशन करने वालों में विकास सिंह, बबलू खान, मो आसिफ, मनोज दुबे, राजू, प्रदीप मांझी, रमेश दुबे समेत अन्य शामिल हैं।




ई-रिक्शा यूनियन द्वारा किए जा रहे अनशन में पहुंचे सपा नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय।

### यूनियन की मांगों पर विचार करे प्रशासन : पवन

सपा नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन रविवार को अनशन स्थल पर पहुंचे व ई रिक्शा यूनियन की मांगों को अपना समर्थन दिया। उन्होंने अधिकारियों से मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर समस्याओं के निदान की मांग की। कहा कि हजारों ई-रिक्शा चालक इसी की कमाई से अपने परिवार का भरन पोषण कर रहे हैं। रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक इनके संचालन पर प्रतिबंध लगने से उनके जीवन यापन पर बुरा असर पड़ रहा है। कहा कि प्रशासन को चाहिए कि कोई बीच का रास्ता निकालकर इनका रूट निर्धारण कर चलने की अनुमति दें। इस मौके पर उनके साथ श्रीचंद यादव, शक्ति जायसवाल, विजय यादव, अनिल मिश्रा, मनीष गुप्ता, वैभव गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री स्तर से घोषित रोजगार पर जिला प्रशासन का प्रहार : सूर्यकांत

अयोध्या शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक एवं भाकपा नेता सूर्यकांत पांडेय ने जिला प्रशासन पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। कहा कि रामपथ पर ई रिक्शा का संचालन बंद कराकर हजारों चालकों को बेरोजगार किया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री द्वारा घोषित रोजगार पर जिला प्रशासन का प्रहार है। कहा कि जल्द ही इसके विरोध में बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।



सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष शरद शुक्ला।

### तुगलकी फरमान से ई रिक्शा चालकों का जीवन यापन संकट में : शरद शुक्ला

**अयोध्या, अमृत विचार :** ई रिक्शा यूनियन व चालकों के समर्थन में रविवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने भी हुंकार भरी। सिविल लाइन स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के एक तुगलकी फरमान से हजारों ई रिक्शा चालक के जीवन यापन पर संकट छा गया है। कहा कि सभी ई रिक्शा चालक गरीब वर्ग से हैं, अधिकतर ने लोन लेकर ई रिक्शा खरीदा है। प्रशासन के इस आदेश से वह अब लोन की किश्त भरने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। आरोप लगाया कि अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रही गोल्फकार्ट संचालकों को लाभ पहुंचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। कहा कि राम मंदिर परिसर के आसपास रोक लगाई जाती तो यह समझ में आता है, लेकिन रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक प्रतिबंध लगाना यह समझ से परे है। प्रशासन से मांग की कि वह ई-रिक्शा चालकों के साथ बैठकर वार्ता करें व उनकी समस्याओं का निदान कराए।

# जमीन निगल गया कि आसमान खा गया...

- 10 दिन बीते, नहीं पता चल सका जिला कारागार से फरार दोनों बंदियों का
- मुंबई से बेंगलुरु फिर वहां से सूरत भागने की आशंका, ठिकाना बदल रहे आरोपी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला कारागार से फरार दो बंदियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमों ने पूरी ताकत झोंक दी है, लेकिन उनका कुछ पता ही नहीं चल रहा है। दोनों इतने शातिर हैं कि वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। साथ ही अभी तक मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। पुलिस भी हैरान है कि दोनों को जमीन ने निगल लिया या आसमान ने खा लिया।

ध्यान रहे कि 29-30 जनवरी की रात जिला कारागार की सुरक्षा में सेंध लगाकर विशेष बैरक नंबर एक की कोठरी नंबर चार में एक साथ बंद शेर अली निवासी अमेरमऊ थाना करौंदी कला जिला सुल्तानपुर व गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज निवासी मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जिला अमेठी फरार हो गए। दोनों बैरक के रोशनदान की ईंटें निकालकर बाहर निकले व जेल की दीवार तक गए। वहां बाहर लगे इमली का एक सूखा पेड़, जिसकी डाल जेल के अंदर तक आई थी, उस पर कंबल व मफलर की रस्सी बनाकर उसके सहारे बाहर निकल गए थे। मामले में जेल प्रशासन की लापरवाही पाए जाने पर डीजी जेल पीसी मीणा ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक, जेलर व डिप्टी जेलर समेत 14 अधिकारी व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था।

वहीं, फरार बंदियों की तलाश में कोतवाली नगर व एसओजी की तीन टीमें लगाई गई हैं। घटना के 10 दिन बाद पुलिस को उनका ठोस सुराग नहीं लगा है। संभावना जताई जा रही है कि दोनों अभी भी एक साथ ही हैं व लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपियों की लोकेशन मुंबई, बेंगलुरु व सूरत में मिली थी, पुलिस टीमें वहां गई भी, लेकिन कुछ खास हाथ नहीं लगा। बताया जा रहा है कि पुलिस अब दोनों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी करने व उनकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित करने की तैयारी में हैं। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।



गोलू अग्रहरि



शेर अली

### सभी कैमरे ऑनवर्क 20 की और डिमांड

नवागत जेलर प्रदीप कश्यप ने बताया कि जेल की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। गश्त बढ़ाई गई है, रोजाना बैरकों की तलाश ली जा रही है। बताया जेल परिसर में लगे सभी 52 कैमरों को दुरुस्त करा लिया गया है। इसके अलावा 20 नए कैमरों की डिमांड मुख्यालय को भेजी गई है। मुख्यालय से नौ वार्डर की तैनाती का आदेश हुआ है, जिनमें छह ने आमद करा ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### जनपदीय बेसिक खेल प्रतियोगिता आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक खेल प्रतियोगिता सोमवार से मकबरा स्थित डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चन्द ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला क्षेपण आदि स्पर्धाएं होंगी। इसमें जिले के विभिन्न विकास खण्डों सहित नगर क्षेत्र की टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता आयोजन में शिक्षकों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा।

### कला एवं मानविकी की संकायाध्यक्ष बनीं मृदुला



**पूराबाजार, अयोध्या :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास में कला एवं मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर आशुतोष सिन्हा का कार्यकाल पूरा हो गया। वरिष्ठता क्रम से चक्रानुक्रम में प्रो. मृदुला मिश्रा को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास में कला एवं मानविकी संकाय संकायाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**पूराबाजार, अमृत विचार :** महाराजगंज थाना क्षेत्र के टांडा रोड पर एक ढाबा के पास रविवार दोपहर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पौसरा का रहने वाला सूरज तिवारी पुत्र स्व. राकेश तिवारी पैदल जा रहे थे। किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायल सूरज तिवारी को सीएचसी मया बाजार ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महाराजगंज थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों को सूचना दी गई। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### 96 फीसदी अंक के साथ उत्तीर्ण की पात्रता परीक्षा



दिव्या सिंह

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में दर्शननगर की दिव्या सिंह ने असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी के लिए अर्हता परीक्षा 96.31 फीसदी अंक के साथ उत्तीर्ण की। इसके पहले भी दिव्या ने यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा लगातार दो बार पीएचडी की अर्हता के लिए उत्तीर्ण कर चुकी हैं। अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध रामनेवाज सिंह महाविद्यालय बवां, कुमारगंज से परास्नातक उत्तीर्ण करने वाली दिव्या इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता पिता को देती हैं।

### अज्ञात कारणों से निगला जहरीला पदार्थ

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के गंजडी भावापुर निवासी वीर प्रताप (24) ने शनिवार शाम अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत खराब होने पर परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डॉ अनुराग गुप्ता ने बताया कि इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पूछताछ की।

# सीटीईटी के दूसरे दिन 1030 ने छोड़ी परीक्षा

- दो पालियों में 16270 परीक्षार्थी हुए शामिल, परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा ( सीटीईटी ) शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला को-आर्डिनेटर अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्ता ने बताया कि दो पालियों में हुई परीक्षा के दूसरे दिन 1030 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी और 16270 परीक्षार्थी हुए शामिल।

रविवार को जिले के 20 केंद्रों पर हुई सीटीईटी में 17300 महिला व पुरुष अभ्यर्थी नामांकित थे। इसमें से 16270 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 1030 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन हुई परीक्षा में अभ्यर्थी काफी संख्या में शामिल रहे। रविवार को जिले में अवध इंटरनेशनल स्कूल, उदया पब्लिक स्कूल, अनिल सरस्वती, जेबी अकादमी, एमआईएस इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या अकादमी, फैजाबाद पब्लिक स्कूल, गुरुनानक स्कूल, केटी पब्लिक स्कूल, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, ओपीएस इंटर कॉलेज, राम सेवक इंटर कॉलेज, टाइनी टाट्स सेकेन्ड्री स्कूल, एमजेएस स्कूल, एमआरडी विद्यालय, मेथॉडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, यश विद्या मंदिर स्कूल, इनोवेटिव माइंड्स एकेडमी व केन्द्रीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली ढाई बजे से पांच बजे तक रही। पहली पाली में 880 अभ्यर्थी नामांकित थे, 550 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे और 8350 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पाली में 8500 अभ्यर्थी नामांकित थे, 480 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे और 8020 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

परीक्षा के परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। किसी भी परीक्षा केंद्र से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और न ही कही अनुचित साधन प्रयोग करता कोई अभ्यर्थी मिला। परीक्षा छूटने के बाद केन्द्र के मार्ग पर काफी समय तक यातायात प्रभावित रहा।



मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में सीटीईटी की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

# रामलला का दर्शन कर डीआईजी ने ग्रहण किया पदभार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या परिक्षेत्र में सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। मंडल के सभी जिलों में कानून एवं शांति-व्यवस्था कायम रखना हमारी प्राथमिकता होगी। यह बात नवागत डीआईजी सोमेन वर्मा ने कही। उन्होंने रविवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने रामलला व हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन भी किया। ध्यान रहे कि यहां तैनात रहे आईजी प्रवीण कुमार की प्रोन्नति करते हुए उन्हें एडीजी जोन लखनऊ बनाया गया है। उन्होंने शनिवार को लखनऊ में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

कहा कि अयोध्या परिक्षेत्र के जनपदों अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर व अमेठी में शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का निस्तारण, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण व दोषियों को सजा दिलाना, सुचारू एवं सुगम यातायात व्यवस्था लागू करना हमारी प्राथमिकता होगी। कहा कि माफिया एवं गैंगस्टर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को वह पारंपरिक पोषाक धोती-कुर्ता पहनकर व माथे पर तिलक लगाकर पहले हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां संत हेमंत दास के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इससे पूर्व उन्हें गार्ड ऑफ आनर भी दिया गया। उन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों से मुलाकात भी की। सभी को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायत लेकर आने वाले लोगों की समस्या का तत्काल निस्तारण कराया जाए।



पदभार ग्रहण करते डीआईजी सोमेन बर्मा। अमृत विचार

## अवधपुरी कॉलोनी में हुई क्षतिग्रस्त सीवर की मरम्मत

**अयोध्या, अमृत विचार:** तकरीबन दस दिन पूर्व 'नगर की सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत भ्रमण पर निकले महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के सामने अवधपुरी कॉलोनी में रास्ते पर सीवर का पानी बहाने की समस्या सामने आई थी। इस समस्या का समाधान जल निगम के माध्यम से कर दिया गया है।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि नागरिकों ने पार्षद सौरभ सूर्यवंशी की अगुवाई में समस्याओं से अवगत कराया था। इसमें परिक्रमा मार्ग को जोड़ने वाले कच्चा मार्ग पर सीवर लाइन के क्षतिग्रस्त होने की समस्या शामिल थी। निरीक्षण के दौरान काली माता मंदिर के निकट सीवर लाइन का पानी कच्चा मार्ग पर बहता दिखा था, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। नगर निगम के कर्मचारियों का दल लगाकर सीवर लाइन की मरम्मत करा दी है।

# रामपथ पर महिलाओं ने किया लाठी-काठी का प्रदर्शन



रामपथ पर शक्ति का प्रदर्शन करतीं महिला।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्वमांगल्य सभा के नेतृत्व में अयोध्या पहुंचीं 1000 से अधिक महिलाओं ने जानकी घाट स्थित रामवल्लभा कुंज से राम मंदिर तक बड़े धूमधाम से पथ संचालन निकाल कर रामलला का दर्शन किया। इस यात्रा के दौरान समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा का संदेश देते हुए लाठी-काठी का प्रदर्शन भी किया। रामपथ पर महिलाओं के हुजूम और आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर जमा हुए।

इस अधिवेशन के समाप्ति पर महिलाओं को राम मंदिर विशेष रूप दर्शन कराया गया। आयोजन समिति के सदस्य पूजा देशमुख ने कहा कि संगठन कार्य को 15 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इसी के उपलक्ष्य में विश्वमांगल्य सभा द्वारा अवध प्रांत में मातृसंस्कार समागम का भव्य आयोजन किया गया है। श्रीराम वल्लभा कुंज जानकी घाट पर अधिवेशन संपन्न होने के बाद सभी महिलाओं ने राम मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन किया है।

## धोखाधड़ी के आरोप में डीएम से न्याय की गुहार

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार:** थाना पटरंगा क्षेत्र के ग्राम दफियापुर निवासी एक व्यक्ति ने जमीन व मकान के बैनामा में कथित धोखाधड़ी कर कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि स्थानीय थाने में शिकायत देने के बावजूद अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। दफियापुर निवासी विनोद कुमार ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 134 (पुराना) व 244 (नया) उसकी पैतृक भूमि है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके परिवार की आर्थिक व शैक्षिक कमजोरी का लाभ उठाते हुए पहले मकान के एक हिस्से का बैनामा कराया और बाद में कथित रूप से जालसाजी कर पूरी संपत्ति अपने नाम दर्ज करा ली। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने और वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। शिकायतकर्ता को थाने पर बुलाया गया था, लेकिन समयाभाव का हवाला देकर वह अभी तक नहीं आया है। मामले की जांच की जा रही है।

**नई व्यवस्था** | मोबाइल फोबिया से बचाने के लिए शिक्षा विभाग की पहल , कार्य पुस्तिका पर शिक्षकों को देना होगा कार्य, अधिकारियों को देंगे फीडबैक

# स्कूलों में बच्चों को किताबों के लिए मिलेंगे अब 45 मिनट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए नई व्यवस्था की जा रही है। अब बच्चों को उनकी पसंद की किताबें - पढ़ने के लिए रोज समय दिया जाएगा। इसके साथ ही स्कूलों में अलग-अलग पढ़ने से जुड़ी गतिविधियां भी कराई जाएंगी, ताकि बच्चों की सोच और समझ विकसित हो सके। शिक्षा विभाग की यह पहल कामयाब हुई तो इसे अन्य बोर्ड के स्कूलों में भी लागू कराया जा सकता है। हर परिषदीय विद्यालय में लर्निंग कॉर्नर होगा, जहां से अलग से मेज कुर्सी और जलपान की व्यवस्था की जाएगी। हर स्कूल में इसके लिए 45 मिनट अतिरिक्त दिए जाएंगे।



बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि स्कूलों में बच्चों के स्तर के अनुसार कहानी की किताबें और पढ़ने की सामग्री पहले से उपलब्ध कराई गई हैं। शिक्षकों को चाहिए कि बच्चों को रोज पढ़ने के लिए प्रेरित करें और इसे उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। शिक्षक नियमित रूप से बच्चों की कार्य पुस्तिकाएं जांचेंगे और उन्हें समझाने वाला फीडबैक देंगे। हर सप्ताह एक दिन बच्चों से मैंने क्या सीखा का मूल्यांकन भी किया जाएगा। साथ ही बच्चों की पढ़ाई से जुड़े आकड़ों की समीक्षा बैठकों में चर्चा होगी। सरकार का उद्देश्य है कि बच्चे पढ़ने में निपुण बनें और उनमें सीखने की रुचि बढ़े। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि शासन की ओर से निर्देश आए हैं। खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक कर एक विस्तृत कार्ययोजना बना कर अमल में लाया जाएगा।

### क्यूआरटी टीम संभालेगी मोर्चा, एसटीएफ भी रखेगी नजर

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में पर्चा लीक कराने व सोशल मीडिया पर इसे लेकर अफवाह फैलाने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली गई है। जिला स्तर पर क्विक रिस्पांस टीमें (क्यूआरटी) बनाई जा रही है। पर्चा व कापियों की सुरक्षा को रात में भी स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण होगा। परीक्षा केंद्रों पर एसटीएफ भी नजर रखेगी। 18 फरवरी से शुरू हो रहीं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 109 केंद्रों पर होगी। इसमें करीब 80 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। नकल माफिया व सोशल मीडिया पर पर्चा लीक की भ्रामक सूचना डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर कहीं कोई अफवाह व पर्चा लीक होने की खबर सामने आती है, तो क्यूआरटी समय रहते नियंत्रण करेगी। अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित किया जाएगा। अयोध्या में निदेशक साक्षरता अनिल भूषण चतुर्वेदी को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वह आगामी 17 फरवरी को मंडल के जिलों अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी और अयोध्या में होने वाली परीक्षा के लिए अयोध्या में कैंप करना शुरू कर देगें। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं, इनकी मॉनिटरिंग के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया। सभी सुरक्षा मानकों के अलावा सचल दल की 6 टीमें गठित की गई हैं, जो भ्रमणशील रहकर परीक्षा की सुचिता को परखेंगी।

# पेड़ से टकराया दूध से भरा टैंकर, एक की मौत

सोहावल, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रौनाही थाना के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम हाजीपुर बरसेंडी के पास रविवार की भोर में दूध से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में टैंकर के परखच्चे उड़ गए। वह दो हिस्सों में बट गया। दुर्घटना में ट्रक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि सड़क पर जा रहा एक साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

चौकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर गोरखपुर से दूध भरकर इटावा जा रहा था। ट्रक के केबिन में सो रहे वाहन मालिक के भाई सतीश (30) पुत्र मांगेराम निवासी वैष्वी गांव थाना शयना जिला बुलंदशहर की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिवार के लोगों को सूचना दे दी गई है। बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। घायल साइकिल सवार को जिला अस्पताल भेजा गया है।




क्षतिग्रस्त ट्रक।

# फरवरी अंत तक पूरा होगा राम मंदिर का श्रृंगार

## 70 एकड़ के परिसर में लाइटिंग और सफाई का कार्य शुरू, कार्य की गति बढ़ाई गई

अयोध्या कार्यालय


राम जन्मभूमि मंदिर परिसर।

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में मंदिरों के निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद उनके श्रृंगार का काम शुरू हो गया है। पूरे 70 एकड़ परिसर में लाइटिंग और साफ सफाई समेत अन्य कार्यों को किया जा रहा है, जिसे फरवरी के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

आठ एकड़ के 800 मीटर की परिधि में कॉरिडोर का निर्माण किया गया है, जिसमें छह पंचायतन मंदिर भगवान गणेश, हनुमान जी, भगवान सूर्य, मां भगवती, माता अन्नपूर्णा देवी और भगवान शंकर का है। इसके अलावा शेषावतार मंदिर, सप्त ऋषियों में महर्षि बाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, अहिल्या देवी, शबरी और निषादराज का मंदिर बना हुआ है, जिसे जल्द श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आधिकारिक तौर पर हस्तांतरित करने के लिए पत्रावली तैयार करने का कार्य किया जा रहा है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अब उसके श्रृंगार का काम चल रहा है, जिसे फिनिशिंग भी कहा जा सकता है। फरवरी के अंत तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 मार्च को राष्ट्रपति का कार्यक्रम प्रस्तावित है। तब तक पूरा मंदिर सज धज कर तैयार हो जाएगा, जिसे देखते हुए कार्य की गति को बढ़ा दिया गया है। परकोटे के अंदर छह मंदिर हैं, एलएंडटी उसके परिक्रमा मार्ग को अंतिम स्वरूप प्रदान कर रहा है।

### अस्थाई मंदिर के इतिहास से रूबरू होंगे श्रद्धालु

राम जन्मभूमि परिसर में रामलला बीते 70 वर्षों से जिस टेंट रूपी मंदिर में विराजमान रहे। उसके बारे में भी श्रद्धालु जान सकें, इसके लिए परिसर में एक अस्थाई मंदिर मॉडल को तैयार किया जा रहा है। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने कहा कि राम जन्मभूमि पर जहां अस्थाई मंदिर बनाया गया था। उसका निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। मार्च तक यह योजना भी पूरी हो जाएगी। कारसेवकों के स्मृति में बन रहे स्मारक का कार्य भी प्रगति पर है। सुरक्षा की दृष्टि से भी मंदिर के उत्तरी दिशा की और बाउंड्री वाल का निर्माण तेज गति से चल रहा है। 15 मार्च तक पूरा हो जाएगा।

### राम मंदिर में बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या : अनिल मिश्रा

राम मंदिर में इन दिनों दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ गई है, जिसको देखते हुए ट्रस्ट स्थाई रूप से यात्री सुविधाओं को बढ़ा रहा है। श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हो सके, इसकी व्यवस्था प्रदेश सरकार, स्थानीय जिला प्रशासन कर रहा है। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी अपनी व्यवस्था को अपडेट कर दिया हैं, जिसमें यात्रियों के सामान रखने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, दर्शन पथ पर कैनोपी लगाए जाने का कार्य किया गया है। किसी भी प्रकार से श्रद्धालुओं को दिक्कत नहीं होगी।

# मैरिज लॉन की अव्यवस्था से यातायात बाधित, परेशानी

गोसाईगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र के बरदही बाजार, तेलियागढ़, रामगंज, भीटी तिराहा और बस स्टैंड से तेजपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित दर्जन भर से अधिक मैरिज लॉन स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं।

मैरिज लॉनों में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था न होने से समारोह में आने वाले वाहन सड़कों पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। इससे मुख्य मार्गों पर अक्सर जाम लग जाता है। विशेष रूप से अंबेडकरनगर-अयोध्या मार्ग, कटरा-भीटी तिराहा, तेलियागढ़ बस स्टैंड से पैकौली मार्ग और तेलियागढ़ से रामगंज जाने वाले रास्ते पर शाम छह बजे से रात ग्यारह बजे तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहता है। बारात के दौरान सड़क पर डीजे, लाइटिंग और वाहनों की लंबी कतार से राहगीरों को भारी दिक्कत होती है। स्थानीय लोग अर्जुन, भगत, राजू का कहना है कि इस पर किसी का ध्यान नहीं है। कहते हैं कि पुलिस की पर्याप्त तैनाती न होने से स्थिति और बिगड़ जाती है। तेज आवाज वाले डीजे से बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी होती है। लोगों ने मांग उठाई कि कार्यक्रम मैरिज लॉन परिसर में ही सीमित हों। नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए।

# नलकूप सिंचाई से 51 हजार हेक्टेयर भूमि को मिला पानी

अयोध्या कार्यालय

● अयोध्या मंडल में 386 नए नलकूपों का हुआ निर्माण

**अमृत विचार:** मंडल में सिंचाई विभाग के प्रयासों से किसानों के लिए खुशखबरी है। यहां हाल के आठ वर्षों में 386 नए राजकीय नलकूपों का निर्माण किया गया है, जिससे लगभग 51 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सिंचाई क्षेत्र में आए इस बड़े बदलाव से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता पंकज वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप हमने अयोध्या मंडल में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। 386 नए नलकूपों के निर्माण से न केवल असिंचित भूमि को पानी मिला है, बल्कि किसानों को समय पर और सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। इससे खेती की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और किसान अब बहु-फसली खेती की ओर बढ़ रहे हैं। हर नए नलकूप के साथ वृक्षारोपण अनिवार्य किया गया है। यह न केवल सिंचाई प्रदान करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भी मिसाल पेश करता है। हमने पर्यावरण और कृषि दोनों को संतुलित रखने का प्रयास किया है। पंकज वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा अपनाई गई आधुनिक तकनीक भी सराहनीय है। 101 राजकीय नलकूपों पर स्मार्ट तकनीक स्थापित की गई है, जिसमें रियल-टाइम निगरानी, जल प्रवाह का नियंत्रण और ऊर्जा खपत पर प्रभावी प्रबंधन शामिल है। स्मार्ट नलकूपों से हम दूरस्थ रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इससे अनावश्यक बिजली की बर्बादी रुकी है, पानी का सदुपयोग बढ़ा है और किसानों को बिना किसी रुकावट के सिंचाई मिल रही है।

# साइलेंसर के धमाकों व स्टंट से लोग परेशान

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र में दोपहिया वाहनों के साइलेंसर के तेज धमाके और सड़क पर स्टंटबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम होते ही कुछ नवयुवक टोली बनाकर मोटरसाइकिलों से बस स्टैंड से लेकर कटरा, तेलियागढ़ या रामगंज और बरदही बाजार मार्ग पर चक्कर लगाते हैं। इस दौरान वे साइलेंसर से तेज आवाज वाले धमाके करते हैं। सड़क पर खतरनाक स्टंट भी करते हैं। अचानक होने वाले इन धमाकों से सड़क पर चल रहे राहगीर, मजदूर, दुकानदार और अन्य लोग घबरा जाते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार समझाने के बावजूद युवकों की हरकतें कम होने के बजाए और बढ़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों रवि, राम पूजन, जसवंत, प्रशांत, ओम प्रकाश ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि समय रहते कदम नहीं उठाया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# ऋषि रमणक की तपस्थली तिलोदकी के तट पर गूंजी शहनाई

**सामूहिक विवाह के लग्न मंडप में परिणय सूत्र में बंधे 94 जोड़े**

सोहावल, अयोध्या।

**अमृत विचार:** तिलोदकी नदी के तट स्थित ऋषि रमणक की तपस्थली व रमणक विद्यालय पंडितपुर परिसर में रविवार को शहनाई गूंजी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सामूहिक विवाह में 94 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। नव दंपतियों को अतिथियों ने आशीर्वाद दिया। संयोजन जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह ने किया।

बड़े पांडाल में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान सहित अन्य अतिथियों ने आर्शीवाद प्रदान किया। वैवाहिक प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वधू को चांदी की पायल, बिछिया सहित 25 हजार रुपये का सामान, 60 हजार रुपये वधू के खाते में और 15 हजार रुपये के अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री प्रदान कर विदाई की गई। कार्यक्रम में बीडीओ अनुपम वर्मा,एडीओ समाज कल्याण ऊषा शर्मा, एडीओ आईएसबी मनोज तिवारी, एडीओ समाज कल्याण रवीश मिश्रा, एडीओ पंचायत अनुरुद्ध कुमार वर्मा,एपीओ अतुल पांडेय, भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक अनिल सिंह, सभासद आशीष श्रीवास्तव,अनिल प्रियदर्शी, सर्वेश सिंह चौहान, पिंटू तिवारी, रमाकांत तिवारी, सुरेश कोरी,अवनीश तिवारी सहित क्षेत्र के बीडीसी, ग्राम प्रधान सहित बाराती मौजूद रहे। सुरक्षा में रौनाही पुलिस मौजूद रही।


सामूहिक विवाह में मौजूद वर-वधू। अमृत विचार


सामूहिक विवाह में नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व अन्य।

# राजित राम ने खेती से जिले का नाम किया रोशन

अयोध्या कार्यालय


प्रगतिशील किसान राजित राम को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

**अमृत विचार:** जिले में एक प्रगतिशील किसान की सफलता की प्रेरणादायक कहानी ने सबका ध्यान खींचा है। तारुन विकासखंड के ग्राम सिहोरिया के निवासी राजित राम (सुधीर) ने अपनी मेहनत, नवीन तकनीकों और योगी सरकार की किसान-समर्थक नीतियों के सहारे मात्र 4.09 हेक्टेयर भूमि पर अमरूद और शिमला मिर्च की खेती से पांच लाख रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ कमाया है।

जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद अयोध्या में प्रगतिशील किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग लगातार कार्य कर रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे पारंपरिक खेती से हटकर बागवानी और उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर रुख करें। राजभवन में शुक्रवार को आयोजित फल-फूल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी में उन्होंने भाग लिया, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनकी पीठ थपथपाई और सम्मानित किया। यह सम्मान उनके नवाचारपूर्ण कार्य और किसानों की आय बढ़ाने में योगदान के लिए दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे किसान प्रदेश की प्रगति के प्रतीक हैं और सरकार किसानों की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### 3.40 लाख रुपये आई लागत, मुनाफे ने रंग कर दिया चोखा

राजित राम ने बताया कि उन्होंने इस सीजन में 4 .09 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद और शिमला मिर्च की फसल लगाई। इसमें ड्रिप इरिगेशन, मल्चिंग, इंटरक्रॉपिंग और स्टेप क्रॉपिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का भरपूर उपयोग किया गया। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप इरिगेशन) के कारण पानी की बचत हुई और फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी। कुल निवेश लगभग 3 .40 लाख रुपये रहा, जबकि उत्पादन से कुल आय 8 .50 लाख रुपये हुई। इससे शुद्ध लाभ 5 .10 लाख रुपये प्राप्त हुआ। उत्पादन में 20 टन अमरूद और 14 टन शिमला मिर्च शामिल थी।

# कन्यादान मानव जीवन का सर्वोत्तम दान : वेद प्रकाश गुप्ता

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह में 84 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कन्यादान मानव जीवन का सर्वोत्तम दान है, जिसे माता-पिता अपनी पुत्री के विवाह के समय करते हैं। विधायक ने दो दर्जन से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में वर-वधू को सरकार की ओर से उपहार स्वरूप दूल्हे को पैंट-शर्ट, गैस चूल्हा, बर्तन और बैग, जबकि दुल्हन को साड़ी, पायल व बिछिया भेंट आदि सामग्री दी गई। विशिष्ट अतिथि प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बीडीओ अनुराग सिंह, एडीओ समाज कल्याण विवेक सिंह, शारदा यादव, रामगोपाल माझी, अविचल सिंह, सचिव सौरभ सिंह, नीरज सिंह, विनय दुबे, कोमल मिश्रा, रवि सिंह सीमा यादव, प्रीति जायसवाल, शिव कुमार राहुल पांडे, ज्योति, दिनेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मजदूरों से मारपीट व महिलाओं से अभद्रता का लगाया आरोप

**सोहावल,अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव में बैनामे की जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर विपक्षियों द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। चिर्रा गांव निवासी फारुख पुत्र शहाबुद्दीन ने रौनाही थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने विधिवत बैनामे व दुरुस्त कराई गई अपनी भूमि पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू कराया था। रविवार को जब मजदूर मौके पर कार्य कर रहे थे, उसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति अपने कई साथियों के साथ वहां पहुंच गया और जबरन निर्माण कार्य रोकने लगा। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। जब उनके घर की महिलाएं पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया और डराने-धमकाने लगे। घटना के बाद मजदूर काम छोड़कर भाग गए। रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अवध के इमामबाड़े से गूंजा पाकिस्तान-आतंकवाद मुर्दाबाद

अयोध्या कार्यालय



इमामबाड़ा जवाहर अली खां में रविवार को उलेमाओं के नेतृत्व में पाकिस्तान के विरुद्ध प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पाकिस्तान में गत शुक्रवार को एक मस्जिद में जुमा नमाज़ के दौरान आत्मघाती विस्फोट को लेकर रविवार को अवध के ऐतिहासिक इमामबाड़ा जवाहर अली खां से आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ आवाज बुलंद की। आक्रोशित मुस्लिमों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन दिया। आत्मघाती हमले में मारे गए नमाजियों को सुरए फातिहा बख्शते हुए उलेमाओं ने घटना को जेहाद नहीं जुल्म बताया। उलेमाओं ने कहा कि हर आतंकवादी घटना इंसानियत के लिए नासूर है अब इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए।

● पाकिस्तान में मस्जिद में विस्फोट को लेकर शिया समुदाय का प्रदर्शन

अलकायम फाउंडेशन ट्रस्ट के बैनर तले आतंकवाद के विरोध में हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व ट्रस्ट के संस्थापक मोहम्मद सफी हैदर ने किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग किया है कि भारत अपना प्रभावशाली समर्थन प्रदान कर आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण विश्व को एक मंच पर एकत्रित कर उक्त समस्या का निदान करने की कृपा करे। विरोध प्रदर्शन में इमामे जुमा फैजाबाद जाफर रज़ा आबदी साहब ने कहा कि आतंकवाद इंसानियत पर काला धब्बा है।

डॉ. गनी ने कहा कि जिस इस्लाम में चींटी को मारना भी सही नहीं है वहां बेगुनाह इंसानों को मारना इंसानियत पर प्रहार है। संचालन अर्शी मौलाई ने किया। डॉ मिर्ज़ा शाहब शाह,नज़मुल हसन,महताब हुसैन गुड्डू, दानिश हुसैन मीडिया प्रभारी, शिराज़ हुसैन,मो शोएब, सकलैन आबिद, मो कैफ, अस्करी रिज़वी, मो. मेहदी, वसी रज़ा, क़ाज़ी जुहैर, मेराज रज़ा व शहर के तमाम उलेमा सहित अन्य शामिल हुए।

# जिला अस्पताल : तापमान में उतार-चढ़ाव, बढ़ गए मरीज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में इन दिनों मरीजों की बाढ़-सी आ गई है। मुख्य रूप से वायरल फीवर, सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार से संबंधित शिकायतों वाले मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मौसम में हो रहे लगातार बदलाव के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जहां दिन में धूप निकलने के साथ-साथ सुबह-शाम तेज ठंड और कोहरा लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है।

जिला अस्पताल और संबद्ध स्वास्थ्य केंद्रों, जैसे कुमारगंज स्थित सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में प्रतिदिन ओपीडी में 250 से 300 तक मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से अधिकांश मरीज सर्दी-जुकाम,

### वायरल फीवर के मरीज ज्यादा

वायरल बुखार, सांस लेने में तकलीफ और गले में संक्रमण जैसी समस्याओं से ग्रस्त हैं। विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसमी बदलाव का सबसे ज्यादा असर झेल रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ.प्रशांत द्विवेदी बताते हैं कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहे हैं। उन्होंने सलाह दी है कि वे ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें। यदि बुखार, खांसी या सांस की तकलीफ बढ़े तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें, क्योंकि मामूली लक्षण भी जटिलताओं में बदल सकते हैं।

कार्यक्रम | कृषि विश्वविद्यालय में 125वीं जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन

# डॉ . मुखर्जी का जीवन साहस व सत्यनिष्ठा का प्रतीक

कुमारगंज, अयोध्या।



कृषि विश्वविद्यालय में डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती कार्यक्रम में मौजूद मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा सामाजिक संस्था श्री नवदुर्गा ग्रामोत्थान सेवा संस्थान, अमेठी (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. एसपी. सिंह ने अपने संबोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान और राष्ट्रीय एकता के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया। कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारत की अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन को समर्पित कर दिया। उनका जीवन साहस, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता प्रदीप सिंह थोरी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का दूरदर्शी नेतृत्व शिक्षा सुधारों और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने वाला रहा। चंद्र मौली सिंह ने कहा कि उन्होंने भारत की राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। प्रो. दिवाकर सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक प्रख्यात शिक्षाविद थे और कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति रहे। प्रो. देवेंद्र कुमार ने युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने की उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

डॉ. विनोद कुमार दुबे ने कहा कि उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी ने औद्योगिक प्रगति और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम को डॉ. रागिनी मिश्रा, डॉ. शशांक सिंह और डॉ. सत्यव्रत सिंह ने भी संबोधित किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन अवधी लोक समूह समिति, अयोध्या एवं अमेठी लोक गायन समूह द्वारा किया गया। कुमारी संध्या शर्मा द्वारा प्रस्तुत महिषासुर मर्दिनी एवं तांडव नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीएससी एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा लोकगीत और कविता पाठ भी प्रस्तुत किया गया। संचालन बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे ने किया। निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ब्लॉक स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन


कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं खिलाड़ी।

मयाबाजार, अयोध्या

● किशोरियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**अमृत विचार:** किशोरियों के सर्वांगीण विकास, आत्म विश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन पानी संस्थान से द्वापर विद्यापीठ इंटर कॉलेज बरईपारा में किया गया। कार्यक्रम में मया ब्लॉक में किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन कौशल एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों पर चर्चा की गई।

आयोजन में खो-खो, कबड्डी और रस्साकशी आदि की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।सांस्कृतिक कार्यक्रम मे किशोरियों ने कविता, भाषण का प्रस्तुतिकरण दिया। किशोरियों के प्रदर्शन से मौजूद लोग प्रभावित हुए। कार्यक्रम में संस्थान की टीम के साथ रोहित, नईम, राजेन्द्र, चाँदनी, साक्षी, संजय और उर्मिला आदि मौजूद रही।

न्यूज ब्रीफ

## नवनिर्मित धार्मिक स्थल पर आज भंडारे का आयोजन

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत पछियाना के मजरे झलियहवा में नवनिर्मित ब्रह्म बाबा धाम स्थान पर नौ फरवरी को अखंड रामायण पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। रविवार को गांव के ही राम विशाल तिवारी ने पत्नी के साथ धार्मिक अनुष्ठान कर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। व्यवस्थापक इंद्रदेव तिवारी ने बताया कि पूरे गांव के सहयोग से धार्मिक स्थल ब्रह्म बाबा का जीर्णोद्धार कराया गया है। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए विवेक तिवारी, सुजीत तिवारी, राम अछैबर तिवारी, हरिवंश मणि तिवारी, अरविंद मणि तिवारी, रमानाथ तिवारी, अमरनाथ तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी समेत ग्रामवासी सहयोग कर रहे हैं।

## नहर में कूदी युवती का नहीं चला पता

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद से आहत होकर शारदा सहायक बड़ी नहर में छलांग लगाने वाली युवती का तीसरा दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। लगातार तीन दिन से चल रहे खोज अभियान के बावजूद एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। ध्यान रहे कि विकासखंड पूरा बाजार क्षेत्र के ग्राम सभा खानपुर पुरसाए गोविंदपुर निवासी सविता गौड़ (20) पुत्री स्व बजरंगी गौड़ शुक्रवार शाम करीब तीन बजे घर से निकली थी। परिजनों के अनुसार वह बिल्हार घाट स्थित शारदा सहायक बड़ी नहर पहुंची, जहां पुल पर अपना मोबाइल फोन, दुपट्टा और चप्पल छोड़कर अचानक नहर में कूद गई। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू कर रही है।

# देश को आगे बढ़ाने वाला साबित होगा बजट : मेघवाल

अयोध्या कार्यालय



सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय बजट 2026 की खूबियां गिनाने रविवार को अयोध्या पहुंचे। उपलब्धियों और व्यापक सुधारों का बजट बताया। कहा कि यह बजट देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाने वाला साबित होगा। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने बजट के तीन प्रमुख भाग बताए। बताया कि पहला भाग तात्कालिक आवश्यकताओं पर केंद्रित है। दूसरा अगले पांच वर्षों के विकास की रूपरेखा तय करता है। तीसरा विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए है। बोले कि पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर,

**● केंद्रीय मंत्री ने गिनाईं बजट की खूबियां**

एमएसएमई सेक्टर और बैंकिंग क्षेत्र के लिए बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। रक्षा क्षेत्र के बढ़े आवंटन को बताया। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। साल 2014 में 11 वें स्थान पर रहने वाली अर्थव्यवस्था 2025 में चौथे स्थान पर पहुंच गई। देश की विकास दर 7.4 फीसदी से अधिक रहने का अनुमान है। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी, राघवेन्द्र पांडेय, मनोज वर्मा, दिवाकर सिंह आदि थे।

## सर्किट हाउस में महिलाओं से किया संवाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सर्किट हाउस में बजट को लेकर महिलाओं से सीधा संवाद किया। प्रमुख उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि इस बजट से महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। बताया कि बजट में महिला उद्यमियों के लिए विशेष ऋण सुविधाएं, एमएसएमई सेक्टर में प्रोत्साहन, कौशल विकास योजनाएं और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहयोग देने जैसे प्रावधान किए गए हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार नारी शक्ति को विकास की धुरी मानकर काम कर रही है। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिला संवाद कार्यक्रम की प्रदेश संयोजिका डॉ. ममता पांडेय, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्र, प्रतिमा शुक्ला, नेहा तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 33 करोड़ रुपए से सड़कों का होगा कायाकल्प

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** जनपद में 261 सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत कार्य को शासन से मंजूरी मिली है। इस परियोजना पर कुल 33 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिससे सड़कों को गड्ढामुक्त कर आवागमन सुचारु बनाया जाएगा। इस कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड और निर्माण खंड को सौंपी गई है। परियोजना शुरू करने के लिए विभाग को पहली किस्त के रूप में सात करोड़ रुपए भी मिल चुके हैं। इन सड़कों के बेहतर होने से जनपद की लगभग चार लाख से अधिक आबादी को आवागमन में सुविधा मिलेगी। निर्माण खंड 17 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से 140 सड़कों का निर्माण करेगा, जबकि प्रांतीय खंड 15 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से 121 सड़कों का कार्य संभालेगा। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता अश्विनी पांडेय ने बताया कि शासन ने जनपद की 261 सड़कों की मरम्मत व नवीनीकरण को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि 33 करोड़ रुपए की लागत वाले इस कार्य के लिए सात करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। टेंडर और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

# सरयू नदी में उतराता मिला लापता दरोगा का शव, दर्ज थी रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय।

**● मृतक दरोगा बस्ती जिले के थाना परशुरामपुर में एसएसआई के पद पर था तैनात, तीन दिन पूर्व हुआ था लापता, थाने में दर्ज हुई थी गुमशुदगी**

**अमृत विचार :** बस्ती जनपद के परशुरामपुर थाने में तैनात व तीन दिन से लापता एसएसआई अजय कुमार गौड़ निवासी देवरिया का शव रविवार की शाम कोतवाली अयोध्या व बस्ती के छावनी थाना क्षेत्र के बीच में सरयू नदी में उतराता मिला। सूचना पर अयोध्या व बस्ती पुलिस ने जल पुलिस की मदद से शव को निकलवाया। दोनों जिले की पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।



अजय (फाइल फोटो)

ध्यान रहे की बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना के एसएसआई अजय गौड़ तीन दिन पूर्व लापता हो गए थे। उनकी बाइक बस्ती के सदर सर्किल क्षेत्र के अमहट घाट पर खड़ी मिली थी। इसके बाद से तलाशी अभियान उसी इलाके के आसपास केंद्रित रहा। शनिवार से गोताखोरों की मदद से नदी में सघन खोजबीन की जा रही थी, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। रविवार की शाम करीब 6 बजे कोतवाली अयोध्या के तिहूरा माझा इलाके के कुछ लोगों ने सरयू नदी में शव को उतराता देखा। जब तक कोतवाली अयोध्या की पुलिस वहां पहुंचती तब तक शव बस्ती जिले के सीता रामपुर गांव तक पहुंच गया था। मौके पर पहुंची दोनों जिले की पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया व पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि लापता एसआई के मामले में थाना परशुरामपुर में गुमशुदगी का केस दर्ज है। शव मिला है, दोनों जनपदों की पुलिस तालमेल बैठाकर आगे की कार्रवाई करेगी।

## एक चौकी इंचार्ज निलंबित दूसरा लाइन हाजिर

**अयोध्या, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने चौकी प्रभारी सहादतगंज अविनाश त्रिपाठी को अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही, उदासीनता बरतने पर निलंबित कर दिया है। वहीं चौकी प्रभारी चौरे बाजार राजेश पटेल को लाइन हाजिर कर दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

## स्कूल में जहरीले जंतु का खतरा

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर-जलालपुर मुख्य मार्ग पर स्थित कजपुरा मोड़ की पुलिया इन दिनों लोगों के लिए गंभीर खतरे का सबब बन गई है। पुलिया के नीचे करीब आधा दर्जन से अधिक विशालकाय अजगरों ने अपना स्थायी रैन बसेरा बना लिया है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अजगर दिन में भी पुलिया से बाहर निकलकर सडक़ किनारे झाड़ियों और खुले स्थानों में रेंगते दिखाई दे रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पुलिया के बिल्कुल बगल में नव ज्योति विद्यालय और पं. महबीर प्रसाद आईटीआई कॉलेज स्थित हैं, जहां रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं आते-जाते हैं।

# अकबरपुर नगर में हाईटेंशन तार होंगे भूमिगत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**● हादसों से बचाव और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए खर्च होंगे 92.78 लाख रुपए**

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर शहर में कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला अस्पताल, न्यायालय और तहसील परिसर के आसपास हाईटेंशन बिजली के तारों को भूमिगत किया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 92 लाख 78 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य बिजली से होने वाले हादसों को रोकना और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

बता दें कि इस योजना के तहत 33 हजार केवी और 11 हजार केवीए की लाइनों को भूमिगत किया जाना है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में 11 हजार, 440 वोल्ट और 33 केवीए की लाइनों को अंडरग्राउंड करने का निर्णय लिया है। लोक निर्माण विभाग ने इस कार्य के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को बजट आवंटित किया है। केबलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा नालियों का निर्माण किया जा रहा है। सडक़ किनारे केबलों को सुरक्षित रखने के लिए, लोक निर्माण विभाग जिला अस्पताल गेट से तहसील परिसर तक, बसखारी रोड न्यायालय मार्ग और कलेक्ट्रेट तक 10 लाख रुपए की लागत से पक्की नालियों का निर्माण करेगा। इन नालियों के बीच से बिजली के तार गुजरेंगे, जिसके बाद इन्हें पावर कॉरपोरेशन को सौंप दिया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन ने भविष्य में शहर के खंभों से हाईटेंशन लाइनों को हटाकर भूमिगत करने की योजना बनाई है। बिजली घर से ट्रांसफार्मर तक आने वाली लाइनों को हाईटेंशन की श्रेणी में रखा जाता है।

### जिम्मेदार बोले

अधिशासी अभियंता पावर कॉरपोरेशन प्रेमचंद ने बताया कि अभी जिला अस्पताल, न्यायालय, तहसील परिसर, विकास भवन और चिल्ड्रेन पार्क में बिजली आपूर्ति की लाइनों को भूमिगत करने की तैयारी चल रही है, जहां शॉर्ट सर्किट से हादसों की आशंका बनी रहती है। नगर के भीड़भाड़ वाले ऐसे इलाकों का चयन करके भूमिगत केबल बिछाने के निर्देश दिए गए हैं।



किसान इंटर कॉलेज पकड़ी भोजपुर में निर्वाचन प्रक्रिया के बाद मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा। अमृत विचार

## प्रबंधक पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए श्याम सुंदर वर्मा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर उर्फ साधू वर्मा को किसान इंटर कॉलेज पकड़ी भोजपुर के प्रबंधक पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। निर्विरोध निर्वाचन के उपरांत श्याम सुंदर वर्मा ने कॉलेज के सभी सदस्यों तथा क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह संस्था के सर्वांगीण विकास एवं हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान दुर्गा प्रसाद ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जबकि राजेश ने प्रस्ताव का समर्थन किया। निर्वाचन में पर्यवेक्षक के रूप में तार वर्मा तथा सह-पर्यवेक्षक के रूप में बाबू राम वर्मा उपस्थित रहे। निर्वाचन की घोषणा के बाद समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों में रोष

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव में प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है।

बता दें कि सैदापुर की रहने वाली 28 वर्षीय नीलम पत्नी चंद्रेख को बीते 7 फरवरी को प्रसव पीड़ा होने पर नजदीकी एएनसी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी डिलीवरी कराई गई। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के बाद महिला को सामान्य बताया गया, जबकि उसे लगातार ब्लीडिंग होती रही। बताया जा रहा है कि केंद्र पर तैनात डॉक्टर



महिला की मौत के बाद मौके पर मौजूद परिजन और ग्रामीण। अमृत विचार

**● सम्मनपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की किया मांग**

उस समय बाहर गए हुए थे और किसी अन्य ग्राम सभा से डॉक्टर को बुलाया गया था। इसी कारण महिला को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल सका। परिजनों का आरोप है कि हालत बिगडने के बावजूद तुरंत इलाज या रेफर की उचित व्यवस्था नहीं की गई। वहीं परिजनों से महिला को किसी अन्य अस्पताल ले जाने को कहा गया। जिसके बाद परिजन महिला को करीब चार किलोमीटर दूर एक निजी अस्पताल ले गए। वहां पहले रुपए जमा कराए गए और लगभग तीन घंटे तक भर्ती रखने के बाद, हालत गंभीर देख उसे वहां से भी रेफर कर दिया गया। अंततः परिवार महिला को पीजीआई टांडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद रविवार को परिजनों ने आरोग्य केंद्र के बाहर हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सम्मनपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : जिलाधिकारी



अनुपम शुक्ला, डीएम अंबेडकरनगर।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** फरियादियों की बार-बार की गई शिकायतों के बावजूद मामलों का निस्तारण न होने पर संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई है। जिलाधिकारी ने जलालपुर उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता को निर्देश दिया कि प्रत्येक गुरुवार को कई बार की गई शिकायतों, न्यायालय द्वारा पारित आदेशों, धारा-24 से संबंधित मामलों का निस्तारण कर उनका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही गंभीर मामलों में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने तथा ऊसर, बंजर, चकमार्ग सहित अन्य सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाने के लिए उपजिलाधिकारी या तहसीलदार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का सख्त आदेश दिया।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट की प्रदान की गईं शक्तियां

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के दौरान केंद्र अधीक्षकों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गई हैं। यह आदेश 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं की अवधि के लिए जारी किया गया है। बता दें कि शासन ने केंद्र व्यवस्थापकों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापकों को अपने केंद्र की सीमा के भीतर होने वाले अपराधों के संबंध में संहिता के अधीन कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को प्राप्त सभी शक्तियां मिलेंगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्र व्यवस्थापक उत्तर पुस्तिकाओं के सील किए गए बंडलों को अपने विश्वसनीय कर्मचारी के साथ पुलिसकर्मी की निगरानी में तहसील वार बनाए गए उप-संकलन केंद्रों पर भेजेंगे। बिना पुलिसकर्मी के उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल नहीं भेजे जाएंगे। इस कार्य के लिए केंद्र व्यवस्थापक संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी से लिखित रूप में अतिरिक्त पुलिसकर्मी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## आज मनाया जाएगा धन्यवाद दिवस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारतीय जीवन बीमा निगम के फैजाबाद मंडल में 09 फरवरी को धन्यवाद दिवस मनाया जाएगा। यह निर्णय केंद्रीय कार्यालय द्वारा स्वर्गीय विनय कुमार वर्मा की पत्नी मेनिका सिंह को मुख्य जीवन बीमा सलाहकार नियुक्त किए जाने के बाद लिया गया है। मंडल में इस नियुक्ति को एक विशेष उपलब्धि और प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। अभिकर्ताओं का मानना है कि यह उपलब्धि मंडल के नेतृत्व और अधिकारियों के मार्गदर्शन से संभव हुई है। विशेष रूप से एसडीएम के व्यक्तिगत प्रयासों और एमएम के नेतृत्व में सीएलआईए चैनल को नई शक्ति और पहचान मिली है। अभिकर्ताओं के अनुसार यह नियुक्ति केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे फैजाबाद मंडल की सामूहिक सफलता का प्रतीक है। मुख्य बीमा सलाहकार मेनिका सिंह ने अपने संदेश में सभी अभिकर्ता साथियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## उपजिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के जलालपुर स्थित ग्राम जीवत खुर्रम अली निवासी मनीराम चौधरी ने उपजिलाधिकारी जलालपुर को एक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। यह मामला तालाब की नीलामी से जुड़ा है। मनीराम चौधरी का कहना है कि वह पिछले लगभग 15 वर्षों से ग्राम के तालाब में मछली पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी उन्होंने तालाब में मछलियां डाली थीं और उनका पालन-पोषण शुरू कर दिया था। इसी बीच उन्हें ग्राम प्रधान के माध्यम से जानकारी मिली कि तालाब की नीलामी की रसीद जारी हो चुकी है। इस सूचना से वह चिंतित हैं, क्योंकि यदि तालाब किसी अन्य व्यक्ति को आवंटित हो जाता है, तो उनकी मेहनत और निवेश दोनों प्रभावित होंगे। मनीराम चौधरी ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें तालाब से अपनी डाली गई मछलियां निकालने के लिए उचित समय दिया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। इस संबंध में उपजिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और प्रकरण का निस्तारण किया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने यह भी कहा कि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## कॉलेज की दो छात्राओं ने जेआरएफ किया उत्तीर्ण

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के आलापुर स्थित पंडित रामशब्द स्मृति पीजी कॉलेज की दो छात्राओं ने हिंदी विषय से जेआरएफ जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण की है। खुशी पांडे और शिखा सिंह ने यह उपलब्धि हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। खुशी पांडे अशोक पांडे की पुत्री हैं और बडकी पडौली बनकटा बुजुर्ग गांव की निवासी हैं। वहीं शिखा सिंह, कौशलेंद्र सिंह की पुत्री हैं और सिरसिया राजेसुल्तानपुर की रहने वाली हैं। जेआरएफ एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा है, जो भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर बनने के साथ-साथ पीएचडी शोध के लिए फेलोशिप प्रदान करती है। अत्यंत ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली इन दोनों छात्राओं द्वारा घर पर रहकर ही यह परीक्षा उत्तीर्ण करने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पंडित रामशब्द पीजी कॉलेज के प्रबंधक पंडित हौसिला प्रसाद मिश्र और प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत शुक्ला ने छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बरामद फोन को उनके स्वामियों को देते एसपी ग्रामीण चिराग जैन। अमृत विचार

## आजमगढ़ पुलिस ने 197 मोबाइल फोन किये बरामद

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** जनपद में चलाए जा रहे विशेष मोबाइल बरामदगी अभियान के तहत माह जनवरी 2026 में पुलिस ने 197 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये है, बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा है। जिले में नागरिकों के गुमशुदा एवं खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनपद आजमगढ़ में यह अभियान फरवरी 2024 से निरंतर संचालित है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में आजमगढ़ पुलिस द्वारा 1553 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए। वहीं, फरवरी 2024 से अब तक बीते 24 महीनों में कुल 3001 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 7 .5 करोड़ रुपये है, सफलतापूर्वक बरामद कर नागरिकों को लौटाए जा चुके हैं। इसी क्रम में पुलिस द्वारा माह जनवरी 2026 के दौरान कुल 197 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बरामद किए गए मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। मोबाइल फोन पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई।

## नगर पालिका के 100 भवनों पर लगा लाल निशान, बुलडोजर की चेतावनी

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका प्रशासन ने पटेल नगर से तहसील तिराहे ओवरब्रिज के नीचे तक 100 भवनों पर लाल निशान लगाए हैं। इन भवनों को सडक़ किनारे से चार से छह मीटर अंदर तक अतिक्रमण हटाने के दायरे में लिया गया है। बता दें कि भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है कि यदि वह स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। शहरी क्षेत्र की प्रमुख सडक़ों पर यातायात को सुगम बनाने और सडक़ की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले अकबरपुर-अयोध्या मार्ग पर लगभग 206 दुकानों और मकानों पर बुलडोजर चलाकर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण ध्वस्त किया गया था। अब टांडा मार्ग, दोस्तपुर मार्ग, ओवरब्रिज के नीचे, पटेलनगर, बसखारी और पहितीपुर मार्ग पर स्थित 350 से अधिक दुकानों और मकानों को ध्वस्त करने की तैयारी है।



सड़क बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## जर्जर सड़क की मरमत को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**संवाददाता, महराजगंज, आजमगढ़। अमृत विचार :** केंद्र और प्रदेश सरकार जहां राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों के विकास के बड़े-बड़े दावे करती हैं, वहीं ग्रामीण संपर्क मार्गों की बदहाल स्थिति इन दावों की हकीकत उजागर करती नजर आ रही है। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र में झोटीपुर से पासीपुर शारदा सहायक नहर के किनारे बना संपर्क मार्ग तथा नेवादा पेट्रोल पंप से बृजमनी, सोनपरा, कबेलपुर, कुम्हवट, लहरपार, यूसुफपुर, सौंसारे सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क पिछले लगभग दस वर्षों से जर्जर पड़ी है। हालत यह है कि इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वर्षों से मरम्मत की मांग कर रहे ग्रामीणों का धैर्य रविवार को जवाब दे गया। सुबह लगभग दस बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि घर-घर जाकर वोट मांगते हैं और समस्याओं के समाधान का वादा करते हैं, लेकिन चुनाव बीतने के बाद गांवों की सुध लेने नहीं आते। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि "अब हम भी आने वाले चुनाव में इन्हें सबक सिखाएंगे , रोड नहीं तो वोट नहीं।

मिलीभगत | स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से फल-फूल रहे झोलाछाप, कार्रवाई से बचता नजर आ रहा है विभाग

# वाजिदपुर में वर्षों से चल रहा अवैध हड्डी अस्पताल

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाने के बावजूद जलालपुर नगर क्षेत्र में ऐसे अवैध चिकित्सकों का नेटवर्क खुलेआम फल-फूल रहा है। ताजा मामला जलालपुर नगर के वाजिदपुर मोहल्ले का है, जहां स्वास्थ्य विभाग की कथित मिलीभगत से बीते कई वर्षों से एक अवैध हड्डी अस्पताल संचालित किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल संचालक के पास न तो किसी प्रकार की मान्यता प्राप्त मेडिकल डिग्री है और न ही



जलालपुर नगर के वाजिदपुर मोहल्ले में अवैध रूप से संचालित हो रहा हड्डी अस्पताल।

क्लीनिक पर कोई पंजीकरण या सूचना बोर्ड लगाया गया है।

सूत्रों के अनुसार संबंधित व्यक्ति स्वयं को हड्डी रोग विशेषज्ञ बताकर मरीजों का इलाज करता है। अस्पताल में न केवल दवाइयां दी जाती हैं, बल्कि प्लास्टर चढ़ाने जैसे जोखिम भरे कार्य भी धड़ल्ले से किए जाते हैं। बताया जा रहा है कि कथित चिकित्सक पूर्ण रूप से अंगूठा छाप है और हिंदी तक लिखने में असमर्थ है, इसके बावजूद खुलेआम अस्पताल का संचालन कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध अस्पताल के जरिए संचालक ने अकूत संपत्ति अर्जित की है। इसी कमाई से उसने लाखों रुपए खर्च कर एक पक्की बिल्डिंग भी खड़ी कर ली है, जिसमें वर्तमान में यह हड्डी अस्पताल चलाया जा रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि बिना किसी डिग्री और पंजीकरण के इतने वर्षों तक अस्पताल चल पाना, स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी के बिना संभव नहीं है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस अवैध अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों की जान हमेशा खतरे में रहती है। गलत इलाज, गलत दवाइयों और अवैज्ञानिक तरीके से किए गए प्लास्टर से मरीजों को गंभीर नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है।

### अधीक्षक बोले होगी जांच

जब इस पूरे मामले को लेकर जलालपुर के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल विभागीय बयान के बाद भी सवाल यह उठता है कि क्या वास्तव में झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी कागजी जांच तक ही सीमित रह जाएगा। क्षेत्रवासियों को अब स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का इंतजार है।

## अराजकतत्वों ने आंबेडकर प्रतिमा की तोड़ी अंगुली

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के आलापुर थाना क्षेत्र स्थित मसेना मिर्जापुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने निशाना बनाया। रामनगर चहोड़ा रोड पर स्थापित आंबेडकर प्रतिमा की अंगुली तोड़ दी गई। घटना की जानकारी रविवार सुबह हुई, जिसके बाद स्थानीय लोगों में जमकर नाराजगी देखी गई। बता दें कि यह दूसरी बार है जब इस प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया है। इससे पहले 2 दिसंबर को भी प्रतिमा की अंगुली तोड़ी गई थी, जिसके बाद तत्कालीन थाना अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने नई प्रतिमा स्थापित करवाई थी। घटना की सूचना मिलते ही रविवार सुबह कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिसमे थाना अध्यक्ष रितेश पांडे, जहांगीरगंज थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संतोष सिंह, राजे सुल्तानपुर थाना अध्यक्ष अक्षय पटेल, हंसवर थानाध्यक्ष अभिनेश कुमार, डिप्टी एसपी प्रदीप सिंह चंदेल और एसडीएम सुभाष सिंह शामिल थे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों की मौजूदगी में तत्काल प्रतिमा की मरम्मत कराई गई। प्रतिमा के चारों ओर सुरक्षा जाली लगाने का निर्णय लिया गया है।

न्यूज ब्रीफ

### वांछित अभियुक्त आजाद सिंह गिरफ्तार

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दोस्तपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त आजाद सिंह उर्फ बन्टी सिंह निवासी मुरैनी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया।

### ज्ञानदीप अभियान का 15वां सप्ताह संपन्न

सुलतानपुर, अमृत विचार : ज्ञानदीप अभियान का 15वां सप्ताह सफलतापूर्वक पूरा हुआ। बच्चों को आयु के अनुसार गणित, भाषा व सामान्य ज्ञान पढ़ाया गया। ठंड को देखते हुए हल्की एक्सरसाइज भी कराई गई। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को व्यक्तिगत रूप से शिक्षित करना है। टीम के कई सदस्य मौजूद रहे।

### त्योहारों पर सौहार्द बनाए रखने के निर्देश

सुलतानपुर, अमृत विचार : आगामी शिवरात्रि, रमजान और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जयसिंहपुर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी ने की। बैठक में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, व्यापारी प्रतिनिधियों व संभ्रांतजनों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी ने संवेदनशील स्थलों की जानकारी लेते हुए सभी से आपसी सहयोग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।

# सड़क हादसे में दुबई से लौटे युवक की मौत

## कूरेभार थाना क्षेत्र स्थित चमुरखा गांव के पास बाइक के अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराने पर हुआ हादसा

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के चमुरखा गांव में रविवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क हादसा हो गया। गांव के पास सड़क किनारे बनी पुलिया से एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तुरंत एम्बुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान तकिया ढेसरुआ थाना कूरेभार निवासी 32 वर्षीय मोहम्मद आजाद पुत्र स्व. अब्दुल रज्जाक के रूप में हुई है। अस्पताल कर्मियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। बताया गया कि मोहम्मद आजाद छह भाइयों में सबसे छोटे थे। वह लंबे समय तक दुबई में काम कर रहे थे और करीब छह माह पहले ही घर लौटे थे। अस्पताल में पत्नी फातमा समेत परिजन मौजूद रहे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है


खड्ड में पलटी क्षतिग्रस्त कार।

### ओवरटेक के चक्कर में खड्ड में पलटी कार

लंभुआ, सुलतानपुर : लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के चौकिया गांव के पास लंभुआ से दुर्गापुर की ओर जा रही एक फोर व्हीलर कार ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राजगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और वाहन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा होते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग किसी वरीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दुर्घटना से जुड़ा एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि तेज रफ्तार कार द्वारा आगे चल रही गाड़ी को ओवरटेक करने के दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

### कुत्ते से टकराकर बाइक सवार घायल

भदैंया, सुलतानपुर : देहात कोतवाली क्षेत्र के पूरे किरता निवासी प्रवेश मौर्य रविवार दोपहर लखनऊ-वाराणसी फोरलेन पर मिश्रपुर मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गए। अचानक सामने आए कुत्ते से बचने में बाइक गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। एंबुलेंस देर से पहुंची, ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया।

# विधि में जेआरएफ हासिल कर अवधेश ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

- 99.61 परसेंटाइल के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर पद के हुए पात्र

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार: क्षेत्र के घाटमपुर दक्षिणी निवासी होनहार छात्र अवधेश चतुर्वेदी ने विधि विषय में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने 99.61 परसेंटाइल अंक हासिल करते हुए न केवल जेआरएफ में सफलता पाई, बल्कि असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए भी पात्रता अर्जित की है।

विधि जैसे अत्यंत प्रतिस्पर्धी विषय में देशभर के हजारों अभ्यर्थियों के बीच जेआरएफ हासिल करना उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शोध के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण माना जा रहा है। अवधेश चतुर्वेदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी तथा इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली से एलएलएम की पढ़ाई पूरी की है। वर्तमान में वह दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। अवधेश ने गत वर्ष नेट परीक्षा क्वालीफाई करने के बाद अपने दूसरे प्रयास में जेआरएफ प्राप्त कर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे पारिवारिक विधिक पृष्ठभूमि को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके पिता हरिराम चतुर्वेदी दीवानी सत्र न्यायालय, सुलतानपुर में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं और वर्षों से न्यायिक व्यवस्था से जुड़े रहे हैं।

# महाशिवरात्रि व होली पर शांति की अपील

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को मोतिगरपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार मयंक मिश्र तथा क्षेत्राधिकारी आर.के. चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान क्षेत्र के शिव मंदिरों एवं होलिका दहन स्थलों की जानकारी ली गई तथा उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। तहसीलदार मयंक मिश्र ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा और किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी लोग पूर्व से चली आ रही परंपराओं के अनुरूप ही त्योहार मनाएं। क्षेत्राधिकारी आर.के. चतुर्वेदी ने बताया कि डीजे संचालकों की अलग से बैठक कर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ध्वनि स्तर सुनिश्चित कराया जाएगा। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


पीस कमेटी की बैठक करते तहसीलदार मयंक मिश्र व सीओ आरके चतुर्वेदी।

- मोतिगरपुर थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक

### इंस्टाग्राम चैट के जरिए 1.37 लाख की ठगी

सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली नगर क्षेत्र की लक्ष्मणपुर कॉलोनी निवासी कोमल सिंह ने इंस्टाग्राम के जरिए ऑनलाइन फ्रॉड का आरोप लगाते हुए साइबर थाने में तहरीर दी है। पीड़िता के मुताबिक वह 12 जनवरी 2025 से एक इंस्ट्राग्राम आई डी से चौट कर रही थी। आरोप है कि सामने वाले व्यक्ति ने लालच और प्रलोभन देकर अलग-अलग बारकोड भेजकर यूपीआई के माध्यम से कई किस्तों में पैसे जमा करवा लिए। पीड़िता के अनुसार 17 जनवरी को 2 हजार, 18 हजार, 15-15 हजार, फिर 18 जनवरी को 18 हजार, 2 हजार, 20 हजार, 27 हजार और 19 जनवरी को 20 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। कुल रकम 1 लाख 37 हजार रुपये बताई गई है। पीड़िता ने साइबर थाना प्रभारी से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एसपी ने मोतिगरपुर थाने का लिया जायजा

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** नवागत पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने रविवार दोपहर मोतिगरपुर थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय अभिलेख, रिसेप्शन रूम, पुलिस मेस सहित थाना परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा पीड़िताओं से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं को जागरूक करने और उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। एसपी ने टॉप-10 अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, शराब, खनन व भू-माफियाओं के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर का अवलोकन किया और थाना परिसर में खड़े लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस मेस की साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा आगंतुकों के लिए स्वच्छ वातावरण, पेयजल व प्रसाधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा थाना परिसर में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक श्रीराम मिश्र, विनोद मिश्र सहित समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।


मोतिगरपुर थाने का निरीक्षण करतीं एसपी चारु निगम।

- थाना परिसर में खड़े लावारिस वाहनों के निस्तारण व मेस की साफ-सफाई के दिए निर्देश

# गायत्री परिवार के तत्वावधान में बिजेथुआ धाम में महा श्रमदान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बिजेथुआ धाम में महा स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोमती मित्र मंडल समिति का विशेष सहयोग रहा, जबकि जनपद के अनेक विशिष्ट जनों ने सहभागिता की।

यह महा श्रमदान अखंड दीपक एवं वंदनीय माताजी के जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित सेवा कार्यक्रमों को समर्पित रहा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुधाकर सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य जनपद के पौराणिक धामों से आमजन को जोड़ना, स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे जनपद के पौराणिक स्थलों पर नियमित रूप से स्वच्छता श्रमदान करें तथा हर रविवार सीताकुंड धाम में होने वाले साप्ताहिक श्रमदान में भी सहभागिता निभाएं। स्वच्छता अभियान प्रातः 8 से अपराह्न 12 बजे तक चला। कार्यक्रम में डॉ. सुधाकर सिंह, रुद्र प्रताप सिंह मदन, सरदार बलदेव सिंह, डॉ. सुभाष, डॉ. पवन सिंह, डॉ. एस.के. गोयल, अरविंद सिंह राजा (अधि.), मुन्ना सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 40 छात्र उत्तराखंड शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट पर रवाना

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर के 40 विद्यार्थियों का एक चयनित दल रविवार को दो मार्गरक्षी शिक्षकों के साथ उत्तराखंड में आयोजित पांच दिवसीय शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुआ। इस शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया।

यह शैक्षणिक दल उत्तराखंड राज्य के देश-प्रसिद्ध संस्थानों, भारतीय वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की तथा पतंजलि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण करेगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की दूरदर्शी, नवाचारी और छात्र-केंद्रित सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर अनुभवात्मक एवं व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने मार्गरक्षी शिक्षकों पंकज कुमार एवं जयप्रकाश यादव को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित, अनुशासित और सफल यात्रा की कामना के साथ रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षक संजय सिंह सोमवंशी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।



छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एमएलसी व अन्य। • अमृत विचार

- प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों का करेंगे भ्रमण अनुभवात्मक शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा बेटा मोहम्मद दाउद मेरे कहने सुनने में नहीं है। उसका चाल चलन गलत लोगों के साथ रहकर बिगड़ गया है। मोहम्मद दाऊद अपनी मां और बहनों से मारपीट, गाली-गलौज कर प्रताड़ित कर रुपयों की मांग करता है। उसकी इन हरकतों से परेशान होकर अपनी सारी संसारिक पारिवारिक सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र मोहम्मद दाउद के लेन देने और उसके किसी भी कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मोहम्मद दाउद से सम्बन्ध रखने और रूपयों की लेन-देन करने वाले इसके स्वयं जिम्मेदार होगे। **-शेख नईम पुत्र शेख खलील निवासी ग्राम दलसराय मजरे कूढासादात कोतवाली, परगना व तहसील रुदौली जनपद अयोध्या।**

**सूचना**
मैने अपना नाम मोहम्मद आसिफ सिद्दिकी (MOHAMMAD ASHSIF SIDDIQUI) से बदलकर मो0 आसिफ (MO ASIF) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0आसिफ पुत्र श्री जैनउद्दीन पता-चक फतेह मोहम्मद, पो0-मोहम्मदपुर गौती जनपद-फतेहपुर उ0प्र0

**सूचना**
मैने अपना नाम नाजमा खातून (NAJAMA KHATOON) से बदलकर नाजिमा खातून (NAJIMA KHATOON) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। नाजिमा खातून अब्दुल खालिक पता-पूरेमियां, पो0-रुदौली जनपद-अयोध्या उ0प्र0

**सूचना**
मैने अपना नाम मुजीबुर्रहमान (MUJIRBU RAHMAN) से बदलकर मो0 मुजीबुर्रहमान MOHD MUJIRBU RAHMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0- मुजीबुर्रहमान पुत्र श्री अजीर्जुरहमान पता-16/25 मिश्राना अमरोधा कानपुर देहात उ0प्र0

**सूचना**
मैने अपना नाम KAPIL KUMAR से बदलकर KAPIL KUMAR PAL रख लिया है आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GAYA PRASAD R/0-549/279 BADA BARHA, ALAMBAGH, DIST-LUCKNOW-226005 (U.P.)

**सूचना**
पहले मेरा नाम GOLU था अब मैने बदलकर अपना नाम GOLU KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- SHIV PAL R/O- GRAM INAYATPUR BARRA INAYATPUR UNNAO -241503

**सूचना**
मेरा नाम **खलील उल्लाह पुत्र हबीब उल्लाह खां निवासी धरमपुर, लीला पारा पोस्ट-अमवा मौलवी, थाना - मटेरा जिला बहराइच** है, अब मैने अपना नाम बदलकर खलील उल्लाह खां पुत्र- हबीब उल्लाह खां रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
मेरा नाम प्रेम कुमार है। यही नाम वोटर कार्ड में भी दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश प्रमोद दर्ज हो गया है। मेरा असली नाम प्रेम कुमार ही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रेम कुमार पुत्र रामनाथ, निवासी नरपतिपुरवा, मजरा तासखेड़ा, ब्लाक सुरसा, थाना शहर कोतवाली, तहसील व जिला हरदोई।**

**सूचना**
मेरा नाम पटेशर सोनकर पुत्र गोबरे सोनकर निवासी बढ़ई गांव पोस्ट चमार पुरवा थाना मल्हीपुर जिला श्रावस्ती है, अब मैने अपना नाम परेशर सोनकर पुत्र गोबरे सोनकर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHAHVAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD SHAHVAN रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD SHAHVAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- KAMASUT ALI R/O- NAWABPUR POST-KHALGAON MAHMUDABAD, SITAPUR

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD NADEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD NADEEM रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD NADEEM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- ZAHID MIYAN R/O- 461/133, D.P BORA PLOT MOHINI PURWA POST CHOWK, LUCKNOW

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD KAYOOM था अब मैने बदलकर अपना नाम ABDUL KAYYUM रख लिया है भविष्य में मुझे ABDUL KAYYUM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- RAHMAT ALI R/O- BAGMEERA MANGRAULI RANIGANJ, AMETHI

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं राधेश्याम पुत्र राम अवतार, निवासी ग्राम पूरे कादिल, थाना शिवरतनगंज, तहसील तिलोई, जनपद अमेठी, द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम बदलकर अब्दुल्लाह पुत्र राम अवतार रख लिया गया है। उक्त नाम परिवर्तन दिनांक 05.02.2026 को विधिवत नोटरी द्वारा सत्यापित है। भविष्य में समस्त अभिलेखों एवं कार्यों में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **अब्दुल्लाह (पूर्व नाम राधेश्याम)**

**सूचना**
मैं **जैनुल आबदीन पुत्र अब्दुल कादिर, आयु लगभग 64 वर्ष, निवासी ग्राम पूरे बहबल, मजरा व पोस्ट महोनापश्चिम, थाना बाजारशुक्ल, तहसील मुसाफिरखाना, जिला अमेठी (उ.प्र.)** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे अभिलेखों में नाम भिन्न-भिन्न अंकित है। आधार कार्ड में मेरा सही नाम Jainul Abdeen Son of Abdul Kadir दर्ज है, जबकि पैन कार्ड में Jainuddin Kadar Khan Son of Kadar Khan अंकित है। अतः भविष्य में मेरा सही एवं मान्य नाम Jainul Abdeen Son of Abdul Kadir ही माना जाए।

# प्रयागराज को हरा हरियाणा ने जीता मैच

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा जाया नहीं जाती। अपनी प्रतिभा का ही लोहा मनवाकर खिलाड़ी देश व विदेश में अपना परचम लहराते हैं तथा देश का नाम रोशन करते हैं। उक्त विचार लंभुआ के गरएं गांव में आयोजित महाराणा प्रताप अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन के मौके पर भाजपा नेता विकास वर्मा ने व्यक्त किए।

ग्राम प्रधान नीरव सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने किया। प्रतियोगिता में हरियाणा, प्रयागराज, दिल्ली, गंगापुर जौनपुर, गोरखपुर व सिवान की टीम ने भाग लिया। उद्घाटन मैच हरियाणा एवं प्रयागराज के बीच दो पारियों में खेला गया। हरियाणा ने प्रयागराज को दोनों पारियों में 25-20 तथा 25-22 से हरा दिया। इसके बाद गंगापुर जौनपुर तथा दिल्ली के बीच खेले गए मैच में दोनों पारियों में दिल्ली ने गंगापुर जौनपुर को हरा दिया। तीसरा मैच हरियाणा एवं सिवान बिहार के बीच खेला गया। प्रतियोगिता के आयोजन नीरव सिंह ने बताया कि समापन देर रात होगा और विजेता तथा उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर दिनेश सिंह, कैलाश दूबे, रविंद्र सिंह, अजय सिंह, देवी सिंह, प्रमोद सिंह, लल्लन सिंह, रंजीत सिंह, सूर्य सेन सिंह, उमेश पांडे आदि मौजूद थे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि।

- लंभुआ के गरएं गांव में महाराणा अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# डॉ. अब्दुल करेंगे यूपी का प्रतिनिधित्व

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सिविल लाइन निवासी एवं जिला ओलंपिक संघ के प्रवक्ता डॉ. अब्दुल हमीद का चयन खेल निदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज कबड्डी टीम में किया गया है। यह टीम 9 से 14 फरवरी 2026 तक चंडीगढ़ (पंजाब) के कबड्डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-42 में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

. टीम मैनेजर सुनील कुमार एवं टीम कोच रवि राठी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज कबड्डी टीम चंडीगढ़ पहुंच चुकी है। इस प्रतियोगिता में देशभर के सभी राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। डॉ. अब्दुल हमीद इससे पूर्व 2013 में चंद्रशेखर नायर स्टेडियम त्रिवेंद्रम (केरल), 2014 में सवाई मानसिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम जयपुर (राजस्थान), 2017 में तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल (मध्य प्रदेश) तथा 2024 में त्यागराज स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कबड्डी प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग कर चुके हैं। वर्तमान में डॉ. अब्दुल हमीद राजकीय इंटर कॉलेज टीकर माफी, अमेठी में प्रवक्ता (तर्कशास्त्र) के पद पर कार्यरत हैं। उनके चयन पर पूर्व खेल मंत्री व ओलंपिक संघ अध्यक्ष ओ.पी. सिंह, ओलंपिक संघ सचिव पंकज दुबे, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, खेल शिक्षक राजेश कनौजिया, राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सरिता सिंह सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।


डा. अब्दुल हमीद। • अमृत विचार

- अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कबड्डी प्रतियोगिता

खेलकूद

## रैना जगदीशपुर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में 9 रनों से जीत, दर्शकों में दिखा जबरदस्त उत्साह

# शोएब की बल्लेबाजी से एहसार इलेवन बना चैंपियन

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के रैना जगदीशपुर में आयोजित स्व. पंडित कालीदीन तिवारी स्मारक लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के 36वें संस्करण का फाइनल मुकाबला रोमांचक माहौल में खेला गया। खिताबी भिड़ंत ताज इलेवन दौनौ और एहसार इलेवन सोनबरसा के बीच हुई, जिसमें एहसार इलेवन सोनबरसा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एहसार इलेवन सोनबरसा की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 104 रन बनाए। टीम की ओर से शोएब ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में 41 रनों की आतिशी पारी खेली, जिसने मैच की दिशा तय कर दी और दर्शकों को खूब रोमांचित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ताज इलेवन दौनौ की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। टीम ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन 15 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 95 रन ही बना सकी। इस तरह एहसार इलेवन सोनबरसा ने 9 रनों से फाइनल जीतकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के प्रयोजक तिलकराम यादव ने विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को रेंजर साइकिल देकर सम्मानित किया। वहीं, उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को इमरान मोनू एवं शोएब की ओर से फर्राटा पंखा भेंट किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसौली विधायक ताहिर खान रहे। मैच में अंपायर की भूमिका सोनू तिवारी और विपिन राज ने निभाई। कमेंट्री दिलीप कुमार एवं सूर्यनाथ शुक्ला ने की, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी कमलेश कुमार और राधेश्याम तिवारी ने संभाली। इस अवसर पर आयोजक विजय पांडेय, उमेशचंद्र पांडेय, जीपू पांडेय, विजय सिंह, उस्मान, अली रजा, शैलेन्द्र सिंह सहित क्षेत्र के हजारों क्रिकेट प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार

### जमीन के विवाद में धारदार हथियार से हमला, 3 घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर में रविवार सुबह जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित दयानंद पुत्र रामखेलावन ने बताया कि विवाद पुश्तैनी जमीन को लेकर हुआ। आरोप है कि दूसरे पक्ष के जियालाल ने बाहरी लोगों को बुलाकर जबरन कब्जे का प्रयास किया और विरोध करने पर घर में घुसकर दयानंद की पुत्री शकुंतला, पुत्र शिवकुमार व बहू सरिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात कारणों से लगी आग, छप्पर हुआ राख

गोंडा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र परसपुर अंतर्गत ग्राम मधईपुर खांडेराय में छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही अफरातफरी मच गई। पीड़ित मंगल सिंह ने बताया कि उनके घर के सामने रखे छप्पर में अचानक आग भड़क उठी, जिसमें एक भैंस बंधी हुई थी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए भैंस की रस्सी काटकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों के प्रयास से पशु की जान बच गई, लेकिन छप्पर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग से घरेलू सामान भी जलने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना परसपुर पुलिस को दी गई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### खैरम गांव में सांड़ के हमले में किसान घायल

कटरा बाजार, गोंडा : क्षेत्र के खैरम गांव में खेत की रखवाली करने गए किसान को छुट्टा सांड़ ने हमला करके घायल कर दिया। परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया है। कटरा बाजार ब्लाक के ग्राम पंचायत नदावा के खैरम निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि वह अपने खेत की रखवाली करने गया था अचानक छुट्टा जानवर सांड आ गया। वह उसे खदेड़ रहा था। जानवर पास के गौ आश्रय केंद्र में गेट तोड़कर घुस गया वहां भी दूसरे जानवर पर हमलावर हो गया। जैसे ही उसे वहां से खदेड़ना चाहा उसने सींग से पटक दिया।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव

## सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में बोले मंत्री दारा सिंह चौहान

संवाददाता गोंडा


केंद्रीय बजट पर जानकारी देते प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान। अमृत विचार

अमृत विचार: कैबिनेट मंत्री कारागार विभाग एवं प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत के मजबूत नींव कहा। वह रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कर्तव्य भवन से प्रस्तुत यह पहला बजट आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को और मजबूत करता है। बजट में युवाओं, किसानों, महिलाओं, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सभी वर्गों का समान रूप से ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय संरचनात्मक सुधारों, रोजगार सृजन और दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दी है। बजट में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास की गति को तेज किया गया है। राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने, ऋण-से-जीडीपी अनुपात घटाने और राज्यों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने से संघीय ढांचे को मजबूती मिलेगी। शिक्षा और चिकित्सा के लिए टीसीएस में कमी, 12 लाख रुपये तक आय पर शून्य कर और कैंसर व दुर्लभ रोगों की दवाओं पर शुल्क छूट से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने इसे विवाद से विश्वास की ओर सरकार की स्पष्ट सोच बताया। कौशल विकास, शिक्षा से रोजगार की कड़ी, टियर-2 और टियर-3 शहरों में अवसरों का विस्तार तथा एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। बायोफार्मा, सेमीकंडक्टर, वस्त्र और आधारभूत संरचना में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## जेआरएफ परीक्षा में सफल होकर बढ़ाया मान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : विकासखंड बेलसर के ग्राम पंचायत तेलहा निवासी ग्राम प्रधान सूर्यकान्त सिंह की पुत्री कोमल सिंह ने यूजीसी–नेट के अंतर्गत जेआरएफ (असिस्टेंट प्रोफेसर) परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कोमल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा क्षेत्रीय विद्यालय अवध शरण से प्राप्त की तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ पब्लिक स्कूल से पूर्ण की। इसके उपरांत उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक (बीए) एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से स्नातकोत्तर (एमए) की शिक्षा ग्रहण की। पहले ही प्रयास में जेआरएफ परीक्षा में सफलता अर्जित की है।

कोमल के पिता सूर्यकान्त सिंह जहां ग्राम प्रधान हैं, वहीं माता संगीता सिंह गृहिणी हैं। बेटी की इस सफलता पर परिवार सहित गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सोनू सिंह, शिवम सिंह, अर्पित शुक्ला, पंकज सिंह, पंचम सिंह, अवनीश शुक्ला ने बधाई दी है।

## अटल आवासीय विद्यालय में अब 15 तक आवेदन

गोंडा, अमृत विचार: शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए में कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि विस्तारित कर दी गई है। महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय ने मंडलायुक्त को निर्देश जारी किए हैं। अब 15 फरवरी तक प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। इच्छुक लोगों से इसी तिथि के भीतर आवेदन करने के लिए कहा गया है। पहले यह 31 जनवरी तक था। आवेदनों का सत्यापन 25 फरवरी तक किया जाएगा, जबकि प्रवेश पत्र 26 से 28 फरवरी 2026 के बीच जारी होंगे।

# 410 कैडेटों ने परीक्षा में लिया भाग

बेलसर, गोंडा


शस्त्र परीक्षा देते कैडेट। अमृत विचार

अमृत विचार: 48 बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में एनसीसी का ए प्रमाण पत्र परीक्षा के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। तिवारी ने कहा कि ए प्रमाण पत्र एनसीसी कैडेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सूबेदार मेजर अनंगपाल सिंह ने कहा कि परीक्षा दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में एनसीसी कैडेट्स की प्रयोगात्मक परीक्षा हुई जिसमें फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, शस्त्र परीक्षण आदि सम्मिलित रहा। तदुपरांत कैडेट्स की लिखित परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि ए प्रमाण पत्र की परीक्षा में कुल नौ इंटर कॉलेज महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर, सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगमगंज, रामलाल इंटर कॉलेज कटरा बाजार, ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी गोंडा, कन्हैया लाल इंटर कॉलेज करनैलगंज, किसान इंटर कॉलेज भभुआ, तुलसी इंटर कॉलेज परसपुर, गंगा प्रसाद मिश्रीलाल इंटर कॉलेज कौड़िया गोंडा के कुल 422 एनसीसी कैडेट्स पंजीकृत थे जिसमें से 410 उपस्थित और 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# एलटी ग्रेड व यूजीसी-नेट में रवि को मिली सफलता

करनैलगंज, गोंडा


रवि प्रताप सिंह।

अमृत विचार: क्षेत्र के ग्राम कांधी पिपरी निवासी रवि प्रताप सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह ने एक बार फिर शैक्षिक उपलब्धि से क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एलटी ग्रेड प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही दिसंबर में आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय से भी उत्तीर्ण होकर अपनी मेधा का परिचय दिया है। बताते चलें रवि प्रताप सिंह इससे पूर्व जून 2025 में हिंदी विषय से यूजीसी-नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। वर्तमान में वह बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। उनका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर देश और समाज की सेवा करना है। उनकी इस सफलता पर परिवार, गुरुजनों व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### डाक सहायक के स्थानांतरण पर दी विदाई


डाक सहायक को विदाई देते साथी कर्मचारी। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : उपडाकघर ददुआ बाजार में कार्यरत डाक सहायक कुलदीप तिवारी का स्थानांतरण लखनऊ हो जाने पर उपडाकघर परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सहकर्मी कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए स्मृति-चिह्न भेंट किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व डाक अधीक्षक सूबेदार सिंह, उप पोस्ट मास्टर बड़गांव बी पी सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, आयुष सिंह, सर्वेश कुमार वर्मा, अनुप गुप्ता, पवन शर्मा, करणेश कुमार शुक्ल, अभिषेक मिश्रा, मो. वसीम, विवेक वर्मा, बी.पी. सिंह (ट्रेडिंग), मो. तुफैल, रवीश यादव, सरजू प्रसाद, अनिल त्रिपाठी, रामचन्द्र श्रीवास्तव, राजू यादव एवं स्वामी विश्वनाथ सिंह उपस्थित रहे।

# बैठक में अधिवक्ता हितों और संगठन पर चर्चा

नवाबगंज, गोंडा


संस्कृत महाविद्यालय में बैठक करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अमृत विचार : कस्बे के संस्कृत महाविद्यालय में रविवार को अधिवक्ता संगठन कामन लायर्स एसो. की वार्षिक बैठक हुई। बैठक में अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, संगठनात्मक मजबूती और आगामी बार एसो. चुनाव को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि एसो. अध्यक्ष हरिश्चंद्र तिवारी व महासचिव अभिषेक मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अवधेश शुक्ला एवं अरुण कुमार गौतम ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि ने कहा अधिवक्ताओं की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। महासचिव अभिषेक मिश्रा ने संगठन की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिवक्ताओं से संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अवधेश शुक्ला ने कहा यदि उन्हें अधिवक्ताओं का समर्थन मिलता है तो वे अधिवक्ता कल्याण, चैंबर सुविधाओं में सुधार, पुस्तकालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच समन्वय और न्यायिक कार्यों में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। लखनऊ हाईकोर्ट से आई अधिवक्ता प्रिया सिंह ने महिला अधिवक्ताओं की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य वातावरण की आवश्यकता बताई। कर्नलगंज से जगदंबा प्रसाद मौर्य, रामबाबू पांडे, दुर्गा प्रसाद यादव और राजेश पांडे ने अधिवक्ताओं के हित में संगठन की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में लक्ष्मी सिंह, आदित्य तिवारी, राम प्रकाश यादव, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, शिम्मी, रमजान अली, कृष्ण कुमार, राज बंधु, राजेश कुमार, सुधीर तिवारी, राम सुंदर आर्या, राजेश गौतम, मुजीब, कुमारी दिव्या, आरजू, सुरेश कुमार, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

# चिता से उठाकर पोस्टमार्टम को भेजा विवाहिता का शव

खरगूपुर, गोंडा: विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इसके बाद मृतका के पिता के कहने पर एस पी के निर्देश पर पुलिस ने शव को चिता से उठाकर दूसरी बार पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं मृतका के पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर व ननद के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। बिशुनापुर बेलभरिया गांव में शनिवार सुबह पम्मी तिवारी (27) पत्नी मन्नू तिवारी की ससुराल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। बेटी की मौत की सूचना पर मायके से बेटी के ससुराल पहुंचे उसके पिता महेश शुक्ल निवासी ग्राम बउआ बसंतपुर थाना हुजूरपुर बहराइच ने बेटी की ससुरारी जनों द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को तहरीर दी थी।जिस पर पुलिस ने पति मन्नू तिवारी, ससुर राजकुमार तिवारी, सास बिट्टू देवी तथा ननद मुन्नी देवी के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज किया था।महेश शुक्ल द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि जब वह बेटी के ससुराल पहुंचे तो वह जमीन पर मृत्यु पड़ी थी। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर मायके वालों ने एसपी से शिकायत कर शव का फिर पीएम कराए जाने की मांग की। शव पीएम बाद उसके ससुराल विशुनापुर बेलभरिया में ससुरारी जन अंतिम संस्कार के लिए चिता तक ले गए। जलने से पूर्व प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रविवार को पुनः भेजा है।

### पुल निर्माण के लिए हस्ताक्षर अभियान जारी



प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

इटियाथोक, गोंडा : जर्जर बिसुही पुल के लिए दूसरे दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। दूसरे दिन भी बिसुही पुल के निर्माण के लिये हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हजारों की संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। स्थानीय लोगों की मांग है के दस मीटर चौड़ी सड़क पर पुल का निर्माण कराया जाए। सड़क निर्माण के वक्त से लेकर पिछले 15 साल से लोग पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है। छात्र पंचायत के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि आज लगातार दूसरे दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी रहा। तीन मीटर सकरे पुल से हजारों वाहनों का आवागमन होता है लेकिन प्रशासन और शासन चुपी साधे है। रोज जाम लगता है और स्थानीय लोगों का निकलना मुश्किल होता है। मरीजों को ले जाते वक्त एंबुलेंस भी फंसी रहती है। इस अवसर पर अधिवक्ता अवधेश तिवारी, रिजवान खान, विकास द्विवेदी, अमित शुक्ला, फिरोज खान, सहबान अली, अबरार खान, शिवा दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### जेपीओपी मेमोरियल में हुई फेयरवेल पार्टी


फेयरवेल पार्टी में कक्षा 12 के बच्चे व विदाई देते शिक्षक और सहपाठी। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा : नगर के सरयू डिग्री कॉलेज रोड स्थित जेपीओपी मेमोरियल कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में रविवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद दिव्यांशी, आयुषी तिवारी, बुशरा फातिमा, तमन्ना दुबे, आराध्या तिवारी सहित अन्य छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और अपने विद्यालयी जीवन के अनुभव साझा किए। गुरुजनों ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा को लेकर मार्गदर्शन देते हुए मोटिवेशनल स्पीच दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक वीके श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य जीके श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश गुप्ता, अध्यापक कृष्ण गोपाल तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, अरविन्द वर्मा, राहुल गुप्ता, आशुतोष, गोल्डी मिश्रा, पूर्णिमा सोनी, साक्षी सिंह, प्रतिमा वाजपेयी, श्रुति यज्ञसेनी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्टाफ मौजूद रहे।

# गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई: खलील की 52 लाख की धनराशि सीज

गोंडा कार्यालय: संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात ने वर्ष 2024 में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ा कदम उठाते हुए अपराध से अर्जित लाखों रुपये की संपत्ति को सीज कर दिया गया है। 28 जनवरी 2026 को की गई इस कार्रवाई में गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त चांदबाबू उर्फ तौफीक पुत्र मो. खलील तथा मो. खलील उर्फ अब्दुल हाजी निवासी पटेलनगर, मालवीय नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोंडा के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अवैध गतिविधियों के माध्यम से अर्जित की गई कुल 52,42,632.49 रुपये की धनराशि को सीज करते हुए उसके आहरण पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है।

बताया गया कि यह रकम अभियुक्तों द्वारा बैंक ऑफ इंडिया एवं एचडीएफसी बैंक के विभिन्न खातों में छुपाकर रखी गई थी। पुलिस ने बैंक खातों की जांच के बाद यह कार्रवाई सुनिश्चित की। इस कदम से अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ने की मंशा स्पष्ट रूप से सामने आई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों को वित्तीय रूप से पंगु बनाना तथा अपराध की जड़ पर प्रहार करना है। पुलिस ने कहा अपराध से अर्जित संपत्ति किसी भी सूरत में बख्शी नहीं जाएगी।

# वीसी ने लिया पठन-पाठन व आवास सुविधाओं का जायजा


कृषि महाविद्यालय का निरीक्षण करते कुलपति। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा: डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या व आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिजेंद्र सिंह ने रविवार को सकरौरा स्थित कृषि महाविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने छात्रों के पठन-पाठन, आवास, खेलकूद समेत अन्य सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। दोपहर करीब एक बजे कुलपति महाविद्यालय पहुंचे। छात्रों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। अधिष्ठाता डॉ. भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्राध्यापकों व छात्रों ने गुलाब का पुष्प भेंट कर उनका अभिवादन किया। उसके बाद कुलपति ने छात्रावास, खेल मैदान और अतिथि गृह का निरीक्षण किया। बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तत्काल सोलर प्लांट लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में चंदन का पौधा भी रोपित किया। उसके बाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने तालियों से स्वागत किया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के बाद कुलपति ने कहा कि महाविद्यालय को गुरुकुल की तरह बनाकर रखें। सुबह उठकर साफ-सफाई, व्यायाम व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। समय सारिणी बनाकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि एक ही जिले के छात्र एक साथ बैठने के बजाय अलग-अलग बैठें, जिससे एक-दूसरे से सीखने को मिलेगा। कुलपति ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही सड़क, पुलिस चौकी, डॉक्टर, एंबुलेंस और आने-जाने के लिए बस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अधिष्ठाता डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि कुलपति के मार्गदर्शन से महाविद्यालय को नई पहचान मिली है। डॉ. शिवजी सिंह ने कहा कि कुलपति और समर्पित अधिष्ठाता की डबल इंजन ताकत से कभी जंगल रहा यह स्थान आज सुंदर शैक्षिक परिसर बन गया है।

### जीवन जीने की कला है भक्ति


कथा सुनाते अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य। अमृत विचार

नवाबगंज, गोंडा : क्षेत्र के मनकापुर रोड स्थित सिरसा कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार की सायं भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। भगवान कपिल और माता देवहूति के दिव्य संवाद के वर्णन के साथ ही पूरा कथा पंडाल श्रद्धा और साधना के भाव में डूब गया। कथा वाचक अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा संघर्ष बाहरी नहीं, बल्कि उसके भीतर छिपे विकारों से होता है। भगवान कपिल ने माता देवहूति को यह समझाया कि जब चित्त निर्मल हो जाता है, तभी आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान पाती है। सांख्य योग का मार्ग मन को स्थिर कर परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भक्ति केवल भाव नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। माता देवहूति का जीवन यह संदेश देता है कि ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के समन्वय से ही परम शांति की प्राप्ति संभव है। प्रवचनों के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और बार-बार जयघोष से वातावरण गुंजायमान होता रहा।

# गोरखपुर जोन कुश्ती-कलस्टर में गोंडा पुलिस अव्वल

गोंडा कार्यालय


विजेता टीम खिलाड़ी व ट्राफी के साथ एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

अमृत विचार: गोरखपुर जोन की 31वीं अंतर्जनपदीय कुश्ती-क्लस्टर (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता में गोण्डा पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप अपने नाम की। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुश्ती-क्लस्टर (कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग) प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 फरवरी तक जनपद बस्ती में किया गया, जिसमें गोरखपुर जोन के सभी जनपदों के पुलिस खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गोण्डा पुलिस के खिलाड़ियों ने टीम प्रभारी व कोच के कुशल नेतृत्व में अनुशासित एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेजबान जनपद बस्ती को 30 अंकों से पराजित कर निर्णायक बढ़त के साथ चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।

फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में उप निरीक्षक जगदीश यादव (97 किग्रा), हेड कांस्टेबल शैलेश मौर्या (90 किग्रा), अफजल अली (65 किग्रा), कांस्टेबल राजकुमार राणा (57 किग्रा) तथा शिवानन्द यादव (70 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं हेड कांस्टेबल ओमकार विश्वकर्मा (74 किग्रा), दिनेश कुमार (79 किग्रा) और कांस्टेबल आयुष कुमार यादव (82 किग्रा) ने रजत पदक अर्जित किया। ग्रीको-रोमन कुश्ती में हेड कांस्टेबल जान मोहम्मद ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आर्म रेसलिंग में आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार और महिला आरक्षी अनीता चौरसिया ने 80 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर महिला पुलिस की खेल प्रतिभा का परिचय दिया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र गुप्ता ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया।रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और खेल संसाधन समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं पुलिस बल में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक-मानसिक क्षमता को मजबूत करती हैं।

# हॉकी से सिर पर हमला युवक बेहोश, केस दर्ज

नवाबगंज, गोंडा: थाना क्षेत्र के ढेमवा घाट चौकी अंतर्गत गोकुला गांव के चोंडवा मजरा निवासी नीबर यादव पुत्र खेलावन यादव ने शनिवार देर शाम थाने पर तहरीर देकर गंभीर मारपीट की घटना की जानकारी दी। तहरीर के अनुसार, शनिवार शाम करीब 6 बजे उनका पुत्र भीम गांव के चौराहे पर सब्जी खरीदने गया था। इसी दौरान गांव के ही गौरव यादव पुत्र कालीचरण ने उसे रोक लिया और अचानक हॉकी से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में भीम मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना पास में मौजूद कुछ ग्रामीण युवकों ने परिजनों को दी, जिसके बाद घायल को उपचार के लिए ले जाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### कल बलरामपुर आएंगी राज्यपाल आनंदीबेन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 10 फरवरी मंगलवार सुबह 12:00 बजे निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर पहुंचेंगी। वहां से वह कलेक्ट्रेट पहुंचेंगी। कलेक्ट्रेट के बाद एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम में राज्यपाल प्रतिभाग करेंगी। वैक्सीनेशन कार्यक्रम के बाद वह मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। शाम 3:50 पर फिर यहां से लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगी।

### शाखा प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कस्बा कौड़िया बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा खाताधारकों से अभद्र व्यवहार किये जाने की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है। बैंक के उप महाप्रबंधक को पत्र भेजकर महाकाल गैस एजेंसी, उजाला टेड्रर्स, कृष्णा ट्रेडर्स के फर्म मालिकों व अन्य खाताधारकों ने कहा कि शाखा प्रबंधक रुपयों की लेन-देन के दौरान अभद्र व्यवहार करते हैं। रुपयों का स्त्रोत व उसके खर्च का हिसाब पूछते हैं, जब खाताधारक उनका जवाब नहीं देता है तो उसे बेइज्जत करते हैं साथ ही पुलिस मे शिकायत की धमकी देते हैं। प्रवेश चंद तिवारी, बलदेव मिश्र, कृष्ण चंद्र, अरविंद गुप्ता, रितेश रस्तोगी, अशोक कुमार, अनिल कुमार, शिवशंकर, रामपूजन आदि लोगों ने बताया कि जब शाखा प्रबंधक से व्यवहार का कारण पूछा गया तो उन्होंने स्थानांतरण करवाने का हवाला दिया।

### 60 लाख की लागत से पुलिया का होगा निर्माण

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** विशुनापुर में 60 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड व पुलिया निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने रविवार को फीता काटकर शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक श्री द्विवेदी ने कहा कि थोड़ी सी बारिश के दौरान यहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। पुलिया का निर्माण पूरा हो जाने के बाद राहगीरों को सुविधा होगी।

### मदरसा में 37 बच्चियों की दस्तारपोशी

**उतरौला बलरामपुर, अमृत विचार :** सुभाष नगर स्थित मदरसा गुलशने तय्यबा फ़ात्मा में रविवार को दस्तारपोशी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज के मैदान में हुआ। मदरसे से शिक्षा प्राप्त कर चुकी 37 बच्चियों की दस्तारपोशी की गई। टॉपर बच्चियों मन्ना बानो अंसारी, आलिया खान और कहकशा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता आलिमा शाहिस्ता बलियावी ने कहा कि आज के समय में बच्चियों के लिए इल्म-ए-दीन के साथ इल्म-ए-दुनिया का हासिल करना बेहद आवश्यक है। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहम्मद नूरुद्दीन इस्माइल ने की।

# भाई को बचाने दौड़े युवक की हत्या

## गोंडा में खेत से गन्ना चोरी का विरोध करने पर पीट-पीटकर ले ली जान

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** वार्ड नंबर पांच स्थित बाबूपुर में खेत की रखवाली के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गन्ना चोरी को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

मृतक के छोटे भाई सियाराम के अनुसार, उनके खेत से काफी दिनों से गन्ने की चोरी हो रही थी। रविवार की शाम खेत की रखवाली के लिए उनका छोटा भाई दद्दन खेत पर गया था। इसी दौरान उसने गांव के कुछ लोगों को गन्ना चोरी करते हुए पकड़ लिया। इस पर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। हल्ला-गुहार सुनकर बड़े भाई बच्चा राम चौबे मौके पर अपने भाई को बचाने पहुंचे, लेकिन आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने उन पर भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया और बेरहमी से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद परिजन बच्चा राम को सीएचसी ले गए, जहां डॉ. अरुण सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक बच्चा राम के नौ बेटियां हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी।


रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने इनामी गैंगस्टर को दबोचा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद कोतवाली देहात पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट से जुड़े 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सूचना के आधार पर सिरसिया के पास से अभियुक्त राघवेन्द्र मणि तिवारी उर्फ ददू तिवारी, निवासी बलुहा, को दबोचा गया। लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त की तलाश पुलिस कर रही थी, जिस पर इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी के नेतृत्व में की गई।

## शादी का कार्ड बांटने निकले चाचा को डंपर ने कुचला, मौत

● भतीजी के विवाह से पहले घर में पसरा मातम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भतीजी की शादी का कार्ड बांटने निकले चाचा की हादसे में मौत हो गई। उतरौला मार्ग स्थित नहर बालागंज चौराहा के पास तेज रफ्तार डंपर ने सुनील कुमार मिश्र (34) पुत्र शीतला प्रसाद मिश्र को रौंद दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

सुनील कुमार मिश्र देहात कोतवाली क्षेत्र के जोरावरपुर ढोढ़वा के निवासी थे। उनके भाई अमित मिश्र ने बताया कि बड़े भाई दुर्गेश नंदन मिश्र की बेटी के विवाह कार्यक्रम तय थे। सोमवार को फलदान और मंगलवार को तिलक होना था। तिलक में देने के लिए बुलेट बाइक खरीदी गई थी। रविवार को सुनील उसी बाइक से शादी का कार्ड बांटने निकले थे, तभी यह हादसा हो गया। सुनील पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। परिजनों के अनुसार सुनील गुजरात के सूरत में रहकर काम करते थे और भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही घर लौटे थे। उनके पीछे पत्नी मोहिनी और चार वर्षीय पुत्र पूरब मिश्र है। जिस घर में शादी की खुशियां थीं, वहां अचानक मातम पसर गया।

## 750 एनसीसी कैडेटों ने दी परीक्षा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के तत्वावधान में देवीपाटन मंडल अंतर्गत संचालित एनसीसी कैडेटों के लिए ए सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए बलरामपुर में तीन, बहराइच में एक तथा श्रावस्ती में एक परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल ने बताया कि परीक्षा में कुल 793 कैडेट पंजीकृत थे, जिनमें से 750 कैडेट उपस्थित रहे जबकि 43 कैडेट अनुपस्थित पाए गए। बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज एवं फजले रहमानिया इंटर कॉलेज, बहराइच में नवयुग इंटर कॉलेज मिहीपुरवा तथा श्रावस्ती में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। पांचों केंद्रों पर कैडेटों की लिखित परीक्षा के साथ-साथ प्रैक्टिकल परीक्षा भी कराई गई। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण व अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुई।


एनसीसी सर्टिफिकेट ए की परीक्षा में प्रतिभाग करते कैडेट्स। ● अमृत विचार

## गड्ढे में मिला लापता वृद्धा का शव

**नवाबगंज, गोण्डा**

**अमृत विचार :** कस्बे के मुट्ठीगंज मोहल्ला में रविवार की शाम करीब चार बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब सफी उल्ला के गोभी के खेत के बगल स्थित पानी से भरे एक गड्ढे में एक बुजुर्ग महिला का औंधे मुंह शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शव की पहचान शहोदरा (75) पत्नी मुन्नीलाल निषाद, निवासी बढ़ई पुरवा (मिशन स्कूल) के रूप में हुई है। बताया गया कि बीते 5 फरवरी को बुजुर्ग महिला अपना उपचार कराने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी थी। काफी तलाश के बावजूद उसका कहीं पता न चलने पर परिजनों ने स्थानीय थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, मृतका मूल रूप से थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव स्थित राजा फार्म की रहने वाली थी। कुछ वर्ष पूर्व उसने कस्बे के बढ़ई पुरवा में घर बनाकर परिवार सहित रहना शुरू किया था। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि मृतका के पति की पहले ही मौत हो चुकी है।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत त्रिलोकपुर-डुमरी गांव के मोड़ पर सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष आंकी गई है। युवक के शरीर पर ऐसा कोई स्पष्ट पहचान चिह्न नहीं मिला है, जिससे उसकी तत्काल पहचान हो सके। पुलिस द्वारा शव की पहचान के लिए आसपास के ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों से जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## बेकाबू कार की टक्कर से शिक्षिका व बच्चा घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अयोध्या जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा नगर जनौरा निवासी राजेश कुमार सिंह ने नवाबगंज थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते 03 फरवरी को अपराह्न करीब 3:30 बजे वह अपनी कार से नवाबगंज से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अयोध्या-गोरखपुर राजमार्ग पर लोलपुर स्थित जिलानी कोयला डिपो के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि टक्कर मारने वाला चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के समय कार में सवार सहायक अध्यापिका आकांक्षा मिश्रा अपने सात माह के बच्चे के साथ घायल हो गईं।

दोनों को उपचार के लिए अयोध्या के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक व वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही फरार चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### परीक्षाओं में शामिल हुए 67 हजार छात्र

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गईं। विवि से संबद्ध बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और गोंडा के 182 महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षाओं में करीब 67 हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जबकि लगभग 2300 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं को नकलविहीन कराने के लिए कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह के निर्देशन में पांच नोडल केंद्रों और 106 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया था। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी की गई और कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। उड़ाका दलों के निरीक्षण में करीब 25 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। कुछ महाविद्यालयों में अनियमितता पर परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिए गए तथा जांच समितियों का गठन किया गया। विवि प्रशासन ने बताया कि 31 जनवरी से मूल्यांकन का कार्य शुरू हो चुका है।

### पैंटून पुल की मंजूरी पर सीएम योगी का जताया आभार

**बलरामपुर अमृत विचार :** घाघरा घाट स्थित संजय सेतु की मरम्मत के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पैंटून पुल बनाने की अनुमति प्रदेश सरकार ने दे दी है। इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने पैंटून पुल की मंजूरी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। बताया गया कि एक दिन पूर्व पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से भेंट कर संजय सेतु पर यातायात बंद होने से पहले वैकल्पिक पैंटून पुल बनाए जाने की मांग रखी थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य मेलों में 1793 मरीजों को मिला उपचार


मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** जिले के सभी 31 पीएचसी पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1793 मरीजों को नि:शुल्क उपचार प्रदान किया गया। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसई में आयोजित मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और रोकथाम संभव हो पा रही है।

### शिक्षा व राष्ट्रभक्ति का संगम बना सरस्वती विद्या मन्दिर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज शिक्षा के भारतीय मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। विद्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विद्या भारती अभिलेखागार विभाग के अखिल भारतीय संयोजक राजेंद्र सिंह बघेल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और भारतीय शिक्षा दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यालय की स्थापना शिशु मन्दिर योजना के अंतर्गत वर्ष 1965 में हुई थी। वर्तमान में प्रबन्धक डॉ. सतीश सिंह व प्रधानाचार्य बृजेश नारायण सिंह के नेतृत्व में विद्यालय सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

### वीरभद्र मिस्टर फेयरवेल, साइना मिस फेयरवेल


मिस्टर एवं मिस फेयरवेल के खिताब के साथ प्रतिभागी व शिक्षक।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय निदेशक सुयश कुमार एवं प्रधानाचार्य आसिम रूमी सहित सभी समन्वयकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। सीनियर छात्रों का स्वागत कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने किया। एनसीसी कैडेट और स्कूल बैंड द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और खेल गतिविधियों के बीच रैंपवॉक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। निर्णायक मंडल द्वारा रैंपवॉक और प्रश्नोत्तर के आधार पर वीरभद्र त्रिपाठी को मिस्टर फेयरवेल 2026 तथा साइना मिश्रा को मिस फेयरवेल 2026 घोषित किया गया।

### वैज्ञानिक खेती व जागरूकता पर दिया गया ज़ोर

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** कृषि विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कृषि विज्ञान केंद्र सिसहनिया, पचपेड़वा में किया गया। यह प्रशिक्षण आत्मा योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास खंडों हरैया सतघरवा, तुलसीपुर, गैसड़ी एवं पचपेड़वा के किसानों को चरणबद्ध रूप से प्रदान किया गया। ग्रामीण महिला एवं बाल उत्थान सेवा समिति, सिद्धार्थ नगर के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षण के दौरान मृदा स्वास्थ्य सुधार, फसल अवशेष प्रबंधन, कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने की तकनीक, रसायनों के सीमित उपयोग, जैविक विकल्पों के साथ-साथ मत्स्य पालन, पशुपालन एवं कृषि विभाग की किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने भी प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करते हुए किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंतिम दिन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सियाराम कन्नौजिया ने किसानों को वैज्ञानिक सोच के साथ खेती अपनाने का आह्वान किया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।


वामा वेलनेस कैंप में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### पुलिस लाइन में लगा वामा वेलनेस कैंप

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस लाइन परिसर में वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एवं अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच के अलावा हीमोग्लोबिन, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, क्रिएटिनिन सहित विभिन्न पैथोलॉजी जांच कराई गईं। डायटीशियन ने संतुलित आहार, वजन नियंत्रण व ड्यूटी के दौरान उचित खान-पान पर जानकारी दी, जबकि फिजियोथेरेपिस्ट ने लंबे समय तक ड्यूटी के कारण होने वाली कमर व गर्दन दर्द जैसी समस्याओं से बचाव के उपाय बताए। ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा नेत्र परीक्षण कर आवश्यक सलाह दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, डब्ल्यूसीएसओ प्रभारी प्रतिभा सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जब सिस्टम सो गया, तो ग्रामीण ने उठाया फावड़ा

● बूढ़ा देवरा गांव में सफाई कर्मचारी के न आने से परेशान हैं ग्रामीण

**गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड झंझरी के अंतर्गत बूढ़ा देवरा गांव में इन दिनों स्वच्छ भारत अभियान की हकीकत जमीन पर पसरी नजर आ रही है। गांव में तैनात सफाई कर्मचारी के नियमित रूप से न आने के कारण नालियां जाम हैं, चैंबर कीचड़ और गंदगी से भरे पड़े हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि बदबू और मच्छरों के बीच रहना ग्रामीणों की मजबूरी हो गई है।


सफाईकर्मी के न आने से नाली की सफाई करता ग्रामीण। ● अमृत विचार

विडंबना यह है कि समस्या से निजात दिलाने के लिए जिन जिम्मेदारों को आगे आना चाहिए था, वे फाइलों और बैठकों तक ही सीमित रह गए। मजबूरन गांव के लोग खुद हाथों में फावड़ा, तसला लेकर नालियों की सफाई करने को विवश हो गए। हैरानी तब हुई जब सरकारी सेवा में कार्यरत गांव के रहने वाले अशोक सारस्वत फावड़ा संभालते नजर आए।

ग्रामीणों के पूछने पर डॉ. सारस्वत ने कहा कि जब व्यवस्था आंख मूंद ले और जिम्मेदार अपने दायित्व भूल जाएं, तो बीमारी फैलने का इंतजार करने से बेहतर है कि पहले गंदगी ही साफ कर ली जाए। फिलहाल व्यवस्था पर सीधा सवाल खड़ा हो रहा है। गांव वासी रोहित तिवारी का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो सकी। नतीजतन, नालियों में जमा गंदगी अब स्वास्थ्य के लिए खतरा बनती जा रही है।

स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाला सिस्टम यहां ग्रामीणों की मजबूरी पर चुप्पी साधे हुए है। बूढ़ा देवरा की यह तस्वीर सिर्फ एक गांव की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का आईना है, जहां जिम्मेदारी कागजों में साफ रहती है और जमीन पर गंदगी फैलती रहती है।

फिलहाल तीन चैंबर की सफाई कर उसमें पड़े न कीचड़ को हटाया गया तब जाकर नाली साफ हो सकी। इसके बाद जल निकासी व्यवस्थित हो पाई है।

**शिव महापुराण कथा** | डॉ. आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में किया जा रहा आयोजन

# धूमधाम से मना गणेशजी का जन्मोत्सव

**गोंडा, अमृत विचार:** डॉ. आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित भव्य शिव महापुराण की कथा में रविवार को भव्य दिव्य गणेश जन्मोत्सव में भगवान गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती की शोभायात्रा निकली।

इस मनमोहक दृश्य को देखकर हजारों की संख्या में उपस्थित शिव भक्त भाव विभोर हो उठे। इस दौरान डॉ राजेश पाण्डेय व प्रतिभा पाण्डेय ने महाराज जी के साथ भगवान गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती की आरती की। संतों और स्त्रियों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए महाराज जी ने कहा कि संत ही बिगड़ जाए समाज का क्या होगा? इसलिए संत महात्माओं को अपनी मर्यादा को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। संत और सती अर्थात मातृशक्ति ही समाज को संस्कारों से भरते हैं और जीवन को आनंदमय कर देते हैं। महाराज जी ने पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते के संदर्भ में कहा कि यदि एक ही पात्र में भोजन किया जाता है तो रिश्ते और अधिक प्रगाढ़ होते हैं। पति पत्नी दोनों को एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और यह भी विशेष ध्यान रहे कि भोजन रसोई में बैठकर न खाया जाए। हमें अपने ग्रामीण अंचल का सम्मान करना चाहिए। यदि बेटे के जन्म पर एक दिया जलाई जाती है तो बेटी के जन्म पर कम से कम पांच दिया जलाकर खुशियां माननी चाहिए। शिव महापुराण कथा के आयोजक डॉ राजेश पाण्डेय व प्रतिभा पाण्डेय ने सभी भक्तों से 2 फरवरी से 10 फरवरी तक 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित कथा में प्रतिदिन शामिल होने का आह्वान किया है। इस मौके पर पूर्व आईजी आरके सिंह, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव स्वास्थ्य अधिकारी लखनऊ, डॉ अपर्णा अग्रवाल, प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा, जिला पंचायत सदस्य रेनू दूबे, सुरेश त्रिपाठी एडवोकेट, बसंत शुक्ला, उमेश शुक्ला, राम नरेश पाण्डेय, धैर्य पाण्डेय, डॉ लक्ष्मीनाथ पाण्डेय, विशाल शुक्ला, दुर्गेश मिश्रा, डॉ सुनील पाठक, डॉ बिश्वास पाण्डेय, विकास पाण्डेय, चंद्र मोहन मिश्रा, सहित हजारों की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।


झांकी निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## अपराधियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : एसपी

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमे सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष शामिल हुए। एसपी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और थानों पर किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों की विभागीय व पारिवारिक समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद हत्या, लूट, डकैती, चोरी, वाहन चोरी, महिला अपराध, एससी/एसटी व पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की गई। एसपी ने लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने, वांछित व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर लगातार दबिश देने के निर्देश दिए। महिला अपराधों में त्वरित मुकदमा पंजीकरण, पीड़िताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार और महिला हेल्पडेस्क की सक्रियता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

## सवा शेर की नहीं बुझ रही प्यास, शेर की हो रही तलाश

**नारदनामा**



**राकेश सिंह, बलरामपुर, अमृत विचार :** चंपक वन की रानी शेरनी के चाचा ने चुनावी बिगुल फूंक दिया। वह अपनी बीट में रहकर वन्य जीवों की सेवा में जुट गया। अधिकतर समय वन्य जीवों के साथ गुजारने लगा। अंधे वन्यजीवों का नेत्र परीक्षण एक बार फिर शुरू हो गया। वन्य जीवों के आंखों की रोशनी वापस आने लगी। चुनाव लड़ने के इच्छुक वन्यजीव अपनी गाड़ियों पर संभावित प्रत्याशी का बोर्ड चिपकाने लगे। जंगल में किसी वन्यजीव को खांसी आ जाती तो लोग हाल पूछने पहुंच जाते। जिनके दर्शन पांच साल तक नहीं हुए थे वह वन्य जीवों के सामने दांत चियारने लगे। वन्यजीवों के पूछने पर कहते कि व्यस्तता होने के कारण वह पांच साल तक इलाके में नहीं पहुंच सके। विकास की बात पूछने पर चेहरे से हंसी गायब हो जाती। वन्य जीवों के नेता कहते कि क्या करें पांच साल तक कमीशन इतना भारी भरकम रहा कि उसे निपटाते निपटाते ही समय समाप्त हो गया। सारा माल बबर शेर के खाते में चला गया। चंपक वन की रानी के चाचा के खाते में जो भी धन आया वह दान पुण्य में चला गया। घर की पूंजी भी गंवानी पड़ी। दिग्गजों को जंगल की बड़ी कुर्सी दिखाई पड़ रही थी। उधर तेंदुए की रिहाई का असर भी चुनाव पर पड़ना तय था। लेकिन तेंदुए की कंगाली की वजह व जेल जाने की डर से वह कुछ करने की स्थिति में नहीं था। आलसी हाथी अंगड़ाई लेकर समय काट रहा था। फिलहाल जंगल की रानी को बबर शेर का समर्थन प्राप्त है। चंपक वन में कोई सवा शेर नहीं हो सकता। अन्य दलों के वन्य जीव नेता खींच निपोरे घूमते रहे।

न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सिरसिया (श्रावस्ती) :** सिरसिया थाना क्षेत्र के बभनी कुकुरभुकवा ग्राम पंचायत निवासी बंशीलाल (31) पुत्र बद्री प्रसाद बाइक से रविवार शाम को किसी काम से चिल्हरिया मोड़ आया था। देर शाम को वह घर वापस जा रहा था। चिल्हरिया मोड़ के पास ही सिरसिया बघौड़ा मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मौके से जा रहे उसी के गांव के लोगों ने बाइक से घायल को सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया।

### छत से गिरकर युवक घायल, रेफर

**इकौना, (श्रावस्ती) :** इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम नत्थापुरवा निवासी डब्लू (50) पुत्र दुखीराम रविवार सुबह छत पर किनारे बैठे दाढ़ी बना रहे थे। इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गए। इससे वह गंभीररूप से घायल हो गए। शोर सुन पहुंचे परिजनों ने उन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। बताया जाता है कि छत से नीचे गिरने से डब्लू के कमर की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है।

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 11 लोग घायल

**इकौना, (श्रावस्ती) :** विवादित भूमि पर बोरिंग कराने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में लाठी डंडे से जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्ष से 11 लोग घायल हो गए।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम खर्चबीरान अकबरपुर गांव में एक भूमि को लेकर गांव निवासी सरोज कुमार पुत्र त्रिवेणी व कर्ताराम पुत्र रामजस के बीच विवाद चल रहा है। विवादित भूमि के एक हिस्से में दोनों लोग बोरिंग कराने की बात कर रहे थे। जिसमें दोनों एक दूसरे का विरोध कर रहे थे। इसी बात को लेकर रविवार सुबह दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इस दौरान दोनों पक्ष के अन्य लोग मौके पर आ गए और उनमें मारपीट शुरू हो गई और लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से कर्ताराम, सावित्री देवी, सुनीता, गुड़िया, विमला देवी, सोनी देवी व दूसरे पक्ष से सरोज कुमार, विद्यावती, शर्माजीत, गुड़िया व राम आशीष समेत कुल 11 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष के घायलों का चिकित्सीय परीक्षण व इलाज कराया। दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है।


### पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**रूपईडीहा (बहराइच) :** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत आदर्श थाना कोतवाली रुपईडीहा महाशिवरात्रि को लेकर 15 फरवरी को शिवबारात शोभा यात्रा निकाली जानी है जिसे लेकर, आदर्श थाना रूपईडीहा में पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई, प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि रूपईडीहा नगर पंचायत नगर सहित 5 स्थानों, नारायन जोत, पचपकड़ी, मिहिपुरवा, साइगाँव, में शिवबारात शोभा यात्रा निकाली जाएगी, पहले थाना क्षेत्र के 6 स्थान पर हुआ करती थी चिकिनिया में इस बार शोभायात्रा नहीं होनी है इसलिए इस बार पांच स्थानों पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाबा बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार रोहन आदि ने बताया कि सिंघानिया मिल से सेंट्रल बैंक चौराहा, स्टेशन रोड होते संकट मोचन हनुमान मंदिर पर शोभायात्रा समाप्त होगी। पत्रकार रविंद्र शर्मा, संजय वर्मा मनीराम शर्मा, नीरज बरनवाल, रईस अहमद, सभासद नरेंद्र मदेशिया गुड्डू, तूफान अली प्रधान करिंगा, सुपरवाइजर किशन गुप्ता, अभिषेक, अंकित गुप्ता, पिंटू गुप्ता रहे।

# बड़ी राहत: पांटून पुल बनने के बाद ही थमेगी संजय सेतु पर रफ्तार

▶ **मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद वैकल्पिक पुल बनने के बाद बंद किया जाएगा संजय सेतु**

**संवाददाता, जरवल रोड (बहराइच)**


पांटून पुल की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** लखनऊ को देवीपाटन मंडल (बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा और बलरामपुर) से जोड़ने वाले घाघरा नदी के संजय सेतु की मरम्मत का कार्य अब आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर शुरू होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद यह निर्णय लिया गया है कि जब तक नदी पर वैकल्पिक पांटून पुल (पीपा पुल) तैयार नहीं हो जाता, तब तक संजय सेतु पर यातायात बंद नहीं किया जाएगा।

### विधायकों की मांग पर सीएम का फैसला

ज्ञात हो कि एनएचएआई द्वारा मरम्मत के लिए पुल को 60 दिनों तक पूरी तरह बंद करने की योजना थी। इससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को होने वाली असुविधा को देखते हुए गोंडा के जिले के पांच विधायक अजय सिंह, प्रेम नारायन पाण्डेय, विनय द्विवेदी, बावन सिंह, प्रभात वर्मा, व पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। विधायकों ने मांग की थी कि आवागमन बाधित न हो, इसके लिए पहले वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश मिलते ही लोनिवि के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने एनएचएआई को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

### प्रयागराज से आएगा पांटून पुल

एनएचएआई के परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा के अनुसार, मरम्मत का कार्य अब मार्च के मध्य से शुरू होने की संभावना है। मुख्य बातें इस प्रकार हैं:

- **समय सीमा:** पांटून पुल तैयार होने में 15 से 20 मार्च तक का समय लग सकता है।
- **संसाधन:** प्रयागराज माघ मेले में उपयोग किए गए पांटून पुल को यहाँ लाकर घाघरा नदी पर स्थापित किया जाएगा।
- **लागत:** पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा, जबकि इसका पूरा खर्च एनएचएआई वहन करेगा।
- **यातायात व्यवस्था:** किसे मिलेगी अनुमति।

### यातायात को निम्न तरीके से संचालित किया जाएगा

- **छोटे वाहन व पैदल यात्री:** पांटून पुल का उपयोग कर सकेंगे।
- **भारी वाहन:** इनके लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू रहेगी।
- **मरम्मत अवधि:** मुख्य सेतु की मरम्मत के लिए करीब दो महीने का समय निर्धारित किया गया है।

इससे पहले 10 फरवरी से ही पुल बंद करने की तैयारी थी, लेकिन संबंधित जिलों द्वारा एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) न मिलने और जनहित को देखते हुए अब यह नया प्लान तैयार किया गया है।

## जंगली जानवर ने मासूम पर किया हमला, गंभीर


जंगली जानवर के हमले से घायल मासूम।

**बहराइच।** जिले के खैरीघाट इलाके में शनिवार की रात एक आठ साल के मासूम पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। चीख सुनकर परिजन व ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद उसकी जान बची। मासूम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर हालत गम्भीर बनी हुई है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र में स्थित बेलामकान ग्राम में रहने वाले ग्रामीण का आठ साल का बेटा उमेश शनिवार की रात पड़ोस में स्थित एक मकान में गया था। जब वह वहां से वापस अपने घर आ रहा था तभी झाड़ियों से निकले जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। चीख सुनकर परिजन व ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद जानवर उसे छोड़ भाग गया। वहीं परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## कोई भी व्यक्ति इलाज से न रहे वंचित: अपर्णा यादव



स्वास्थ्य मेले में लगे कैंप का निरीक्षण करती राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व साथ में अन्य। अमृत विचार

**संवाददाता, श्रावस्ती**

- **गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेले का राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया समापन**

**अमृत विचार।** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत की आयोजित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला का रविवार समापन हुआ। भिनगा के जूनियर हाईस्कूल में इसका समापन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने किया। इस दौरान उन्होने मेले में उपस्थित चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

इस दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन एवं गुरु गोरखनाथ न्यास द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अब एक अभियान बन चुका है। यह वंचित लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। ऐसा प्रयास हो कि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहने पाए। इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसके तहत लखनऊ के विभिन्न संस्थान से आए चिकित्सकों ने भारत नेपाल सीमा के थारू बाहुल्य गांव में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। कैंप के अंतिम दिन भिनगा में मेले में मरीजों को निःशुल्क जांच एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, विधायक रामफेरन पाण्डेय, अवध प्रान्त के अध्यक्ष डॉ. संदीप, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, सीएमओ अशोक कुमार सिंह, पीडी अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

## सपा ने अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष को पार्टी से निकाला


एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पूर्व जिलाध्यक्ष। (फाइल फोटो)

**संवाददाता, बहराइच**

- **एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए फोटो हुई थी वायरल**

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने जनपद बहराइच के अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उन्हें उनके पद से हटा दिया गया है। जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव ने बताया शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर ये कार्यवाही की गई है। शीघ्र ही नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी।

समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष अनवारूल हसन की बीते दिनों एक फोटो सामने आई थी। जिसमें वो ए आई एम आई एम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते नजर आ रहे थे। जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव ने उनके पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की सूचना शीर्ष नेतृत्व को दी थी। जिसके बाद अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने अनवारूल हक जिला अध्यक्ष के पद से हटाने का पत्र जारी किया है। वहीं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम हर्ष ने इस मामले में बताया है कि शीघ्र ही नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

## बोगस फर्म पंजीकरण से करोड़ों के राजस्व नुकसान का खुलासा

**जरवलरोड, बहराइच**

कार्रवाई

- **मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद एसआईटी से जांच शुरू**

**अमृत विचार।** जनपद बहराइच के जरवलरोड क्षेत्र में बोगस फर्मों के जरिए कूटरचित दस्तावेजों पर जीएसटी पंजीकरण कराकर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। राज्य कर विभाग की जांच के बाद संबंधित फर्मों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है तथा मामले की गहन जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) को सक्रिय कर दिया गया है।

राज्य कर खंड–01, बहराइच के अपर आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि कृष्णा मेडिको इंटरप्राइजेज नामक फर्म का पंजीकरण केंद्रीय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कूटरचित व भ्रामक दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त किया गया। फर्म का पता एनएच–927 लखनऊ रोड, दीव्या कॉम्प्लेक्स, श्री हॉस्पिटल के पास, जरवल कस्बा, जनपद बहराइच (पिनकोड 271904) दर्शाया गया है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त फर्म बोगस पंजीकरण के माध्यम से कर अपवंचन कर रही थी, जिससे प्रदेश के राजस्व को नुकसान पहुंचा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 7 जून 2025 को हुई राज्य कर विभाग की समीक्षा बैठक में बोगस फर्मों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, एफआईआर दर्ज कराने और सघन जांच के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में विभागीय सत्यापन के दौरान यह फर्म संदिग्ध पाई गई।

विभागीय अभिलेखों के अनुसार फर्म का GSTIN 09BTUPP7389H1ZI है तथा प्रोपराइटर के रूप में राकेश पंचाल पुत्र राजकुमार पंचाल, निवासी 25, जवाहर रोड, नागदा, जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) का नाम दर्ज है। इस प्रकरण में स्थानीय थाने में संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

इसके अतिरिक्त, जनपद में ही एक अन्य बोगस फर्म-राहत इंटरप्राइजेज का भी मामला सामने आया है, जिसका GSTIN 09MFZPS3181L1Z1 बताया गया है। फर्म का पता एनएच-927, मोहल्ला जरवल रोड, पोस्ट जरवल कस्बा, जनपद बहराइच (पिनकोड 271904) दर्शाया गया है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इस फर्म ने भी केंद्रीय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर जालसाजी कर बोगस पंजीयन प्राप्त किया और सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाई।

इस फर्म के प्रोपराइटर के रूप में शहजायब पुत्र राहत अली, निवासी दतौली, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़ (पिनकोड 245205) का नाम दर्ज पाया गया है। मामले में संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

वहीं राज्य कर विभाग ने स्पष्ट किया है कि बोगस फर्मों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आस्था ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान


आस्था यज्ञसैनी।

कैसरगंज (बहराइच)। कैसरगंज क्षेत्र के लिए यह समाचार गर्व, सम्मान और खुशी से भरा हुआ है। व्यापार मंडल कैसरगंज के महामंत्री बद्रीनाथ यज्ञसैनी जी की सुपुत्री तथा किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच की मेधावी छात्रा आस्था यज्ञसैनी ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित देश की प्रतिष्ठित यूजीसी नेट परीक्षा को राजनीतिशास्त्र विषय में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। यूजीसी नेट जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में सफलता प्राप्त करना आसान नहीं होता, लेकिन आस्था यज्ञसैनी ने अपने निरंतर परिश्रम, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास के बल पर यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा और लगन के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती। उनकी इस सफलता से न केवल उनका परिवार गौरवान्वित हुआ है, बल्कि पूरे कैसरगंज क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस सफलता पर परिवारजनों, शिक्षकों, मित्रों, व्यापार मंडल कैसरगंज के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों बधाइयां दीं।

### संजय लगातार 5वीं बार जिलाध्यक्ष चुने गए


जीत पर पत्रकार संजय मिश्र को बधाई देते जिलाधिकारी व मौजूद अन्य।

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पत्रकारिता के मूल्यों, संगठनात्मक मजबूती और साथी पत्रकारों के सुख–दुख में हमेशा आगे खड़े रहने वाले संजय मिश्र पर एक बार फिर पत्रकारों ने अपना अटूट विश्वास जताया है। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बहराइच इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक तहरी भोज एवं संगठनात्मक चुनाव में संजय मिश्र को लगातार पाँचवीं बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। यह चयन न केवल उनके नेतृत्व कौशल की पुष्टि है, बल्कि पत्रकार समुदाय के उनके प्रति गहरे भरोसे और सम्मान को भी दर्शाता है। एलआरपी गेस्ट हाउस में गरिमामय माहौल में संपन्न हुई इस चुनावी प्रक्रिया के साक्षी स्वयं जिले के जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी बने। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नवगठित टीम को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। वहीं वरिष्ठ सदस्य अब्दुल रहमान उर्फ बच्चे भारती, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की महसी, नानपारा, कैसरगंज और पयागपुर शाखाओं के पदाधिकारियों उन्हें बधाई दी।

### कल से वूमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आगाज

**बहराइच।** जिले में पहली बार महिलाओं के स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम देवी पाटन मंडल सीनियर वुमेंस स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट का कल उद्घाटन मुकाबला शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट 10 फरवरी से लेकर 16 फरवरी तक चलेगा जिसमें बहराइच, लखीमपुर, लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर और जालौन आदि टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव और टूर्नामेंट के निदेशक इशरत महमूद खान ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य जिले में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। यह पहली बार जिले में आयोजित होने जा रहा है इससे निश्चय रूप से महिला क्रिकेट आगे बढ़ेगा अभी जल्द ही बहराइच की नूपुर पांडेय और आर्यमा मिश्रा उत्तर प्रदेश की अंडर 15 टीम से खेलकर जिले का मान बढ़ाया है। इसमें उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। इस टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह तथा राशिद हुसैन खान, अटल सिंह देवाशीष राय, आयुष चित्रांश आदि रहेंगे।

### मेगा स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

**बहराइच।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत रविवार को नगर के किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशलजी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा 2019 में प्रारंभ हुआ था, इस यात्रा के माध्यम से सीमावर्ती सुदूर क्षेत्रों में आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इन स्वास्थ्य कैंपों में 80 मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक छात्र भाग लेते हैं उन्होंने कहा की सेवा का कार्य पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि मैं उसका पुजारी हूं जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य रहते हैं नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा के साथ–साथ सीमावर्ती क्षेत्र में अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी एकत्र कर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा की सेवा यात्रा के माध्यम से आने वाली पीढ़ी के मन में सेवा का भाव उत्पन्न हो यही इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा को संपादित करने में हजारों कार्यकर्ता अपना समय लगते हैं तब यह यात्रा व्यवस्थित रूप से पूर्ण हो पाती है। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघ की अद्भुत दृष्टि है कि बड़े–बड़े मेडिकल कॉलेज छात्र सुदूर सीमावर्ती गांव में जाकर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का मुख्य उद्देश्य सेवा है। इसी मिशनरिया सेवा के माध्यम से लोग धर्मांतरण का कार्य करते थे किंतु गुरु गोरखनाथ सेवा यात्रा का उद्देश्य का नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं यह शरीर एक साधना है। इस शरीर का उपयोग सेवा और समाज निर्माण के किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज बहराइच के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ संजय खत्री ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बृजेश शुक्ला डॉक्टर पुष्पेंश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एनएममो अध्यक्ष डॉ विजय कुमार, आरएमएल के सीएमएस डॉ विक्रम सिंह, निदेशक लोहिया संस्थान लखनऊ प्रोफेसर सी एम सिंह, सीएमओ डॉ संजय कुमार, निर्देशक जेएसवी हुंडई जतिन वर्मा, वाइस चेयरमैन सरदार पटेल डेंटल कॉलेज लखनऊ श्लोक सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ सारिका साहू ने भी संबोधित किया। इस स्वास्थ्य शिविर में केजीएमयू, आरएमएल, एसजीपीजीआई, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे।

## अभियान के तहत एसडीएम ने किया पौधरोपण

**नानपारा (बहराइच)**



पौधरोपण करतीं उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ाने, सतत एवं समावेशी विकास को दिशा देने के लिए चलाए जा रहे "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के उपलक्ष्य में उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने रविवार को तहसील परिसर में विधिवत पौधरोपण किया। इस अवसर पर आम, अमरुद, नीम, कचनार, आवला आदि प्रजातियों के कुल 20 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल की और लोगों को प्रेरित किया। एसडीएम ने पौधा रोपित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अमूल्य हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में तहसील के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी एवं वन क्षेत्राधिकारी नानपारा पीयूष गुप्ता व अन्य वन विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। सभी ने अभियान के तहत पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, तीन लोग घायल

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वही तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है। कि घने कोहरे के चलते हादसा हुआ है।

पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित इमलियागंज ग्राम का रहने वाला तहसीलदार नाम का युवक दरगाह इलाके में स्थित मालानी एग्रो मिल में काम करता था। शनिवार की देर रात कार्य खत्म होने के बाद वो अपने तीन अन्य साथियों विजय, राजराज व दिलीप निवासी इकौना जनपद श्रावस्ती के साथ बाइक से वापस घर जा रहा था। तभी दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित गगनचक के पास घने कोहरे के चलते ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा, जहां पर चिकित्सकों ने तहसीलदार को मृत घोषित कर दिया व 3 घायलों का इलाज जारी है।

सख्ती

**निगरानी अभियान चलाए जाने से इंडो–नेपाल सीमा की सुरक्षा चाक–चौबंद**

# पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ सीमा पर की गश्त

**संवादता, सिरसिया/ कानूबोझी (श्रावस्ती)**


सिरसिया के सुइयां में टीम संग गश्त करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंडो-नेपाल सीमा की सुरक्षा चाक-चौबंद है। पुलिस एसएसबी जवानों के साथ सीमा पर सुरक्षा सुदृढ़ बनाए रखने के लिए संयुक्त गश्त कर रही है।

इसी के क्रम में एसपी राहुल भाटी के निर्देशन में इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद मल्हीपुर व सिरसिया पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ सीमा पर संयुक्त रूप से सतर्कता एवं निगरानी अभियान चलाया। इस दौरान संयुक्त टीमों ने सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए लोगों की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध, राष्ट्रविरोधी अथवा अवांछनीय गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। इसी क्रम में सिरसिया पुलिस ने एसएसबी की डॉग स्क्वाड टीम के साथ सीमावर्ती ग्राम सुइया में संयुक्त पैदल गश्त एवं सघन निगरानी अभियान चलाया। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों की जांच की गई। साथ ही स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी साझा की। साथ ही आमजन से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### पुलिस ने पढ़ाया सुरक्षा का पाठ


बहू–बेटी सम्मेलन में जागरूक करती पुलिस।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने रविवार को कई स्थानों पर बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित कर करीब 650 बहू–बेटियों को सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाया। एसपी राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस ने बहू–बेटी सम्मेलन का आयोजन किया। गया। सम्मेलनों के दौरान बहू–बेटियों को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन से जुड़ी योजनाओं एवं सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 1090, 181, 1930, 112, 108, 1098, 102 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीमों व महिला बीट अधिकारियों ने बहू–बेटियों को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने, कानून एवं पुलिस प्रशासन पर विश्वास बनाए रखने तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन के लिए निरंतर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

## सड़क पर मवेशी से टकराकर बाइक सवार घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सड़क पर खड़े मवेशी से टकराकर बाइक सवार गंभीररूप से घायल हो गया। लोगों की ओर से घायल को निजी वाहन से जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मछरिहवा गांव निवासी सतबरन (45) रविवार सुबह जरूरी काम से बाइक से भिनगा आ रहा था। इस दौरान भिनगा–मछरिहवा मार्ग पर अपने गांव के पास ही वह सड़क पर खड़े आवारा मवेशी से टकरा गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क पर लोगों ने निजी वाहन से घायल को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया।

अमृत विचार
सोमवार, 9 फरवरी 2026


अच्छे दोस्त, अच्छी किताबें और शांत अंतरात्मा : यही आदर्श जीवन है।
-मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक



# अवसर और आशंकाएं

अनिश्चितताओं से घिरी वैश्विक अर्थव्यवस्था जब आपूर्ति के नए संतुलन की तलाश में हो तब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति व्यापारिक तनाव में कमी निवेश, निर्यात और प्रौद्योगिकी सहयोग के नए द्वार खोलेगी, हालांकि इस अवसर के बावजूद जनता और नीति-निर्माताओं के यह प्रश्न बना हुआ है कि यह समझौता संतुलित है किंचित झुकाव लिए हुए? संयुक्त बयान के बाद साफ है कि यदि भारत अमेरिका से आयात तीन गुना तक बढ़ाता है, तो हमारा व्यापार अधिशेष घटेगा। इससे अमेरिकी निर्यातकों और ऊर्जा कंपनियों को तत्काल लाभ होगा, जबकि भारत को अपेक्षित लाभ तभी मिलेगा जब सेवाओं विशेषकर आईटी और फार्मा में बाज़ार पहुंच वास्तविक रूप से विस्तारित हो, जिस पर बात अभी स्पष्ट नहीं है।

अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ को 50% करने से पहले औसत टैरिफ लगभग 2-3% था, जो 2024 में भारतीय निर्यात पर लागू था, अमेरिका ने पहले शुल्क बढ़ाए और अब आंशिक रियायत देकर समझौता प्रस्तुत किया, बेशक यह 'पहले दबाव, फिर राहत' की रणनीति है, लेकिन अब इस पर बात बेमानी है। अच्छा है कि हमने अपने संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों पर कोई व्यापक छूट न देकर सावधानी दिखाई है। मक्का, गेहूं, दाल, चावल, सोया, पोल्ट्री, डेयरी और एथेनॉल जैसे क्षेत्रों पर टैरिफ़ संरक्षण जारी रहना, किसानों के लिए आश्वस्तकारी संकेत है। फिर भी अमेरिकी ताज़े फल, मेवे और पशु आहार सस्ते होकर भारतीय बाज़ार में आएंगे, तो घरेलू उत्पादकों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। यही कारण है कि किसान संगठन अमेरिकी कृषि उत्पादों पर टैरिफ़ में कटौती का विरोध कर रहे हैं। उन्हें आशंका है कि सस्ती आयातित उपज से एमएसपी और सार्वजनिक खरीद प्रणाली पर दबाव बढ़ेगा। कार्यकारी आदेश 14329 की धारा सात के तहत अमेरिका यह निगरानी करेगा कि भारत रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात न करे, अन्यथा 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क पुनः लागू किया जा सकता है। भारत ने अब तक स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि वह रूसी तेल खरीद पूरी तरह बंद करेगा। रणनीतिक स्वायत्तता की नीति के तहत भारत बहु-स्रोत ऊर्जा आयात को प्राथमिकता देता रहा है। 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य उत्पादों की खरीद की सहमति तभी पूरी हो सकेगी, जब इसमें बोइंग विमान, हेलिकॉप्टर और संभावित परमाणु रिएक्टर जैसे बड़े सौदे शामिल होंगे। ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में बड़े आयात से सामरिक साझेदारी मजबूत होगी, परंतु घरेलू रक्षा उद्योग 'मेक इन इंडिया' पर उसका प्रभाव संतुलित करना अनिवार्य है।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन सुनिश्चित किए बिना यह निर्भरता बढ़ाएगा। आईटी और अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वीज़ा, डेटा और डिजिटल क्षेत्र में भारत वास्तविक बढ़त रखता है। यहां व्यापार नियमों पर स्पष्टता आवश्यक है। कुल मिलाकर सरकार, विदेश और वाणिज्य मंत्रालय को विस्तृत श्वेत पत्र जारी कर प्रत्येक क्षेत्रीय प्रभाव स्पष्ट करना चाहिए; यदि संतुलन, स्पष्टता और रणनीतिक स्वायत्तता बनी रहती है, तो यह समझौता अवसर सिद्ध हो सकता है, अन्यथा आशंकाएं विमर्श पर हावी रहेंगी।

## प्रसंगवश

# शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी

शिक्षा मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है यही कारण है कि प्राचीन काल से ही शिक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल में गुरुकुलों में शिक्षा दी जाती थी, इसीलिए 16 संस्कारों में एक संस्कार था विद्यारंभ, जिसका तात्पर्य है विद्या को प्रारंभ करना। कहने का मतलब है कि शिक्षा एक संस्कार है, लेकिन कालांतर में धीरे-धीरे सभी संस्कार समाज से लुप्त हो गए। अंग्रेजों के जमाने में जब शिक्षा का आधुनिकीकरण हुआ तो हमारी शिक्षा ज्ञान परक से हटकर परीक्षा परक हो गई। बारी-बारी से संस्कारों का ह्रास का युग प्रारंभ हो गया, लेकिन अगर देखा जाए तो शिक्षा और संस्कार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

शिक्षित व्यक्ति न केवल शिक्षित होता है बल्कि वह संस्कारवान भी होता था। उसमें सभी मानवीय गुण, जैसे- प्रेम, दया, सहानुभूति, करुणा इत्यादि से भी भरा रहता था। प्राचीन काल में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस बात पर विशेष ध्यान दिया था कि हर व्यक्ति संस्कार से युक्त शिक्षा ले, क्योंकि वे जानते थे कि बिना संस्कार के शिक्षा मनुष्य को पथभ्रष्ट कर सकती है, जिससे संपूर्ण मानव जाति का पतन हो सकता है। यही कारण है कि मानव का पहले संस्कार जब बच्चा गर्भ में आता था, तभी से प्रारंभ हो जाता था। इसका इतना महत्व रहता था, जो कि एक प्रकार की देखभाल था। यानी गर्भिणी का देखभाल हमारे संस्कार का एक प्रमुख अंग था, जो कि आजकल जच्चा-बच्चा की व्यवस्था से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के द्वारा संचालित किया जा रहा है।


रविंद्र त्रिपाठी
शिक्षक

पुंसवन संस्कार में संतान के सकुशल से रहने की कामना व्यक्त की जाती थी। सीमंतोन्नयन में अनिष्टकारी शक्तियों से गर्भस्थ शिशु की रक्षा की कामना की जाती थी, जिसका वर्तमान में जच्चा के टीकाकरण से तुलना की जा सकती है। जात कर्म बालक के जन्म से एवं नामकरण नाम रखने से निष्क्रमण संस्कार में बालक पहली बार घर से बाहर निकलता था। इसका महत्व स्वास्थ्य के नजरिये से था, क्योंकि बच्चों में सूखा रोग ज्यादातर धूप की कमी से हो जाता था।

इसी प्रकार अन्नप्राशन संस्कार, जो कि छह महीने के बाद होता था, इसका संबंध भोजन से था। यानी छह महीने बाद बच्चों को धीरे-धीरे भोजन की ओर उन्मुख करना था। आयुर्वेद चिकित्सा भी इसी को मान्यता देती है, क्योंकि जब तक बच्चे भोजन नहीं ग्रहण करते हैं, तब तक उनका वजन संतुलित नहीं होता है। चूड़ा कर्म संस्कार वर्तमान में मुंडन संस्कार से जुड़ा हुआ है। कर्ण वेधन कान में आभूषण पहनने के लिए था। विद्यारंभ संस्कार को प्रि नर्सरी से जोड़ा जा सकता है।

उपनयन संस्कार के बाद बालक को द्विज कहा जाता था, जिसका तात्पर्य है दूसरा जन्म उपनयन संस्कार मुख्य रूप से शिक्षा से संबंधित थी। इसमें बालक यज्ञोपवीत धारण करता था। इसी संस्कार में इसका विशेष परिष्कार किया जाता था, फिर वेदारंभ में उसे ज्ञान की शिक्षा दी जाती थी। वेद शब्द की उत्पत्ति विद् धातु से हुई है, जिसका अर्थ है ज्ञान। इसी गुरुकुल में रहते हुए उसकी पहली बार जब दाढ़ी मूछ बनवाई जाती थी, तो उसे केशांत कहा जाता था।

जब विद्यार्थी पढ लिखकर पूर्ण ज्ञानी होकर घर लौटता था, तो समावर्तन संस्कार गुरुओं द्वारा कराया जाता था। इसमें विद्यार्थी को स्नान कराया जाता था। इसके बाद विद्यार्थी को स्नातक कहा जाता था, जो वर्तमान में भी प्रचलित है। आज भी अधिकांश नौकरियों में स्नातक की योग्यता मांगी जाती है, जिसका मतलब है सरकार उसी व्यक्ति को महत्वपूर्ण पद दे रही है जो ज्ञानी हो। विवाह संस्कार में विद्यार्थी गृहस्थ जीवन में प्रवेश करता था, जहां उसके जीवन का समाजीकरण किया जाता था।

# जमात के रुख में बदलाव सुखद संदेश




नवीन गुप्ता
बरेली

बांग्लादेश में अगले सप्ताह मतदान होना है। इन सबके बीच एक अच्छी खबर यह है कि पाकिस्तान समर्थन में पूरी तरह से अंधे हो चुके जमात-ए-इस्लामी के नेता भी अब भारत से रिश्ते सुधारने की बात करने लगे हैं।

बांग्लादेश में अगले सप्ताह मतदान होना है। सत्ता पर काबिज होने के लिए जमात-ए-इस्लामी, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी व अन्य पार्टियां सत्ता पर काबिज होने के लिए हर हथकंडे अपना रहीं हैं। इन सबके बीच एक अच्छी बात यह है कि पाकिस्तान समर्थन में पूरी तरह से अंधे हो चुके जमात-ए-इस्लामी के नेता भी अब भारत से रिश्ते सुधारने की बात करने लगे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सुर तो चुनाव की घोषणा से पहले ही बदल गए थे। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि जो भी सरकार बनेगी वह भारत से पूरी तरह बिगड़ चुके रिश्ते को सुधारेगी।

बांग्लादेश की सत्ता से शेख हसीना की विदाई के बाद से ही भारत का अपने पड़ोसी से रिश्ता खराब होना शुरू हो गया था। बांग्लादेश की आजादी में भारत के योगदान को शेख हसीना ने सदैव याद रखा। यही वजह है कि उन्होंने कभी भी पाकिस्तान या चीन को वहां पांव पसारने का मौका नहीं दिया। यहां तक कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच व्यापार भी बहुत ही सीमित था। रही बात रक्षा संबंधों की तो यह नहीं ही था, लेकिन शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद मुख्य सलाहकार के पद पर काबिज हुए मोहम्मद यूनुस ने तो पूरी तरह से भारत के विरुद्ध मोर्चा ही खोल दिया। न सिर्फ बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सैन्य रिश्ते बहाल हो गए, बल्कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों ने तो वहां पांव भी जमाना शुरू कर दिया।

आईएसआई ने वहां के लोगों में भारत के विरुद्ध भावनाएं भड़काने के साथ ही भारत के चिकन नेक को देखने के लिए बांग्लादेश बार्डर का दौरा तक कर लिया। चीन के अफसर भी नजदीक से चिकन नेक को देख आए। पाकिस्तान की शह पर ही बांग्लादेश ने टी20 विश्वकप में भारत से खेलने से इंकार कर दिया और चीन को लड़ाकू ड्रोन बनाने के लिए औद्योगिक भूमि भी उपलब्ध करा दी। इन सबके बीच अब चुनाव के दौरान जो भारत के लिए सुकून वाली खबर आई है वह है जमात-ए-इस्लामी पार्टी के रुख में आया बदलाव।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी वैसे तो भारत की विरोधी रही है, लेकिन उसके रुख में बदलाव चुनाव से पहले ही आने शुरू हो गए थे, लेकिन जमात-ए-इस्लामी के रुख में बदलाव ने विशेषज्ञों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, क्योंकि आईएसआई के इशारे पर भारत के विरोध में काम करने वाले इस संगठन के नेताओं के सुर अचानक क्यों बदल गए यह समझ में नहीं आ रहा है, हालांकि कुछ विशेषज्ञ यह मानते हैं कि हिंदू मतदाताओं के वोट हासिल करने के लिए जमात-ए-इस्लामी के नेताओं ने रुख में बदलाव किया है।

जिस कारण भी जमात-ए-इस्लामी के रुख में बदलाव आया हो, पर उनके रुख में नरमी भारत के लिए सुखद संदेश है। जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने का इशारा किया है। शेख हसीना को शरण देने के लिए भी भारत को निशाना बनाने वालों में सबसे आगे जमात के नेता ही थे। उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर को लेकर पहले खूब भड़काऊ बयान दिए, लेकिन अब उनकी बयानबाजी में नरमी देखी जा रही है। शफीकुर रहमान और उनके सहयोगियों ने अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति अपनी छवि को बदलने की भी कोशिश की है।

हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्र में हिंदू उम्मीदवार खड़ा करके जमात ने इसका संदेश दे दिया। ऐसे में माना जा रहा है कि बांग्लादेश की सत्ता में यदि जमात आती है, तो वह भारत के प्रति रुख सकारात्मक रखेगी। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने स्वीकार किया है कि अंतरिम सरकार के दौरान ढाका और नई दिल्ली के रिश्ते सहज नहीं रहे हैं, हालांकि हुसैन ने उम्मीद जताई कि चुनी हुई सरकार इसका समाधान करेगी और संबंधों को सहज बनाएगी। विदेश मामलों के सलाहकार का बयान भी एक तरह से भारत के लिए सकारात्मक ही है।

बात अगर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की करें, तो इसकी मुखिया रहीं खालिदा जिया के प्रधानमंत्री काल में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते बहुत ही खराब हो गए थे। खालिदा जिया का रुख हमेशा चीन और पाकिस्तान के प्रति नरम रहा और भारत के प्रति सख्त। हसीना को लगता था कि शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग का भारत समर्थन करता है। यही वजह है कि जब भी मौका मिला खालिदा जिया ने भारत के विरुद्ध कदम उठाए।

खालिदा के निधन के बाद बीएनपी के मुखिया उनके बेटे तारिक रहमान बने हैं। आवामी लीग के वोटों पर उनकी निगाह है। मोहम्मद यूनुस ने आवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया है। जमात और बीएनपी के नेता, हसीना के समर्थकों के वोटरों को अपने पाले में करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि वे भारत के प्रति अपने रुख को लचीला बनाए हुए हैं। अब सवाल यह है कि यदि सत्ता में बीएनपी आती है तो भारत के प्रति उसका रवैया क्या होगा?

तारिक रहमान ने तो भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दिए हैं, लेकिन उनकी पार्टी का जो इतिहास रहा है, उसे वे कितना बदल पाएंगे यह वक्त ही बताएगा। वैसे तारिक रहमान को भी पता है कि भारत का विरोध करके बहुत दिन तक बांग्लादेश की जनता को सुकून से नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि भारत ने वहां बड़े पैमाने पर निवेश कर रखे हैं। सांस्कृति रूप से भी हमारा उनसे जुड़ाव है। ऐसे में भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान व चीन से दोस्ती का राग बहुत दिन तक वे चला नहीं पाएंगे, इसलिए अभी जो लचीलापन वे दिखा रहे हैं, उन्हें आगे भी दिखाना होगा।

## आमने सामने


वर्तमान सरकार ने अल्पसंख्यक विकास और मदरसा शिक्षा के लिए बजट बढ़ाकर 4,000 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है। इतना पैसा खर्च करने के बाद भी, मुस्लिम समुदाय से डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस या वैज्ञानिक क्यों नहीं पैदा हो रहे हैं?
-अग्निमित्रा पॉल
विधायक, बीजेपी


ऐसी महिला को देश से बाहर निकाल देना चाहिए। अग्निमित्रा ने विधानसभा में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ जो बोला है, वह संविधान के खिलाफ है। इस बयान के लिए अग्निमित्रा पॉल को माफी मांगनी चाहिए।
-सिद्दीकुल्ला चौधरी
राज्य मंत्री, पश्चिम बंगाल

# मौद्रिक नीतिः दरें स्थिर व अर्थव्यवस्था को सहारा


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारतीय रिजर्व बैंक ने छह फरवरी को प्रस्तुत अपनी मौद्रिक नीति में एक संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाते हुए प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने छह फरवरी को प्रस्तुत अपनी मौद्रिक नीति में एक संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाते हुए प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है। मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा। इसके साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (SDF) दर लगभग 5.00 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (MSF) और बैंक रेट लगभग 5.50 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखे गए। नीति का रुख न्यूट्रल रखा गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि आरबीआई फिलहाल महंगाई को नियंत्रण में रखते हुए आर्थिक वृद्धि को सहारा देने की रणनीति पर चल रहा है।

मौद्रिक नीति में आरबीआई ने आर्थिक अनुमानों को भी साझा किया। केंद्रीय बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की तुलना में मजबूत वृद्धि का संकेत देता है। वहीं मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगभग चार प्रतिशत के आसपास रखा गया है, जो आरबीआई के लक्ष्य दायरे के भीतर है। यह स्थिति केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों में तत्काल बदलाव से बचने और स्थिति पर नजर बनाए रखने की सुविधा देती है।

यदि इस मौद्रिक नीति को व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो इसका सबसे बड़ा लाभ बैंकिंग क्षेत्र को मिलता दिखाई देता है। जब ब्याज दरें स्थिर रहती हैं, तो बैंकों की उधारी लागत में अचानक वृद्धि नहीं होती और वे अपने ऋण पोर्टफोलियो को स्थिर गति से बढ़ा सकते हैं। भारत में बैंक ऋण वृद्धि दर हाल के महीनों में लगभग 14 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है, जो दर्शाती है कि उद्योग और उपभोक्ता दोनों ऋण ले रहे हैं। स्थिर दरें बैंकों की नेट इंटरेस्ट मार्जिन को भी संतुलित रखती हैं और उनकी लाभप्रदता पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

आरबीआई ने वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाए रखने पर भी जोर दिया है। बैंकिंग प्रणाली में संतुलित तरलता बनाए रखने की नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंकों के पास उद्योगों और उपभोक्ताओं को ऋण देने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रहें। यह विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटे और मध्यम उद्योग अक्सर उच्च ब्याज दरों और सीमित ऋण उपलब्धता की समस्या का सामना करते हैं। उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण से यह मौद्रिक नीति राहत देने वाली है। रेपो रेट स्थिर रहने का अर्थ है कि होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन की ईएमआई में तत्काल वृद्धि की संभावना कम रहती है। वर्तमान समय में कई बैंकों में होम लोन की दरें लगभग 8.25 से 9.25 प्रतिशत के बीच चल रही हैं और दरों में स्थिरता से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर दबाव कम पड़ता है। भारत जैसे देश में, जहां खपत जीडीपी का बड़ा हिस्सा है, उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता बनाए रखना आर्थिक वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मौद्रिक नीति का सकारात्मक प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। जब ब्याज दरें नियंत्रित रहती हैं, तो कंपनियां पूंजीगत निवेश यानी कैपेक्स के निर्णय लेने में अधिक सहज महसूस करती हैं। भारत में निजी क्षेत्र का निवेश चक्र धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है और कई बड़े उद्योग समूह अगले कुछ वर्षों में बड़े निवेश की योजनाएं बना रहे हैं। ऋण की लागत स्थिर रहने से नई परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता बेहतर होती है।

विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र, जो भारत की जीडीपी में लगभग 16 से 17 प्रतिशत योगदान देता है, इस नीति से लाभान्वित हो सकता है। कम या स्थिर ब्याज दरें मशीनरी, संयंत्र और नई तकनीक में निवेश की लागत को नियंत्रित करती हैं, जिससे उत्पादन बढ़ता है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इसके साथ ही सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजनाएं भी इस क्षेत्र को गति देने में मदद कर रही हैं।

एमएसएमई क्षेत्र के लिए यह नीति विशेष महत्व रखती है। भारत में एमएसएमई क्षेत्र रोजगार का लगभग 30 प्रतिशत से अधिक प्रदान करता है और निर्यात मं भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। सस्ती और आसानी से उपलब्ध क्रेडिट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत होती है। आरबीआई द्वारा बैंकों को उत्पादक क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने के संकेत इस क्षेत्र के लिए सकारात्मक माने जा रहे हैं।

आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता और बैंकिंग प्रणाली की मजबूती पर भी जोर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPA) का स्तर कम हुआ है और बैंकिंग प्रणाली की बैलेंस शीट मजबूत हुई है। यह स्थिति बैंकों को अधिक आत्मविश्वास के साथ ऋण देने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलती है।

इस मौद्रिक नीति के सामने कुछ चुनौतियां भी बनी हुई हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, इसलिए यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो आयातित महंगाई बढ़ सकती है।

## सोशल फोरम

# कांगड़ा की राजकुमारी

सन् 1875 में कांगड़ा क्षेत्र के एक राजपूत परिवार में जन्मी राजकुमारी दिव्येश्वरी नेपाल के राजघराने की रानी दिव्येश्वरी राज्या लक्ष्मी देवी शाह के रूप में मशहूर हुईं। कांगड़ा के एक राजपूत राज घराने से संबंध रखने वाली दिव्येश्वरी का विवाह 1886 में नेपाल के राजा पृथ्वी वीर विक्रम शाह से हुआ। 'त्रिभुवम बायोग्राफी- नेपाली किंग एंड सन ऑफ दिवेश्वरी' पुस्तक में रानी दिव्येश्वरी के नेपाल राज परिवार की रानी बनने का किस्सा दर्ज है। कांगड़ा की राजकुमारी दिवेश्वरी की शादी नेपाल के महान नारायणहिटी महल में हुई और वे काठमांडू की सबसे मशहूर रानी बनीं। यह महल आगे चलकर नेपाल का सबसे प्रतिष्ठित शाही निवास बना।


अजीत सिंह
रिटायर्ड अफसर

पूर्व सांसद कृपाल परमार बताते हैं कि दिव्येश्वरी ज्वालामुखी के धवाला गांव के नजदीकी स्थान शिवनाथ निवासी उनके परदादा मुल्तान सिंह की बेटी और उनके पिता की बुआ थीं। उन्हें उनके दादा विधि चंद ने बताया था कि नेपाल राज परिवार से एक तांत्रिक राजकुमार का रिश्ता लेकर आया था। जब रिश्ता तय हुआ, दिव्येश्वरी की उम्र 10 साल थी और शादी 13 साल की उम्र में होनी थी।

रिश्ता तय होने पर राज परिवार की दो महिला शिक्षिकाएं दो साल तक दिव्येश्वरी के घर पर रह कर उन्हें शाही दरबार के लिए प्रशिक्षित करती रहीं। जब दिव्येश्वरी की शादी हुई, तो उनके पूरे परिवार को नेपाल बुलाया गया और एक महल में साल भर उनके ठहरने की व्यवस्था की गई। दिव्येश्वरी रानी को ज्वाला के नाम से भी पुकारा जाता था। वे बाद में भी अपने मायके के पक्ष को नेपाल बुलाती रहीं, लेकिन परिवार का जाना संभव नहीं हो पाया।

दिव्येश्वरी ने रानी कंसोर्ट के रूप में 1886 से 1911 तक नेपाल के दरबार में जीवन बिताया। जब राजा पृथ्वी वीर विक्रम शाह का निधन हुआ तो उनके छोटे बेटे त्रिभुवन वीर विक्रम शाह राजा बने। उस समय त्रिभुवन मात्र पांच साल के थे, इसलिए रानी दिव्येश्वरी को रेजेंट (राजप्रतिनिधि) बेटे की ओर से राज्य का संचालन का अवसर मिला।

रानी दिव्येश्वरी ने न सिर्फ राज-पाठ संभाला, बल्कि एक ऐसे पुत्र को जन्म दिया जिसने बाद में नेपाल को राजनीतिक बदलावों की ओर अग्रसर किया। राजा त्रिभुवन ने नेपाल में आधुनिक संवैधानिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजा त्रिभुवन 20वीं सदी में नेपाल के साम्राज्यवादी शासन के समकालीन संदर्भों में इतिहास का बड़ा नाम हैं। -फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# सस्ती दवाएं नहीं, मुफ्त हो कैंसर का इलाज

पहली बार बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कुल बजट 1,01,709 करोड़ रुपये का है, जिसे पांच साल में 42 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन जीडीपी का जितना हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर आवंटित किया जाना चाहिए, उतना बजट नहीं दिया जा रहा है। यह विडंबना और संकुचित सोच का नतीजा ही है। स्वास्थ्य का बजट अब भी दो फीसदी से कम है, जो 147 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश के लिए 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान है।

देश का औसतन 9वां नागरिक कैंसर-पीड़ित है। अभी तक कैंसर लगभग लाइलाज है, क्योंकि देश में सुविधाएं और चिकित्सा पर्याप्त नहीं है। जहां इलाज उपलब्ध है, वहां लंबी प्रतीक्षा है, मशीनें खराब पड़ी रहती हैं, डाक्टर भी गायब रहते हैं, शोध का स्तर उथला है और अंततः इलाज बेहद महंगा है। राजधानी दिल्ली की नाक के तले ही कैंसर की नकली दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं। कुछ गिरोह पकड़े भी जाते हैं, लेकिन उनका कानूनी निष्कर्ष क्या होता है, कितना दंडनीय अपराध साबित होता है, उनका सार्वजनिक खुलासा नगण्य है।


आकाश सपेलकर
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट

बजट में कैंसर, मधुमेह समेत सात गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती घोषित की गई हैं। बेशक कैंसर की दवाओं पर शुल्क घटने से इन दवाओं के आयात और वितरण से जुड़ी कंपनियों के मार्जिन में सुधार होगा। बजटीय आवंटन 10,000 करोड़ रुपये का सीधा लाभ उनको मिलेगा, जो 'बायोसिमिलर्स' और शोध पर काम कर रही हैं। बॉयोकॉन, सन फार्मा, जायडस लाइफ साइंसेज को ये लाभ मिल सकते हैं। मौजूद सवाल यह है कि देश में कैंसर का इलाज मुफ्त क्यों नहीं किया जा सकता? अथवा जो अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए चिह्नित किए जाएं, उनमें इतना अनुशासन और सख्ती की जानी चाहिए कि आम आदमी को कैंसर का इलाज 100 फीसदी सुनिश्चित किया जा सके।

जब देश में 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांटने की राजनीतिक संस्कृति पुख्ता हो चुकी है और इस आधार पर चुनाव जीते जा रहे हैं, तो कैंसर किसी की जिंदगी और मौत से जुड़ी बीमारी है। 'अमीर अर्थव्यवस्था' वाला देश कैंसर का मुफ्त इलाज मुहैया क्यों नहीं करा सकता? किसानों की सम्मान राशि के लिए बजट में 65,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, तो कैंसर-पीड़ितों के लिए बजटीय प्रावधान क्यों नहीं किया जा सकता? देश में दवाओं का इतना संकट नहीं है, बल्कि अस्पताल और डॉक्टरों की उपलब्धता बहुत कम है।

हास्यास्पद् है कि बजट में 'मेडिकल पर्यटन' की खूब गालबजाई की गई है। राजधानी दिल्ली में ही प्रति लाख आबादी पर अस्पताल मात्र 0.52 है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और मणिपुर में प्रति लाख आबादी पर औसतन एक अस्पताल नहीं है। सबसे कम डॉक्टर नगालैंड, मिजोरम, झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार में उपलब्ध हैं। देशवासियों और विदेशियों को सहज और सुलभ इलाज कैसे मुहैया कराएंगे?

एक लाख एलाइड पेशेवरों को प्रशिक्षण और 1000 करोड़ रुपये का बजट, तीन नये नेशनल फार्मा संस्थान, 50 फीसदी ट्रॉमा केयर सेंटर, जिलेवार अस्पताल, आयुष फार्मेसी, ड्रग टेस्टिंग लैब, जामनगर स्थित टेऊडिशनल मेडिसन सेंटर और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणाएं अच्छी हैं, लेकिन उनकी उपस्थिति और सक्रियता जमीन पर भी दिखनी चाहिए। यदि लद्दाख, चंडीगढ़, पुड्डुचेरी, केरल, तमिलनाडु में प्रति लाख आबादी पर सबसे अधिक बेड उपलब्ध हो सकते हैं, तो यही व्यवस्था देश भर में भी की जा सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा।)

# हॉलीवुड की मिथ मर्लिन मुनरो

मर्लिन मुनरो एक मॉडल, अभिनेत्री और गायिका भी थीं। वे 20 वीं सदी की सबसे प्रसिद्ध महिलाओं में से एक थीं, जो अपनी सुंदरता और सफलता के अलावा अपने बिंदासपन के लिए भी जानी जाती थीं। उनके कई चर्चित कैमरा पोज आज भी दीवारों पर सजे दिखते हैं। उन्हें अमेरिकी संस्कृति में व्यापक रूप से सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक माना जाता है। अनाथ आश्रम में पली-बढ़ी मर्लिन कभी बेहद शर्मीली इंसान थीं, जो बाद में एक बिंदास गर्ल के नाम से फेमस हुईं। हॉलीवुड की मधुबाला कही जाने वाली मर्लिन मुनरो की जिंदगी तमाम उतार-चढ़ावों और रहस्यों से भरी है।



नूर हिना खान
लेखिका



## प्रेम जीवन और विवाद

मर्लिन के निजी जीवन में उतार-चढ़ाव काफी थे। उनकी तीन शादियां रहीं:

- James Dougherty- जब वह बहुत युवा थीं, इस शादी से जीवन आसान नहीं रहा।
- Joe DiMaggio - प्रसिद्ध बेसबॉल खिलाड़ी से 1954 में शादी की, लेकिन यह रिश्ता एक साल बाद टूट गया।
- Arthur Miller - प्रसिद्ध नाटककार से 1956 में शादी हुई, लेकिन 1961 में अलग हो गए।





## प्रारंभिक जीवन

मर्लिन मुनरो का जन्म 1 जून 1926 को लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया, अमेरिका में हुआ था। उनका असली नाम नोर्मा जीन मॉर्टेंसन/नोर्मा जीन बेकर था। उनका बचपन बहुत कठिन था। उनकी मां मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं, जिसके कारण मर्लिन को कई पालक परिवारों और अस्थायी घरों में रहना पड़ा। इस अस्थिरता ने उनकी जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला और बाद में उनकी भावनात्मक संघर्षों का हिस्सा बन गया।

करियर की शुरुआत और सफलता

मर्लिन ने शुरुआत में एक फैक्ट्री में काम किया और फिर मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। जल्द ही उन्हें फोटोग्राफी वर्क के जरिए फिल्मों में अवसर मिला। उन्होंने 1946 में 20th Century Fox के साथ एक छोटा करार किया और "मर्लिन मुनरो" के नाम से पर्दे पर अपना करियर शुरू किया। उनकी पहचान ग्लैमर क्वीन के रूप में उभरती गई, खासकर 1950 के दशक में जब उन्होंने कई बड़ी सफल फिल्मों में अभिनय किया।

- Gentlemen Prefer Blondes (1953)- यह उनकी पहली बड़ी सफलता थी।
- How to Marry a Millionaire (1953)- इसने उन्हें और प्रसिद्ध किया।
- The Seven Year Itch (1955)- यह फिल्म आज भी मर्लिन की सबसे आइकॉनिक तस्वीरों में से एक का कारण है, जिसमें उनका सफेद ड्रेस वाला दृश्य बेहद प्रसिद्ध हुआ।
- Bus Stop (1956)- आलोचकों से सराहना मिली।
- The Prince and the Showgirl (1957)- उन्होंने इस फिल्म को अपने प्रोडक्शन कंपनी के जरिए भी बनाया।
- Some Like It Hot (1959) - यह एक कॉमिक मास्टरपीस मानी जाती है।
- Let's Make Love (1960) - साधारण समीक्षाएं मिलीं।
- The Misfits (1961) - उनकी आख़िरी पूरी फिल्म।

## पुरस्कार और लोकप्रियता

- मर्लिन मुनरो को Academy Award (Oscar) कभी नहीं मिला और उन्होंने Oscar के लिए भी नामांकन नहीं पाया। यह बात बहुतों के लिए चौंकाने वाली है, क्योंकि वह उस समय की सबसे बड़ी स्टार थीं।

**फिर भी उन्होंने कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए।**

- Golden Globe Award - Some Like It Hot के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (कॉमेडी/म्यूज़िकल)
- कई Henrietta Awards, Photoplay Awards और Critics Awards भी जीते।
- The Prince and the Showgirl के लिए इटली का "David di Donatello Award" भी हासिल किया।

हालांकि ऑस्कर नहीं मिला, लेकिन उन्होंने Golden Globe समेत उद्योग में कई प्रमुख प्रतिष्ठान मान्यता हासिल की।

## संघर्ष और निजी समस्याएं

मर्लिन के जीवन के नीचे गहरा दर्द और संघर्ष था। वे हर समय अपनी छवि और खुद की असुरक्षा से जूझ रही थीं। ड्रग्स पर निर्भरता और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं थीं। जीवन भर अस्थिर भावनात्मक स्थिति और कई गर्भपात के कारण उन्हें गहरा दुख हुआ। इस सबके बावजूद उन्होंने अपने अभिनय और ग्लैमर से विश्वभर में एक अमिट पहचान बनाई।

## मौत और विरासत



5 अगस्त 1962 को मर्लिन मुनरो को लॉस एंजेलिस में उनके घर में मृत पाया गया। यह मौत बार्बिट्युरेट्स (स्लीपिंग पिल्स) का ओवरडोज थी और इसे "संभवत: आत्महत्या" (probable suicide) करार दिया गया। उनकी मृत्यु के बाद भी चर्चा जारी रही। कुछ लोगों ने साजिश की अटकलें लगाईं, खासकर उनके कथित संबंधों के कारण, लेकिन इन बातों का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला।

## मर्लिन मुनरो का सांस्कृतिक प्रभाव

मर्लिन आज भी एक Hollywood ग्लैमर आइकन मानी जाती हैं। उनकी फिल्में आज भी पसंद की जाती हैं। Some Like It Hot और Gentlemen Prefer Blondes जैसी फिल्में फिल्मों के इतिहास में अमर हैं। वह सेक्स सिंबल के रूप में पहचान बनीं, लेकिन साथ ही उन्होंने अभिनय के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा साबित की। उनका जीवन आज भी डॉक्यूमेंट्री, फिल्म और किताबों का विषय है। मर्लिन मुनरो सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं थीं। वह एक ग्लोबल कल्चर की प्रतीक, संघर्षशील आत्मा और हॉलीवुड के इतिहास की सबसे यादगार हस्तियों में से एक थीं। उन्होंने सफलता, दर्द, प्यार और ग्लैमर हर चीज को अपने रोशन चेहरे के पीछे महसूस किया और आज भी लोग उन्हें आदर्श, प्रेरणा और फिल्मी जिंदगियों की मिसाल के रूप में याद करते हैं।


---

ओटीटी प्लेटफार्म

# देर से मिलता इंसाफ लेकिन असर अधूरा

वध 2 एक गंभीर क्राइम-थ्रिलर फिल्म है, जो यह अहम सवाल उठाती है कि जब इंसाफ मिलने में बहुत देर हो जाए, तो एक आम आदमी के पास क्या विकल्प बचते हैं। फिल्म की मूल भावना "देर से मिला न्याय भी न्याय ही होता है" के विचार के इर्द-गिर्द घूमती है।

कहानी का आइडिया दमदार है और यह समाज व सिस्टम से जुड़े कई अहम सवाल खड़े करती है, लेकिन स्क्रीन पर इसका असर पूरी तरह बन नहीं पाता। फिल्म की शुरुआत धीमी है और पहले हिस्से में कहानी बहुत आराम से आगे बढ़ती है। कई दृश्य अनावश्यक रूप से लंबे लगते हैं और कुछ जगह दर्शक को पहले ही अंदाजा हो जाता है कि आगे क्या होने वाला है। हालांकि जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सस्पेंस बढ़ता है और दूसरे हिस्से में फिल्म कुछ हद तक पकड़ बनाती है। यदि शुरुआती हिस्से को थोड़ा और टाइट रखा जाता, तो फिल्म कहीं अधिक प्रभावशाली हो सकती थी।



अभिनय के मामले में वध 2 मजबूत नजर आती है। संजय मिश्रा अपने किरदार में पूरी तरह फिट बैठते हैं और बिना किसी अतिरिक्त ड्रामे के भावनाओं को प्रभावी ढंग से सामने रखते हैं। नीना गुप्ता भी अपने रोल में सच्चाई और गहराई लेकर आती हैं। खासकर भावनात्मक दृश्यों में उनका अभिनय सराहनीय है। सहायक कलाकारों की भूमिकाएं भले ही सीमित हों, लेकिन कहानी की जरूरत के हिसाब से वे ठीक बैठती हैं।

तकनीकी पक्ष औसत कहा जा सकता है। सिनेमैटोग्राफी ठीक-ठाक है, लेकिन कुछ नया या यादगार पेश नहीं करती। एडिटिंग और बेहतर हो सकती थी, क्योंकि कई जगह फिल्म खिंची हुई महसूस होती है। बैकग्राउंड म्यूजिक माहौल बनाने की कोशिश करता है, पर वह अपेक्षित प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह सफल नहीं होता।

क्लाइमेक्स में फिल्म एक स्पष्ट संदेश देने और नैतिक सवाल उठाने की कोशिश करती है। यह हिस्सा दर्शक को सोचने पर मजबूर जरूर करता है, लेकिन जिस गहरे असर की उम्मीद रहती है, वह पूरी तरह उभरकर सामने नहीं आता।

कुल मिलाकर, वध 2 एक अच्छी सोच और मजबूत अभिनय वाली फिल्म है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार और औसत प्रस्तुति इसकी सबसे बड़ी कमजोरियां हैं। यदि आपको गंभीर विषयों पर बनी स्लो-बर्न थ्रिलर फिल्में पसंद हैं और आप तेज-तर्रार मनोरंजन की अपेक्षा नहीं रखते, तो यह फिल्म एक बार देखी जा सकती है।

*समीक्षक-प्रदीप शर्मा*

---

जिंदगी का सफर

# 'मिस्ट्री गर्ल' साधना



भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग की सबसे चमकती सितारों में से एक, साधना 1941 में पैदा हुई थीं। कराची में जन्मी साधना का परिवार विभाजन के बाद मुंबई आकर बस गया था। उनके पिता, प्रसिद्ध अभिनेत्री साधना बोस के प्रशंसक थे, उन्हीं के नाम पर उन्होंने अपनी बेटी का नाम 'साधना' रखा।

साधना ने अपने अभिनय सफर की शुरुआत 1955 में राज कपूर की फिल्म 'श्री 420' के एक गाने 'मुड़ मुड़ के ना देख' में एक कोरस डांसर के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने भारत की पहली सिंधी फिल्म 'अबाना' (1958) में काम किया, जिसके लिए उन्हें मात्र एक रुपया पारिश्रमिक मिला था।

मुख्य अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली फिल्म 'लव इन शिमला' (1960) थी। इसी फिल्म के दौरान उनके माथे को ढकने के लिए हॉलीवुड अभिनेत्री ऑड्रे हेपबर्न से प्रेरित 'फ्रिंज' हेयरस्टाइल अपनाया गया, जो आगे चलकर पूरे भारत में 'साधना कट' के नाम से मशहूर हो गया।



साधना को हिंदी सिनेमा की 'मिस्ट्री गर्ल' कहा जाता था। निर्देशक राज खोसला के साथ उनकी सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों-'वो कौन थी?', 'मेरा साया' और 'अनीता' ने उन्हें इस खिताब से नवाजा। उनकी अन्य यादगार फिल्मों में शामिल हैं, 1965) में आई वक्त, जिसमें उन्होंने ग्लैमर और अभिनय का बेहतरीन संतुलन पेश किया। 1963 में आई मेरे महबूब फिल्म में उनकी मुस्लिम लड़की की भूमिका और 'मुस्लिम सोशल' अंदाज बेहद सराहा गया। हम दोनों (1961) फिल्म में देव आनंद के साथ उनकी केमिस्ट्री और फिल्म के गाने आज भी याद किए जाते हैं। 1965 में आई आरजू और 1969 में आई एक फूल दो माली फिल्में उनके करियर की बड़ी हिट्स साबित हुईं।

60 के दशक में साधना सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक थीं। थायराइड की बीमारी के कारण उनकी आंखों की बनावट में बदलाव आया, जिसके चलते उन्होंने समय से पहले ही फिल्मों से दूरी बना ली। 1974 में फिल्म 'गीता मेरा नाम' के निर्देशन और अभिनय के बाद उन्होंने पूरी तरह से संन्यास ले लिया, क्योंकि वह अपनी 'ग्लैमरस' छवि को बरकरार रखना चाहती थीं और मां या भाभी के सहायक रोल नहीं करना चाहती थीं। 25 दिसंबर 2015 को साधना का निधन हो गया। साधना न केवल अपनी खूबसूरती और फैशन सेंस के लिए याद की जाती हैं, बल्कि अपनी गंभीर और प्रभावशाली भूमिकाओं के कारण भी भारतीय सिनेमा के इतिहास में अमर रहेंगी।

---

# कॉमेडी के बीच क्यूट सा लव

लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं!' अब बड़े पर्दे पर अपनी कॉमिक दुनिया का विस्तार करने जा रहा है। जी स्टूडियोज और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत, संजय कोहली व बिनैफर कोहली के निर्माण में बनी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!-फन ऑन द रन' दर्शकों के लिए हास्य, भागदौड़ और मनोरंजन से भरपूर सफर लेकर आ रही है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गीत 'मनजोगी' रिलीज किया गया है, जो फिल्म की तेज रफ्तार कॉमेडी के बीच एक भावनात्मक ठहराव का एहसास कराता है।

## 'मनजोगी': शोर के बीच सुकून की धुन

जहां फिल्म हंसी, उलझनों और मजेदार परिस्थितियों से भरपूर है, वहीं 'मनजोगी' कहानी में एक कोमल और आत्मीय रंग घोलता है। सोनू निगम की मखमली आवाज में गाया गया यह गीत प्रेम को उसके सरल और निष्कपट रूप में प्रस्तुत करता है। यह गाना न तो दिखावटी है और न ही भारी-भरकम शब्दों का सहारा लेता है, बल्कि अपनी सादगी से सीधे दिल में उतरता है। गीत के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जो भावनाओं को सहज शब्दों में पिरोते हैं, जबकि संगीत विशाल शेल्के का है, जिसकी धुन धीरे-धीरे मन में बस जाती है। 'मनजोगी' उन गीतों में से है, जो सुनते ही नहीं, बल्कि महसूस किए जाते हैं।

## फिल्म में सितारों की जमावट

'भाबीजी घर पर हैं!-फन ऑन द रन' का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। टीवी पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाले ये किरदार अब बड़े पर्दे पर नए अंदाज में हंसी का तड़का लगाने को तैयार हैं।

## सोनू निगम की आवाज में नया रंग

हाल ही में गंभीर और भावनात्मक प्रोजेक्ट्स में अपनी दमदार गायकी से प्रभावित करने के बाद, सोनू निगम 'मनजोगी' के जरिये एक हल्की-फुल्की और रोमांटिक सिनेमाई दुनिया में लौटते हैं। यह गीत साबित करता है कि उनकी आवाज हर तरह की भावनाओं को समान सहजता से व्यक्त करने में सक्षम है। 'मनजोगी' में उनकी गायकी प्रेम की मासूमियत और ठहराव को खूबसूरती से उभारती है।

## छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर

'भाबीजी घर पर हैं!' का सफर भारतीय टेलीविजन के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में गिना जाता है। यह टीवी कार्यक्रम वर्ष 2015 में शुरू हुआ और अपनी सादगी, देसी हास्य और यादगार किरदारों के जरिये देखते ही देखते दर्शकों के दिलों में खास जगह बना गया। छोटे पर्दे पर वर्षों तक लगातार सफलता के बाद अब यही चर्चित दुनिया बड़े पर्दे पर एक नए विस्तार के साथ दस्तक दे रही है। टीवी की सीमित लोकेशन्स और एपिसोडिक कहानियों से निकलकर, 'भाबीजी घर पर हैं! – फन ऑन द रन' सिनेमाई पैमाने पर कहानी, किरदारों और मनोरंजन को और व्यापक रूप में पेश करती है। यह फिल्म न सिर्फ़ शो के पुराने प्रशंसकों के लिए एक खास अनुभव है, बल्कि उन दर्शकों के लिए भी एक नया प्रवेश द्वार खोलती है, जो पहली बार इस कॉमिक दुनिया से रूबरू होंगे।



## अंगूरी भाभी और शुभांगी अत्रे का भावनात्मक रिश्ता

फिल्म के साथ-साथ शुभांगी अत्रे भी इन दिनों चर्चा में हैं। 'अंगूरी भाभी' के किरदार से घर-घर पहचान बनाने वाली शुभांगी अत्रे ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने करियर और इस किरदार को लेकर भावनात्मक बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि लगभग नौ साल से अधिक समय तक अंगूरी भाभी को निभाना उनके लिए एक यादगार और आत्मीय अनुभव रहा है। उनके अनुसार, यह किरदार अब उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने इसे कभी चुनौती नहीं माना, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में निभाया और पूरे समर्पण के साथ इस किरदार को दर्शकों के दिलों तक पहुंचाया।

## आखिरी सांस तक करना चाहती हूं अभिनय

शुभांगी अत्रे का कहना है कि कैमरे के सामने रहना उनके लिए सिर्फ काम नहीं, बल्कि प्रेम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभिनय ही उनकी असली पहचान है और वे चाहती हैं कि जीवन की आखिरी सांस तक अच्छे और सार्थक किरदार निभाती रहें। यह जुनून और ईमानदारी ही उन्हें इंडस्ट्री में अलग पहचान देती है।

फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं! – फन ऑन द रन' सिर्फ हंसी-मज़ाक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक ऊर्जा और आनंद का संदेश भी देती है। इसी भावना से प्रेरित होकर फिल्म के प्रचार से जुड़ी संस्थाओं ने भी स्वस्थ जीवनशैली और खुशहाल मन को महत्व देने की बात कही है। कलाकारों का मानना है कि जब मन प्रसन्न होता है, तभी मनोरंजन का असली आनंद मिलता है।

**जिंसों की बढ़ती लागत से कीमतें बढ़ाएगी टाटा मोटर्स**

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्रा के अनुसार, जिंसों की बढ़ती लागत के दबाव से कंपनी आगामी हफ्तों में वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी। दूसरी ओर मारुति सुजुकी इंडिया मूल्य वृद्धि के लिए स्थिति की समीक्षा कर रही है, वहीं हुंदै मोटर इंडिया ने अपने वेन्यू मॉडल पर कीमतें पहले ही बढ़ा दी हैं। चंद्रा ने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा पर कहा कि हम पिछले एक साल से जिंसों की लागत का दबाव झेल रहे हैं।

अमृत विचार
अयोध्या, सोमवार, 9 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आईपीओ की तैयारी में फोनपे, विस्तार पर नजर

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट समर्थित फिनटेक दिग्गज फोनपे अप्रैल में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी की योजना भारत के डिजिटल भुगतान बाजार में पकड़ के साथ वित्तीय सेवाओं और नए उपभोक्ता मंचों के क्षेत्र में विस्तार करने की है। कंपनी ने अपने मसौदा दस्तावेजों (डीआरएचपी) में उल्लेख किया है कि डिजिटल भुगतान ही उसकी प्रगति का प्रमुख स्रोत बना रहेगा। इसके विस्तार के लिए कंपनी अपने उपभोक्ता आधार, संभावित बाजार और मंच के कार्यक्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु पूंजी लगाने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि भारत में डिजिटल उपभोक्ता भुगतान का कुल संभावित बाजार वित्त वर्ष 2025 में 301 लाख करोड़ था, जिसके वित्त वर्ष 2030 तक बढ़कर 602-681 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

### डेटा सेंटर की क्षमता बढ़ाएगा एलएंडटी

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मार्च के अंत तक 18 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता चालू करने की योजना बनाई है, जिससे चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसकी कुल परिचालन क्षमता 32 मेगावाट हो जाएगी। डेटा सेंटर के लिए कुल पूंजीगत व्यय 1,000 करोड़ है। कंपनी ने कहा कि सेमीकंडक्टर व्यवसाय में एलएंडटी डिजाइन-आधारित चिप पर ध्यान केंद्रित कर रही है और कई ग्राहकों के साथ जुड़ रही है। इलेक्ट्रोलाइज़र व्यवसाय के संदर्भ में, कंपनी ने पूरी तरह से स्वदेशी चार मेगावाट स्टैक विकसित किया है और इसे 8-10 मेगावाट तक अपग्रेड कर रही है। कंपनी को निकट भविष्य में इस क्षेत्र से महत्वपूर्ण ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

### खुद की मेहनत से आगे बढ़ेगी सन फार्मा

**नई दिल्ली।** दवा क्षेत्र की कंपनी सन फार्मा अधिग्रहण के बजाय खुद की मेहनत और संसाधनों से आगे बढ़ने (ऑर्गेनिक ग्रोथ) के दृष्टिकोण पर कायम रहेगी, ताकि शेयरधारकों के लिए निवेश का आकर्षण बना रहे। कंपनी के चेयरमैन दिलीप सांघवी ने स्पष्ट किया कि विस्तार के लिए कंपनी अनुशासित रुख अपनाएगी। कंपनी की विलय एवं अधिग्रहण रणनीति पर सांघवी ने कहा कि अमेरिका हमारी रणनीति का प्रमुख केंद्र बना रहेगा, विशेषकर नई और आधुनिक दवाओं के क्षेत्र में।

# नीतिगत स्थिरता का सिद्धांत बजट का आधार

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- बजट के केंद्र में विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को रखा

- बोलीं- पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे के विस्तार और संरचनात्मक सुधारों को दी प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नीतियों में बार-बार बदलाव से बचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर ने आम बजट 2026-27 को आकार दिया है। यह बजट नीतिगत स्थिरता पर आधारित है और इसके केंद्र में विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को रखा गया है। एक नए पांच वर्षीय वित्तीय चक्र और 21वीं सदी की दूसरी तिहाई के पहले बजट के रूप में तैयार यह दस्तावेज राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे के विस्तार और संरचनात्मक सुधारों को प्राथमिकता देता है।

सीतारमण ने कहा कि लोग स्थिरता चाहते हैं, और इसीलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को तीसरी बार चुना है। उस वोट में स्थिरता निहित है, और यह बात पिछले बजटों के माध्यम से नीतियों के क्रियान्वयन के तरीके में भी दिखाई देती है। प्रधानमंत्री की लगातार तीसरी चुनावी जीत राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता का स्पष्ट सार्वजनिक समर्थन है, जिसे सरकार भारत की दीर्घकालिक विकास रणनीति के लिए महत्वपूर्ण मानती है। प्रधानमंत्री हमेशा नीतियों में बार-बार बदलाव से बचने की बात करते हैं। एक बार जब नीतिगत दिशा की घोषणा हो जाती है, तो सरकार उसके क्रियान्वयन में स्थिर रहती है।



### बजट वित्तीय कवायद नहीं, लंबी योजना का हिस्सा

सीतारमण ने कहा कि बजट को केवल एक साल की वित्तीय कवायद के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे एक लंबी योजना के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। हम 2047 और उसके बाद 2050 तक भी देख रहे हैं। ध्यान स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित भारत के निर्माण पर है और 25 वर्षों में भारत को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करना है। वित्त मंत्री के अनुसार यह दीर्घकालिक नजरिया आने वाले दशकों में निरंतर विकास, संस्थागत मजबूती और आर्थिक लचीलेपन पर जोर देने के साथ सभी क्षेत्रों में नीति-निर्माण का मार्गदर्शन करेगा।

### पूंजीगत व्यय सरकार की सफलता की कहानियों में से एक

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सार्वजनिक व्यय के बारे में सीतारमण ने कहा कि पूंजीगत व्यय इस सरकार की सफलता की कहानियों में से एक है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी विभागों के लिए बजटीय प्रावधानों ने कोविड महामारी के बाद बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग करने में राज्यों की भूमिका भी उतनी ही प्रभावशाली रही है, और कई राज्यों ने अपनी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा कर अधिक धन का उपयोग करने की अपनी क्षमता साबित की है।

### सरकार बैंकिंग पर उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की वित्त पोषण जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बड़े बैंक बनाने का खाका तैयार करने को जल्द ही विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी। समिति हमें बताए कि हमें किस तरह के कदम उठाने की जरूरत है ताकि विकसित भारत के वित्त पोषण के लिए बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के सुझाव पर सीतारमण ने कहा कि किसी को इसे इस तरह सीमित दायरे में नहीं देखना चाहिए। यह भारत के बैंकिंग क्षेत्र को इतना बड़ा बनाने के लिए है कि वह विकसित भारत के वित्त पोषण का ध्यान रख सके। आपको विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचना है, इसके लिए धन, वित्त पोषण, ऋण और आम आदमी तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच की आवश्यकता है।

# भारत-मलेशिया के बीच बढ़ते व्यावसायिक संबंध सराहनीय

कुआलालंपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों से बातचीत की और भारत की विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों द्वारा दिखाई मजबूत रुचि की सराहना की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते व्यावसायिक संबंधों और मलेशियाई कंपनियों द्वारा भारत की वृद्धि की यात्रा में दिखाई जा रही मजबूत रुचि की सराहना की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोनास के अध्यक्ष और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी टैन तेंगकू मोहम्मद तौफिक से मुलाकात की और ऊर्जा साझेदारियों को मजबूत करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ ईंधन में नए अवसरों पर चर्चा की, जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया शामिल हैं। विंसेंट टैन ची यिउन ने प्रधानमंत्री को बताया कि वह बर्जया का भारत के गतिशील सेवा और उपभोक्ता क्षेत्रों में विस्तार बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।



- प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के चार प्रमुख दिग्गजों से की बातचीत

वहीं पुआ खिन सेंग ने फाइसन की भारत में तेजी से बढ़ते तकनीक और नवाचार क्षेत्र में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की। अमीरुल फैसल वान जाहिर ने प्रधानमंत्री से भारत के आर्थिक परिवर्तन और निवेश के लिए उच्च संभावनाओं वाले बाजार के रूप में उसकी भूमिका पर चर्चा की। मोदी ने भारत में व्यवसाय में आसानी और स्थिर, कुशल और पूर्वानुमानित व्यापार तथा नीति वातावरण के लिए उठाए कदमों और सुधारों पर प्रकाश डाला।

# नए कानून के मसौदा नियमों, प्रपत्रों पर आयकर विभाग ने मांगे सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले वेबसाइट पर किया अपलोड
- सीबीडीटी ने परामर्श प्रक्रिया के तहत चार श्रेणियों में सुझाव देने के लिए कहा

आयकर विभाग ने रविवार को कहा कि उसने एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले नए आयकर कानून, 2025 के तहत कर नियमों और प्रपत्रों के मसौदे पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। विभाग ने जानकारी दी कि व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 और संबंधित फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परामर्श प्रक्रिया के तहत हितधारकों से चार श्रेणियों में सुझाव मांगे हैं। इनमें भाषा का सरलीकरण, मुकदमों में कमी, अनुपालन बोझ को कम करना और अप्रासंगिक या पुराने हो चुके नियमों व प्रपत्रों की पहचान करना शामिल है। विभाग ने कहा कि हितधारकों को इन मसौदों का अध्ययन कर सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अंतिम अधिसूचना से पूर्व इन सभी सुझावों को संकलित कर उन पर समीक्षा के लिए विचार किया जाएगा। सुझाव देने की सुविधा के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर लिंक जारी किया गया है, जो चार फरवरी, 2026 से सक्रिय है। हितधारक अपने नाम और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित सत्यापन के बाद अपने सुझाव साझा कर सकते हैं।

# मुंद्रा बंदरगाह ने वाहन निर्यात और तरल माल की निकासी में की उच्च वृद्धि

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित अडाणी समूह के मुंद्रा बंदरगाह ने जनवरी में वाहन निर्यात और तरल माल (लिक्विड कार्गो) की निकासी में भारी वृद्धि दर्ज की है। बंदरगाह ने कई परिचालन रिकॉर्ड स्थापित किए हैं, जो भारत के व्यापार और निर्यात प्रवाह को समर्थन देने में बड़े, एकीकृत बंदरगाहों की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हैं।

- अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम के बाजारों के लिए भेजे गए शिपमेंट

अधिकारियों ने कहा कि बंदरगाह ने अब तक का सबसे अधिक मासिक वाहन निर्यात दर्ज किया, जिसमें अडाणी मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल (सीटी2) के समर्पित रोल-ऑन/रोल-ऑफ (रो-रो) टर्मिनल से 25,762 वाहनों का निर्यात हुआ। मारुति सुजुकी और टोयोटा सहित वाहन निर्माताओं ने मुंद्रा से निर्यात को बढ़ाया, जिसमें अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम के बाजारों के लिए शिपमेंट भेजे गए। मुंद्रा ने जनवरी में एक जहाज पर सबसे अधिक लोडिंग का रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 5,701 वाहनों को लोड किया गया।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा मौजूदा वित्त वर्ष में दो लाख करोड़ को करेगा पार : नागराजू

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की बेहतर स्थिति से उत्साहित वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने भरोसा जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में इन बैंकों का संयुक्त मुनाफा दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अच्छी स्थिति में होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत है, जो काफी उत्साहजनक है।

उन्होंने कहा कि बैंक अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत हैं। इसलिए, वे लचीले हैं। हमारे पास नियामक आरबीआई के तहत बहुत ही विवेकपूर्ण प्रबंधन प्रणाली मौजूद है। इसलिए हम अपने बैंकिंग क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले बाहरी कारकों के बारे में बहुत चिंतित नहीं हैं। पीएसबी की लाभप्रदता पर उन्होंने कहा कि इस साल (चालू वित्त वर्ष) हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। हमने पहली छमाही में ही एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया है, मुझे लगता है कि हम दो लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएंगे। पीएसबी का संयुक्त मुनाफा तीन साल में दोगुना हो जाएगा। संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार, ऋण वृद्धि, स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात और संपत्तियों पर बढ़ते प्रतिफल से पीएसबी का मुनाफा 2022-23 में एक लाख करोड़ को पार कर 1.05 लाख करोड़ रुपये हो गया था। वित्त मंत्रालय पीएसबी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 20 से बढ़ाकर 49% किए जाने के विचार पर नागराजू ने कहा कि एफडीआई सीमा को 49% बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श जारी है।



- वित्तीय सेवा सचिव बोले- पीएसबी की ऋण वृद्धि 12 और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत, जो उत्साहजनक



# 31 मार्च से पहले नक्सल का सफाया तय : शाह

## गृह मंत्री का निर्देश- बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार के दिखें ठोस परिणाम

- नक्सलवाद के खात्मे की समयसीमा से पहले वामपंथी उग्रवाद को लेकर हुई उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी संगठनों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार से वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में ठोस परिणाम सामने आए हैं। शाह ने कहा कि 31 मार्च से पहले नक्सलवाद का सफाया होना तय है। शाह ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद की।

यह बैठक उग्रवाद को समाप्त करने की केंद्र की 31 मार्च की समयसीमा से पहले हुई। शाह ने बैठक की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए कहा कि रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार व अधिकारियों के साथ नक्सल रोधी अभियानों पर समीक्षा बैठक की। सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे का विकास, नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार और आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आये हैं और 31 मार्च से पहले नक्सलवाद समाप्त हो रहा है।

अधिकारी ने बताया कि नवा रायपुर अटल नगर स्थित होटल में हुई बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक और गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) शामिल हुए। इसके अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के महानिदेशक, साथ ही छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक एवं कई वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।




रायपुर में नक्सल-विरोधी अभियानों की समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और अन्य लोग।

### कम्युनिस्ट विचारधारा से पाना होगा छुटकारा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को जल्द से जल्द विनाशकारी कम्युनिस्ट विचारधारा से छुटकारा पाने की जरूरत है और उन्होंने नक्सलियों से हथियार डालने की अपील की। शाह ने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वालों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करेगी। नवा रायपुर में ऑर्गनाइजर वीकली के छत्तीसगढ़-25 शिफ्टिंग द लेंस शीर्षक से आयोजित सम्मेलन में शाह ने कहा कि माओवादी समस्या को विकास की कमी से नहीं जोड़ा जा सकता और न ही इसे केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या एक विचारधारा से प्रेरित चुनौती है। भारत की जनता को इस विचारधारा की सच्चाई को समझना चाहिए। जहां कहीं भी कम्युनिस्ट सत्ता में रहे, वे विकास नहीं ला सके। कम्युनिस्ट विचारधारा विनाश की विचारधारा है और देश को इससे तुरंत छुटकारा पाना आवश्यक है। शाह ने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति में अब कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और बंगाल में अब इसका अस्तित्व नहीं है। केरल में यह कुछ हद तक मौजूद है। हालांकि, तिरुवनंतपुरम से लोगों ने बदलाव की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहती और आत्मसमर्पण करने वालों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करेगी।

# डिजिटल अरेस्ट: 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 190 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों और 100 करोड़ रुपये से अधिक से जुड़े डिजिटल अरेस्ट मामले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों में अनीश सिंह और मणि सिंह है। दोनों को एक महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें उसने कहा कि उसे दो महीने तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और फर्जी साइबर अपराध जांच के बहाने उससे 40 लाख रुपये हस्तांतरित करवा लिए गए।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता को पिछले साल 15 अक्टूबर से 12 दिसंबर के बीच डिजिटल अरेस्ट किया गया था। खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर धोखेबाजों ने उसे गिरफ्तारी, कार्रवाई की धमकी दी थी। उसे मुंबई अपराध शाखा के आईपीएस का दावा करने वाले व्यक्ति ने महिला पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया।

# श्राइन बोर्ड बनाएगा माता वैष्णो देवी को प्रमुख आध्यात्मिक स्थल

जम्मू, एजेंसी

- तीर्थयात्रा के लिए सुविधाओं का विस्तार करने को समिति का किया गया गठन
- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई पहलों को दी गई मंजूरी

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने त्रिकूटा की पहाड़ियों पर स्थित तीर्थ स्थल और आसपास के क्षेत्र को भारत के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में से एक में परिवर्तित करने को रविवार को कई पहलों को मंजूरी दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह मंजूरी दी। प्रवक्ता ने कहा कि तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने और तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुविधाओं का विस्तार करने की रणनीतियों का आकलन करने को समिति का गठन भी किया गया है। यह समिति बोर्ड को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाली बैठक में इन पहलों को मंजूरी दी गई। मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र को अग्रणी और सबसे जीवंत आध्यात्मिक स्थल में तब्दील करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मंदिर बोर्ड ने तीन पहलों को मंजूरी दी है, जिनमें मां शक्ति की आध्यात्मिक विरासत को समर्पित एक अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय, एक प्रकाश-ध्वनि शो और माता वैष्णो देवी मंदिर पर वृत्तचित्र शामिल हैं। बोर्ड ने रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया है और भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अनुरूप, माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग पर सेवा प्रदाताओं, जैसे कि टट्टू और पिठू संचालकों के लिए पुनर्वास योजना तैयार करने और उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने को मंजूरी दी गई।

# सूरजकुंड हादसा : झूला संचालक और उसका कर्मचारी गिरफ्तार

फरीदाबाद, एजेंसी

हरियाणा में फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला मैदान में विशाल झूले सुनामी के टूटकर गिरने की घटना के एक दिन बाद रविवार को पुलिस ने झूला संचालक और उसके एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार शाम को हुए हादसे में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस निरीक्षक की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गये थे। यह हादसा सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के दौरान हुआ। घटना के समय 19 लोग झूले पर सवार थे जो हवा में झुक गया और फिर टूटकर गिर पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि 1989 में हरियाणा सशस्त्र पुलिस में भर्ती हुए निरीक्षक जगदीश प्रसाद 36 वर्षों की सेवा पूरी कर मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले थे और उन्होंने झूले में फंसे लोगों को बचाने का प्रयास किया। उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता यशपाल ने कहा कि जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक हिमाचल के सिरमौर का निवासी मोहम्मद शाकिर है, जो हिमाचल फन केयर कंपनी का मालिक है और दूसरा उत्तर प्रदेश के मेरठ का नितेश है, जो शाकिर के अधीन काम करता था।

- विशेष जांच दल का गठन, आरोपियों में मालिक हिमाचल और सहायक मेरठ का निवासी

### एक दिन बाद चार गुना भीड़

सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला पर एक दिन पहले हुई घटना का कोई असर नहीं दिखा और रविवार को भीड़ बढ़कर चार गुना हो गई। घटना के एक दिन बाद मेला जारी रहने की सूचना पर भीड़ तेजी से बढ़ने लगी। दोपहर दो बजे तक लोगों की संख्या चौंकाने वाली थी। मेला प्रबंधन के अनुसार, रविवार को मेले में 2,25,000 से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

# दिल्ली : पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर कार के अंदर मिले तीन शव

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर रविवार को एक कार में एक महिला सहित तीन लोगों के शव मिले। पुलिस ने बताया कि फ्लाईओवर पर खड़ी कार के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर आपातकालीन कर्मियों को कार के अंदर तीन लोग मृत मिले, जिसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम को सूचित किया गया और इलाके को घेर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों में दो पुरुष और एक महिला हैं। शवों पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं थे और कार में सभी कीमती सामान सुरक्षित थे। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

# हिमंत और गोगोई में चुनाव से पहले आरोप-प्रत्यारोप

## कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तानी एजेंट के साथ गहरे संबंध : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई, उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न और पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के बीच गहरे संबंध हैं तथा खुफिया ब्यूरो (आईबी) से मिली सूचना गुप्त रूप से पड़ोसी देश को दी गई थी। राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरमा ने दावा किया कि जब एलिजाबेथ भारत में काम कर रही थीं, तब शेख उन्हें वेतन देने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम का उल्लंघन किया गया था।

मुख्यमंत्री ने गोगोई पर अधिकारियों को सूचित किए बिना 2013 में गोपनीय ढंग से पाकिस्तान जाने का आरोप लगाया और संदेह जताया कि उन्होंने वहां किसी प्रकार का प्रशिक्षण लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित लोगों ने भारत सरकार को दरकिनार करते हुए स्थानीय निकाय एजेंसियों के साथ काम किया और इसकी जांच असम पुलिस नहीं कर सकती। इसलिए हमने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच कराने की सिफारिश की है।



## हिमंत के प्रेसवार्ता में लगाए आरोप को लेकर गौरव ने कहा- सी ग्रेड सिनेमा से भी बदतर

**गुवाहाटी।** असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा के उनके पाकिस्तानी कनेक्शन संबंधी आरोपों को बेहद बेतुका और झूठा बताकर खारिज कर दिया। साथ ही गोगोई ने हिमंत के प्रेस कांफ्रेंस को सी-ग्रेड सिनेमा से भी बदतर और सुपर फ्लॉप करार दिया।

गोगोई ने एक्स पर कहा कि मुझे दिल्ली और असम के पत्रकारों पर तरस आता है, जिन्हें सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह सी-ग्रेड सिनेमा से भी बदतर थी। तथाकथित चतुर मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए ये आरोप पूरी तरह से बेतुके और झूठे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह सुपर फ्लॉप हमारी परिवर्तन यात्रा के बिल्कुल विपरीत है, जो मुख्यमंत्री और उनके परिजनों द्वारा कब्जा की गई 12,000 बीघा जमीन का पर्दाफाश करने में सफल रही है। गोगोई ने कहा कि सरमा ने मीडिया के सामने खुद को शर्मिंदा किया है। उन्हें बताना चाहिए कि कैसे असम में 4,000 एकड़ की बहुमूल्य संपत्ति हासिल की। जब हम सत्ता में आएंगे, तो हम वह जमीन ले लेंगे और गरीबों और भूमिहीनों में बांट देंगे।



# राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन पर भारत-कनाडा में बनी सहमति

● द्विपक्षीय सहयोग, साझा कार्य योजना पर काम करेंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की है जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यावहारिक सहयोग को सक्षम बनाया जा सके। दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करने पर भी सहमत हुए हैं।

विदेश मंत्रालय ने रविवार शाम कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार को कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार नथाली ड्रुइन से मुलाकात की। यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा संवाद का हिस्सा थी। दोनों पक्षों ने अपने देशों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों में हुई प्रगति पर संतोष जताया। राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को दिशा देने के लिए एक साझा कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की, जिससे दोनों देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप सहयोग को सक्षम बनाया जा सके।

## एजेंसियां मजबूत करेंगी अपने संबंध

बैठक के दौरान यह भी सहमति बनी कि दोनों देश सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे और उनकी संबंधित एजेंसियां आपसी कार्य संबंधों को और मजबूत करेंगी। यह महत्वपूर्ण कदम द्विपक्षीय संचार को सुव्यवस्थित करने और आपसी हित के मुद्दों पर समय पर सूचना साझा करने में सहायक होगा। इनमें विशेष रूप से नशीले पदार्थों के अवैध प्रवाह, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े मामले शामिल हैं।

## वैश्विक सुरक्षा की चिंता बढ़ी

ईरान का परमाणु कार्यक्रम दशकों से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और सुरक्षा चिंताओं का केंद्र बना हुआ है। यह विवाद मुख्य रूप से ईरान द्वारा यूरेनियम संवर्धन की क्षमताओं और इसके पीछे के वास्तविक उद्देश्यों शांतिपूर्ण नागरिक उपयोग बनाम परमाणु हथियार निर्माण को लेकर है। फरवरी 2026 तक की स्थिति के अनुसार, यह विवाद एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर है। जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच हुए 12 दिवसीय युद्ध के बाद, जिसमें ईरान के कई परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था, अब अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता का दौर फिर से शुरू हुआ है लेकिन यह अभी किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंच सका है। इस स्थिति को लेकर दुनिया के देश चिंतित हैं। अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दे रखी है कि यदि वह समझौता नहीं करता तो हमला होगा।

# ईरान परमाणु विवाद



## विवाद की मुख्य जड़

● अमेरिका और सहयोगियों की चिंता : अमेरिका का मुख्य लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। वाशिंगटन का मानना है कि परमाणु सक्षम ईरान क्षेत्र में अधिक शक्ति प्रदर्शन करेगा, जिससे तनाव बढ़ सकता है और इजरायल जैसे अमेरिकी सहयोगियों की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

● ईरान का पक्ष : ईरान लगातार यह कहता रहा है कि उसका कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। वह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने और अपनी संप्रभुता की सुरक्षा के लिए परमाणु तकनीक को एक उपकरण के रूप में देखता है। ईरान का तर्क है कि उसे यूरेनियम संवर्धित करने का कानूनी अधिकार है।

● ईरान का विरोध : ईरान किसी भी ऐसे समझौते का विरोध कर रहा है जो उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर अंकुश लगाए। वह इन मुद्दों को परमाणु वार्ता से अलग रखना चाहता है।

## शुरू हो सकती है परमाणु हथियारों की दौड़

● अमेरिका और उसके सहयोगियों का मानना है कि एक परमाणु संपन्न ईरान न केवल मध्य पूर्व की स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि यह एक नई वैश्विक परमाणु हथियारों की दौड़ को भी जन्म दे सकता है। दूसरी ओर, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को अपना अपरिहार्य अधिकार और राष्ट्रीय गर्व का विषय मानता है। वह परमाणु तकनीक का उपयोग ऊर्जा उत्पादन और वैज्ञानिक प्रगति के लिए करने का दावा करता है। वर्तमान में ईरान ने परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए आवश्यक शुद्धता (वेपन्स-ग्रेड) के बेहद करीब यूरेनियम का भंडार जमा कर लिया है, जिससे वैश्विक चिंताएं चरम पर हैं। ईरान कहता है कि कोई उसे दबाव में नहीं ले सकता है।

## ईरान की वर्तमान स्थिति

● पुनर्निर्माण गतिविधियां : फरवरी 2026 इस्फहान परमाणु स्थल पर नई छतें और मरम्मत का काम देखा गया है।

● सुरक्षा रणनीति : ईरान अपने परमाणु केंद्रों के महत्वपूर्ण हिस्सों को जमीन में और अधिक गहराई में दफन कर रहा है और उन्हें अलग-अलग स्थानों पर फैला रहा है।

● संवर्धन का स्तर : दिसंबर 2024 तक, ईरान ने यूरेनियम को 60% शुद्धता तक संवर्धित कर लिया था, जो हथियार बनाने के लिए आवश्यक 90% के बहुत करीब है।

## नियामक

● संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ईरान पर प्रतिबंध लगाने या उन्हें हटाने का निर्णय लेती है। सुरक्षा परिषद इस मुद्दे पर विभाजित है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी परमाणु केंद्रों की निगरानी के लिए जिम्मेदार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय नियामक है। यह परमाणु केंद्रों की निगरानी करती है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### काहिरा में भारतीय हस्तियों का सम्मान

**नागपुर।** उद्योग, कला और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हस्तियों को काहिरा में हाल में आयोजित लोकमत वन वर्ल्ड समिट में लोकमत ग्लोबल आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह समारोह शुक्रवार को मिस्र के काहिरा में आयोजित किया गया। इसमें कहा गया कि सामाजिक सेवा, उद्योग, कला, संस्कृति और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को 'लोकमत ग्लोबल आइकॉन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### शहीद सिख सैनिकों को याद किया गया

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक मंत्री और भारत सहित सात राष्ट्रमंडल देशों के उच्चायुक्तों ने रविवार को यहां सिख समुदाय के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सिंगापुर-मलाया की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्कालीन अविभाजित पंजाब के विभिन्न समुदायों के 3,318 शहीद सैनिकों के जीवन और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए क्रांजी युद्ध स्मारक में स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इन सिख सैनिकों ने जापानी सेना के खिलाफ लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर की थी।

### जापान में संसदीय चुनावों को मतदान शुरू

**तोक्यो।** जापान में रविवार को संसदीय चुनावों के लिए मतदान शुरू हुआ। प्रधानमंत्री साने ताकाइची को उम्मीद है कि उनकी संघर्षरत पार्टी को इतनी बड़ी जीत मिलेगी कि वह अपना महत्वाकांक्षी रूढ़िवादी राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ा सकें। ताकाइची व्यक्तिगत रूप से काफी लोकप्रिय हैं, लेकिन सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) उतनी लोकप्रिय नहीं है, जिसने पिछले सात दशकों में अधिकतर समय जापान पर शासन किया है। उन्होंने इसी स्थिति को बदलने के लिए अचानक चुनाव कराने का फैसला किया।

### थाईलैंड में संविधान के लिए जनमत संग्रह

**थाईलैंड।** थाइलैंड के नागरिक रविवार को संसद के निचले सदन के 500 सदस्यों को चुनने के लिए मतदान करेंगे और नये संविधान के पक्ष या विपक्ष में वोट देंगे। थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने दिसंबर में संसद को भंग करने की मांग की थी। प्रधानमंत्री के आदेश के लागू होने के 45 दिन से पहले और 60 दिन के बाद नये आम चुनाव नहीं कराने थे। चुनावों के बाद, प्रधानमंत्री का चुनाव उम्मीदवार के लिए डाले गये 251 वोटों से होगा।

# रक्षा, सेमीकंडक्टर व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मलेशिया से बढ़ाएंगे सहयोग

## मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से वार्ता के बाद बोले प्रधानमंत्री मोदी

● प्रधानमंत्री ने शांति और स्थिरता के लिए भी जताई प्रतिबद्धता

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलेशिया ने आतंकवाद से निपटने, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा मजबूत करने, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों का मानना है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है और वे आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में भारत के कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते, पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई के मलेशिया में लागू होने को बड़ा कदम बताया। मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत और मलेशिया के संबंध विशेष हैं।

हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से हमारे लोगों के बीच गहरे और आत्मीय रिश्ते रहे हैं। आज मलेशिया, भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। मोदी ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में हम आतंकवाद रोधी, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा में सहयोग मजबूत करेंगे। दोनों देश रक्षा सहयोग को और व्यापक बनाएंगे। एआई, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति जताई है।



मलेशिया से प्रस्थान करने से पहले हाथ हिलाकर उपस्थित लोगों और कलाकारों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी।

### हम पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र के विकास को प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आसियान को केन्द्र के रूप में प्राथमिकता देता है।

### मलेशिया से रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा समाप्त करके भारत के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि एक यादगार यात्रा समाप्त हुई। मलेशिया की यात्रा के दौरान विशेष गर्मजोशी और मेहमाननवाजी देखने को मिली। हमारे घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिए रवाना हो गए। मोदी की इस यात्रा से कई महत्वपूर्ण परिणाम हासिल हुए हैं।

## मस्क के स्टारलिंक को पाकिस्तान में नहीं मिला प्रवेश

**इस्लामाबाद।** अरबपति व्यवसायी एलन मस्क की स्टारलिंक को डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताओं, मस्क-ट्रंप विवाद और चीनी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा के कारण पाकिस्तान के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में प्रवेश करने का लाइसेंस मिलने में देरी हो रही है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से प्रकाशित खबर में कहा है कि स्टारलिंक उन कई कंपनियों में शामिल है, जिन्होंने पाकिस्तान के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में परिचालन की अनुमति मांगी है, लेकिन विभिन्न अनसुलझे सुरक्षा और भूराजनीतिक मुद्दों के कारण अनुमोदन प्रक्रिया धीमी हो गई है। खबर के मुताबिक, सरकार को पता चला है कि स्टारलिंक पाकिस्तान के निगरानी, नियामक और सुरक्षा ढांचे का उल्लंघन करते हुए कुछ डेटा प्रसारित कर सकता है। खबर में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा गया है, हम पाकिस्तान में उपयोगकर्ताओं के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने और डेटा चोरी रोकने के लिए सुरक्षा जांच के बिना स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं दे सकते। अधिकारियों के अनुसार, मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच विवाद एक और बड़ी वजह है, जिसके चलते पाकिस्तान सरकार सुरक्षा मंजूरी देने में हिचकिचा रही है।

# ताकत की भाषा का हम उसी भाषा में देंगे जवाब

● अमेरिका से वार्ता के बाद बोले ईरान के विदेश मंत्री अराघची

तेहरान, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वे ईरानी लोगों से ताकत की भाषा में बात करेंगे, तो हम उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। अराघची ने अमेरिका से वार्ता में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

वहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने रविवार को कहा कि उनके देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता आगे की दिशा में बढ़ा एक कदम है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में दोस्त सरकारों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत हमेशा से ईरान की चुनी हुई रणनीति रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत हुई। इस बीच, शुक्रवार की बातचीत में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा, कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं। उन्होंने ईरान की राजधानी तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने किसी भी तरह की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज किया।

### ताकतवर के आगे न झुकने से मिलती है ताकत : अराघची

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ हुईं वार्ताओं के बाद कड़ा रुख अपनाते हुए रविवार को कहा कि ताकतवर देशों के आगे नहीं झुकने से ईरान को ताकत मिलती है। तेहरान में एक सम्मेलन में अराघची ने संकेत दिए कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने पर कायम रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए ईरान का यूरेनियम संवर्धन विवाद की जड़ है। अब्बास अराघची के बयान से लगता है इन वार्ताओं में चुनौतियां बाकी हैं।

## शीतकालीन ओलंपिक्स में खलल डालने की कोशिश

● रेलवे के ट्रैक को नुकसान पहुंचाया, बिजली केबल काटे

**मिलान।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फ्रांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक और उससे जुड़ी अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचने की कई घटनाएं सामने आयी हैं। पहली घटना शनिवार सुबह बोलोन्या-वेनिस खंड पर दर्ज की गई, जहां क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। इसके अलावा, बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। इसी मार्ग के उच्च-रफ्तार रेलवे खंड पर बिजली के केबल काटे गए, जबकि बोलोन्या-एंकोना लाइन पर पेसारो के पास एक विद्युत कैबिनेट में आग लगने की सूचना मिली। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह बोलोन्या और पेसारो रेलवे स्टेशनों के पास हुई गंभीर तोड़फोड़ की घटनाएं, जिनसे हजारों यात्रियों को भारी असुविधा हुई।

## रूसी जनरल पर हमले में दो आरोपी हिरासत में लिए

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गयी थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया।

## जाने माने नेपाली अभिनेता सुनील थापा का निधन

● मनोज वाजपेयी, प्रियंका चोपड़ा ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** नेपाल के जाने माने अभिनेता सुनील थापा का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। थापा ने हिट सीरीज 'द फैमिली मैन' और फिल्म 'मेरी कॉम' में अभिनय किया था। द काठमांडू पोस्ट के अनुसार, थापा को राजधानी काठमांडू के थापाथली स्थित नॉर्विक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शंखमूल स्थित अपने अपार्टमेंट में बेहोश पाए जाने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई और चिकित्सकों को संदेह है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने इंस्टाग्राम पर अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। अभिनेत्री ने फिल्म 'मेरी कॉम' में थापा के साथ अभिनय किया था। वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें मनोज वाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। वाजपेयी ने उनके निधन को दुखद बताया। थापा ने नेपाली फिल्मों के अलावा कई हिंदी और तमिल एवं भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने 1981 में कमल हासन और रति अग्निहोत्री अभिनीत एक दूजे के लिए से हिंदी फिल्म में पदार्पण किया।

# ऐसा लगता है जैसे डलास में नहीं आप पाकिस्तान में

● अमेरिकी सांसद ने कुछ क्षेत्रों के इस्लामीकरण पर जताई चिंता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के एक सांसद ने टेक्सास राज्य के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में हो रहे इस्लामीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वहां के स्थानीय मॉल में जाकर ऐसा लगता है जैसे आप डलास में नहीं पाकिस्तान में हैं। सांसद ब्रैंडन गिल ने रियल अमेरिकाज वॉयस के साथ साक्षात्कार में कहा कि मुझे अपने मतदाताओं से शिकायतें मिलती रहती हैं जो डलास क्षेत्र के इस्लामीकरण से बेहद चिंतित हैं।

रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को उन मस्जिदों के बारे में सुनने को मिल रहा है जो उस जमीन के पास बन रही हैं जिस पर उनका या उनके परिवार का पीढ़ियों से मालिकाना हक रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा समुदाय बदल रहा है। आप अपने क्षेत्र के लोगों को अपने स्थानीय मॉल में जाने की बात करते हुए सुनते हैं और जब आप चारों ओर देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि आप डलास, टेक्सास में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में हैं। कहा कि बड़े पैमाने पर हो रहा इस्लामीकरण अमेरिका को खत्म कर रहा है।



## किम जोंग पेश करेंगे पांच साल की रणनीति


**सियोल।** उत्तर कोरिया इस महीने के अंत में एक बड़ा पार्टी सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है, जिसमें नेता किम जोंग उन अगले पांच वर्षों के लिए देश की घरेलू और विदेश नीति की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' का यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम तेज किए हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस के साथ उसके रिश्ते और गहरे हुए हैं, लेकिन इससे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ उसका तनाव भी बढ़ गया है। इस तरह का सम्मेलन इससे पहले किम ने वर्ष 2016 और 2021 में आयोजित किया था। पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो की बैठक में फैसला लिया गया कि सम्मेलन फरवरी के अंत में आयोजित होगा।

## आज का भविष्यफल

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी पूर्ण रात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पूर्व, **ऋतु**– शिशिर।
**चन्द्रबल**– मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**– भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**–विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। संपत्ति के मामले काफी अनुकूल रहेंगे। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। विलासिता के संसाधनों में धन खर्च हो सकता है।

**वृष** – आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही उत्तम रहने वाला है। छोटे-मोटे खर्चों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नए अनुबंध करने पड़ सकते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहें जो नकारात्मक बातें करते हों।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आपको अधिक काम करना पड़ेगा। व्यवसायियों की आय में वृद्धि की संभावना बन रही है। परिवार में आपसी तालमेल बेहतरीन रहेगा। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कर्क** – आज परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कंजूसी न करें। मानसिक अशान्ति का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह** – आज आपकी कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। शेयर मार्केट से अपेक्षित धन लाभ प्राप्त होगा। आज जल्दी में सभी काम निपटाने की कोशिश करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक रहेंगे। जॉब को लेकर थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्या** – आज पारिवारिक वातावरण सुखमय रहेगा। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत गंभीर रहेंगे। सम्मानित लोगों का मार्गदर्शन मिल सकता है। किसी परिजन के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें। वाणी में तीखापन रहेगा।

**तुला** – आज आपको कोई अवार्ड मिल सकता है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी। पूर्व में लिए गए निर्णय आपको आज लाभ पहुंचायेंगे। छोटे स्तर पर किया गया व्यवसाय लाभप्रद होगा। दूसरों पर आपको निर्भर रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ा परेशानी हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के लिये समय अवश्य निकालें। अनिद्रा की शिकायत हो सकती है।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। लोग आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग में आपको भारी छूट का लाभ मिल सकता है।

**मकर** – आज आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे समय पर पूर्ण कर लेंगे। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबार के लिए आपको रणनीति बनानी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ प्राप्त होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज अपने विचारों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहेंगे। व्यवसाय में धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। विचारों की अभिव्यक्ति में खुलेपन के कारण लोग आपका अपमान कर सकते हैं। घर में मेहमान आने की सम्भावना है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन** – आज पुराने लोन को लेकर परेशानी हो सकती है। विरोधियों को कमजोर समझने की भूल न करें। विवादित मामलों पर चर्चा करने से बचें। लोग आपके जिद्दी व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। आज अधिक क्रोध न करें।

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |

### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |



"शुक्र है कि हम जीत गए। नेपाली खिलाड़ी बहुत अच्छा खेले। बहुत कम टीमें आदिल राशिद को इस तरह खेल पाती हैं जैसे उन्होंने खेला। मुझे लग रहा था हम इस स्कोर का आसानी से बचाव कर लेंगे, लेकिन वे बहुत अच्छा खेले। मैं उन्हें बाकी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।
–हैरी ब्रूक, इंग्लैंड के कप्तान


# स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार, 9 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| इटली–स्कॉटलैंड | सुबह 11 बजे |
| ओमान–जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| कनाडा–दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत

**मुंबई।** अंडर–19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का रविवार को यहां भव्य स्वागत हुआ जिसमें खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में प्रशंसक इन युवा नायकों का स्वागत करने पहुंचे। भारत ने शुक्रवार को जिम्बाब्वे के हरारे में हुए फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। मुंबई हवाई अड्डे पर कप्तान म्हात्रे और स्टार सलामी बल्लेबाज सूर्यवंशी ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जहां प्रशंसक और परिवार के सदस्य उनका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे थे। म्हात्रे का पूरा परिवार मौजूद थे जिसमें उनके माता–पिता के अलावा चाची और बहनोई शामिल थे। म्हात्रे के पिता योगेश कमलाकर म्हात्रे ने कहा हमारे पास इस खुशी के लिए कोई शब्द नहीं हैं क्योंकि वे इतने साल से जो कड़ी मेहनत कर रहे थे, उसका फल आज मिला है।

### सूर्यकुमार यादव में आ गया धोनी जैसा ठहराव : हरमीत सिंह

**मुंबई।** दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने और सूर्यकुमार ने कभी सोचा था कि सूर्यकुमार का कैरियर इस तरह से आगे जायेगा, हरमीत ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था।

### तेजस्विन ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स में दिलाया स्वर्ण पदक

**तियानजिन (चीन)।** तेजस्विन शंकर ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरुषों की हेप्टाथलन स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जिससे भारत की झोली में कुल पांच पदक गिरे। भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा। चीन ने दस स्वर्ण समेत 34 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। शंकर ने हेप्टाथलन में 5993 अंक बनाकर 2021 में अमेरिका में बनाया 5650 अंक का अपना राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड तोड़ा। उनके अलावा पूजा ने ऊंची कूद में रजत, तेजिंदर पाल सिंह तूर ने शॉटपुट में रजत और एंसी सोजन ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। पहले दिन ऊंची कूद में आदर्श राम ने कांस्य जीता था। शंकर के नाम राष्ट्रीय डेकाथलन का भी रिकॉर्ड है जो उन्होंने पोलैंड में बनाया था। पुरुषों की शॉटपुट में तेजिंदर ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 20.05 मीटर का थ्रो फेंक रजत पदक जीता।

# उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड नेपाल को चार रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : लोकेश बाम ने 20 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेल बढ़ाया रोमांच

**मुंबई, एजेंसी**

दो बार की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप सी के बेहद रोमांचक मुकाबले में नेपाल की चुनौती से निपटते हुए अंत में चार रन की करीबी जीत दर्ज की। नेपाल इस मुकाबले में उलटफेर कर इतिहास रचने के बहुत करीब पहुंच गया था।

उसने इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में छह विकेट पर 180 रन बनाए। लोकेश बाम (20 गेंद में नाबाद 39 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल की उलटफेर भरी जीत की उम्मीद बनाए रखी, लेकिन आखिरी ओवर में जीत नहीं दिला सके।

आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी, लेकिन नेपाल के लिए बाउंड्री नहीं लग सकी। इस तरह बल्ले से उनका शानदार प्रदर्शन करीबी हार से खत्म हो गया। सैम करन ने अंतिम ओवर में लगातार यॉर्कर फेंकीं और नेपाल की टीम सिर्फ पांच रन ही बना पाई। लेकिन फिर भी 17,000 से ज्यादा प्रशंसक वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने नेपाल को अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते देखा। कप्तान रोहित पौडेल (39), दीपेंद्र सिंह ऐरी (39), कुशाल भुर्तेल (29) और लोकेश बसम (चार चौके, दो छक्के) ने शानदार जज्बा दिखाया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। नेपाल को आखिरी तीन ओवर में 46 रन चाहिए थे तब बाम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने जोफ्रा आर्चर के 18वें ओवर में दो छक्के और 19वें ओवर में ल्यूक वुड पर लगातार दो चौके लगाए।

भुर्तेल ने शुरुआत में तेजी से रन जुटाए जबकि पौडेल और ऐरी के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की मजबूत साझेदारी ने नेपाल को मजबूती दी। नेपाल ने आसिफ शेख (07) के रूप में शुरुआती विकेट गंवा दिया था लेकिन भुर्तेल ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर लय बनाई। लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए।

14वें ओवर में पौडेल ने रन गति बढ़ाकर नेपाल को लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। उन्होंने इंग्लैंड के सबसे सीनियर गेंदबाज राशिद खान के ओवर में छक्का और चौका लगाया। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद ऐरी और पौडेल की लय टूट गई। ऐरी ने 15वें ओवर में सैम करन की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद पौडेल भी लियाम डॉसन की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर फिल साल्ट के हाथों कैच आउट हुए।

इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) और जैकब बेथेल (55 रन) के अर्धशतकों से सात विकेट पर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज बेथेल ने टी20 विश्व कप पदार्पण में तेज अर्धशतक से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंद में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। कप्तान ब्रूक 32 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से एक महत्वपूर्ण पारी खेलने के बाद आउट हो गए। उन्होंने बेथेल के साथ चौथे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की।

नेपाल के गेंदबाजों ने अपनी तरफ से कड़ी चुनौती पेश की। शेर मल्ला ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर फिल साल्ट (01) को कैच आउट करवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नंदन यादव ने पांचवें ओवर में जोस बटलर (26) का अहम विकेट लिया जो बेथेल के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे।





लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने से निराश नेपाल के बल्लेबाज लोकेश बाम। अखिरी ओवर में इंग्लैंड के लिए शानदार ओवर करने वाले सैम करन को बधाई देते साथी खिलाड़ी। एजेंसी

# कामिंदु, कुसल ने श्रीलंका को 163 रनों तक पहुंचाया

**कोलंबो।** कामिंदु मेंडिस के 19 गेंद में 44 रन और कुसल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक के दम पर श्रीलंका ने खराब शुरूआत के बाद आयरलैंड के खिलाफ रविवार को टी20 विश्व कप के मैच में छह विकेट पर 163 रन बनाए। विकेटकीपर कुसल ने 43 गेंद में पांच चौकों की मदद से 56 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये कामिंदु के साथ 67 रन की साझेदारी की। कामिंदु ने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 14वें ओवर में चार विकेट पर 86 रन था। श्रीलंका को आयरलैंड के खराब क्षेत्ररक्षण का भी फायदा मिला जिसने कुछ कैच टपकाये। पहले गेंदबाजी चुनने का आयरलैंड का फैसला सही साबित होता दिखने लगा जब श्रीलंका पहले चार ओवर में 28 रन ही बना सका और कामिल मिशारा (14) का विकेट भी गंवा दिया। मिशारा को एक जीवनदान भी मिला जिसका वह फायदा नहीं उठा सके और मार्क एडेयर की धीमी गेंद पर मिडआफ में कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका ने 23 गेंद में 24 रन बनाये। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रे को डीप स्क्वेयर लेग पर छक्का लगाया तो ऐसा लग रहा था कि वह बड़ी पारी खेलेंगे। कुसल मेंडिस ने बैरी मैकार्थी को छठे ओवर में तीन चौके लगाकर श्रीलंका को पावरप्ले के बाद एक विकेट पर 50 रन तक पहुंचाया। इसके बाद आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने बायें हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल को गेंद सौंपी जिन्होंने पहले ओवर में चार ही रन दिए। डॉकरेल ने धीमी गेंद पर निसांका को ललचाया जो कवर में स्टर्लिंग को कैच दे बैठे। इसके बाद उनका अगला शिकार पवन रत्नायके बने जो खराब शॉट खेलने के चक्कर में विकेट गंवा बैठे। श्रीलंका का स्कोर 11वें ओवर में तीन विकेट पर 68 रन था। डॉकरेल ने 17 रन देकर दो विकेट चटकाये। जेरेथ डेलानी ने दुनिथ वेलालागे को पवेलियन भेजकर श्रीलंका की मुश्किलें बढा दी। इसके बाद हालांकि कामिंदु और कुसल ने पारी को संभाला।



ताबड़तोड़ पारी के दौरान शॉट लगाते श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस। एजेंसी

# सीफर्ट और गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान पर जीत दिलाई

**चेन्नई, एजेंसी**

टिम सीफर्ट के तेजतर्रार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

अफगानिस्तान के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर सीफर्ट की 42 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 65 रन की पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सीफर्ट ने ग्लेन फिलिप्स (42 रन, 25 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 74 रन की साझेदारी भी की जिससे न्यूजीलैंड की टीम दूसरे ओवर में 14 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही।

अफगानिस्तान ने अनुभवी गुलबदिन नायब (63 रन, 35 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के शानदार अर्धशतक और सेदिकुल्लाह अटल (29 रन, 24 गेंद) के बीच उनकी तीसरे विकेट की 51 गेंद में 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 182 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड को स्पिनर मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) ने दूसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (01) और रचिन रविंद्र (00) को लगातार गेंदों पर बोल्ड करके दोहरा झटका दिया। सीफर्ट ने इसके बाद फिलिप्स के साथ मिलकर पारी को संभाला। उन्होंने ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी की गेंद पर छक्के के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। फिलिप्स ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को निशाना बनाते हुए उनकी लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। राशिद ने फिलिप्स को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा जबकि नवी ने सीफर्ट को अजमतुल्लाह उमरजई के हाथों कैच कराके अफगानिस्तान को वापसी दिलाने की कोशिश की। मार्क चैपमैन (28), डेरिल मिचेल (नाबाद 25) और कप्तान मिचेल सेंटनर (नाबाद 17) ने हालांकि न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को न्यूजीलैंड की अनुशासित गेंदबाजी के सामने मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गुलबदिन और सेदिकुल्लाह ने अच्छी साझेदारी की लेकिन बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना पाए।



अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान।



शॉट लगाते न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट। एजेंसी

# पीसीबी से बात करने लाहौर पहुंचे आईसीसी के उपाध्यक्ष

**कराची, एजेंसी**

- भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का मामला

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के पाकिस्तान के प्रस्तावित बहिष्कार पर जारी गतिरोध को सुलझाने की कोशिशों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों से मिलने के लिए लाहौर पहुंच गए। आईसीसी में सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने वाले ख्वाजा वैश्विक संचालन संस्था में एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और एसोसिएट सदस्य निदेशक के तौर पर बोर्ड में उनके पास मतदान का अधिकार है। पीसीबी के करीबी एक सूत्र ने पुष्टि की है कि ख्वाजा को आईसीसी बोर्ड ने इस विवादास्पद विषय पर मध्यस्थ के रूप में नामित किया है।

सूत्र ने कहा वह (ख्वाजा) पिछले कुछ समय से मोहसिन नकवी से बातचीत कर रहे हैं और वह आज लाहौर पहुंच रहे हैं जिससे कि आज शाम वर्चुअल बैठक से पहले पीसीबी प्रमुख और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से बात कर सकें। अमीनुल पहले से ही लाहौर में हैं और रविवार को नकवी से मिल चुके हैं। उम्मीद है कि अमीनुल उन चर्चाओं का हिस्सा होंगे जिनका मकसद पाकिस्तान को 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ नहीं खेलने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए मनाना है। दोनों अधिकारी ख्वाजा और अमीनुल का हवाई अड्डे पर पीसीबी अधिकारियों ने स्वागत किया जो उन्हें गद्दाफी स्टेडियम ले गए जहां उन्हें बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी से मुलाकात करनी है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि ख्वाजा और अमीनुल दोनों नकवी से बात करके बाद में आईसीसी संचालन बोर्ड के कुछ सदस्यों से वर्चुअल बात करेंगे। सूत्र ने कहा कि आईसीसी अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रही है कि पीसीबी अपनी टीम को 15 फरवरी का मैच खेलने की अनुमति सरकार से दिलाए। नकवी ने भारत मैच के बहिष्कार के सरकार के निर्देशों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं की है।

# भारत–नीदरलैंड्स के बीच पांचवां मैच होगा निर्णायक

## डेविस कप क्वालीफायर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश युगल मुकाबला जीते तो नागल उलट एकल हारे

युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबला जीता लेकिन उलट एकल में सुमित नागल के हारने के बाद अब भारत और नीदरलैंड के बीच डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले का फैसला निर्णायक पांचवें मैच से होगा।

नागल एक सेट जीतने के बाद दुनिया के 88वें नंबर के खिलाड़ी जेस्पर डि जोंग से करीब तीन घंटे तक मुकाबला 7-5, 1-6, 4-6 से हार गए। अब मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद नजरें पांचवें मुकाबले पर लगी है जिसमें भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश का सामना गाय डि ओडेन से होगा जिसने शनिवार को नागल को हराया था। इससे पहले युगल मुकाबले में दक्षिणेश्वर और भांबरी ने डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को 2-1 से बढत दिला दी थी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ। दोनों टीमों के लिये यह अहम मुकाबला था क्योंकि कल स्कोर 1-1 से बराबर था। भाम्बरी की सर्विस पर लगातार दबाव था खासकर सातवें गेम में जब उनकी पहली सर्विस कमजोर पड़ गई थी। जब स्कोर 30.30 से बराबर था तब 'डबल फॉल्ट' से नीदरलैंड को ब्रेक प्वाइंट मिला पर भाम्बरी ने सटीक रिटर्न से जवाब देकर खतरे को टाल दिया।



जश्न मनाते भारत के युकी भांबरी (बाएं से दूसरे) और दक्षिणेश्वर सुरेश (दाएं)। एजेंसी

# भारत ने बॉक्सैम एलीट 2026 में नौ स्वर्ण पदक जीते

**ला नूसिया (स्पेन)।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को सात एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सैम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल रहा।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा बॉक्सैम एलीट ने मुक्केबाजों को वैसा ही अनुभव दिया जिसकी हम सत्र के इस चरण में तलाश कर रहे थे।

**बदली किस्मत** | कभी इंग्लैंड में चलाते थे टैक्सी अब वर्ल्ड कप में कर रहे भागीदारी

# इटली टीम से धूम मचाने को तैयार पंजाब के जसप्रीत

**चेन्नई, एजेंसी**

चलो! हम हिंदी में बात करेंगे। इटली के एक क्रिकेटर के साक्षात्कार से पहले आपको यह पंक्ति अक्सर सुनने को नहीं मिलेगी। लेकिन जसप्रीत सिंह ने 22 साल पहले 10 साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ बर्गमो जाने के बावजूद ना तो अपनी भाषा और ना ही पंजाब के अपने गृहनगर फगवाड़ा से अपना जुड़ाव भुलाया है। इटली में शुरुआती दिन आसान नहीं थे क्योंकि उनके पिता तीरथ सिंह और मां जसवीर कौर को एक अनजान शहर में फैक्ट्री मजदूर के तौर पर काम करना पड़ा।

जसप्रीत ने पीटीआई को बताया जब हमें इटली जाने का मौका मिला तो यह मेरे परिवार के लिए एक बड़ा दिन था। लेकिन हम थोड़े चिंतित भी थे क्योंकि यह एक नया देश, नई भाषा और नई संस्कृति थी। सब कुछ हमारे लिए नया था। लेकिन मैं सोच रहा था कि क्रिकेट कैसे खेलूं जो मैं अपने शहर में बचपन में खेला करता था। क्रिकेट के मामले में इटली जैसे देश में जाना मुश्किल था क्योंकि इस यूरोपीय देश में शायद ही कोई उचित बुनियादी ढांचा था। वह स्थानीय बर्गमो क्रिकेट क्लब से जुड़ गए जो अधिक से अधिक एक मामूली सुविधा थी लेकिन उन्होंने अपने पिता के काम में मदद करने के लिए दो साल का इलेक्ट्रीशियन का कोर्स भी पूरा किया। हालांकि जसप्रीत को जल्द ही स्थानीय गुरुद्वारे में मिले कुछ भारतीय प्रवासियों की मदद से अपने क्रिकेट कौशल को बेहतर बनाने का एक तरीका मिल गया।

उन्होंने उसे टर्फ विकेट पर क्रिकेट खेलने के लिए इंग्लैंड जाने को कहा और बर्मिंघम में रहते हुए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए उसे उबर ड्राइवर के तौर पर भी काम करना पड़ा। जसप्रीत ने कहा जब मैं बच्चा था तो भारत में क्रिकेट खेलता था और जब मैं इटली गया तो मैं वही करना चाहता था। लेकिन जब मैं इटली गया तो वहां क्रिकेट नहीं था, कोई असली स्टेडियम या ग्राउंड नहीं थे, जैसे मैंने पंजाब में देखे थे। बर्मिंघम एवं जिला प्रीमियर लीग में खेलने वाले 32 वर्षीय जसप्रीत ने कहा जब मुझे इसके बारे में पता चला तो मैं इंग्लैंड जाकर वहां खेलने लगा।




### हमारे लिए है एक अद्भुत एहसास

जसप्रीत ने कहा भारत की यात्रा सिर्फ अपनी मातृभूमि में वापसी नहीं है बल्कि देश में विश्व स्तरीय क्रिकेट सुविधाओं का अनुभव करने का भी एक मौका है। यह हमारे लिए एक अद्भुत एहसास है। मैं बचपन से इन मैदान को देखता आ रहा हूं। हमारे महान दिग्गज जैसे कपिल देव, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली इन मैदान में खेले हैं। जसप्रीत ने कहा यहां आकर उस माहौल में खेलना... चिदंबरम स्टेडियम (अभ्यास मैच), ईडन गार्डन्स, वानखेड़े। यह हम सभी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हम यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा हम सिर्फ विश्व कप में हिस्सा लेने नहीं आए हैं, हम मुकाबला करने भी आए हैं।